* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 326

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने करम पर्व की दी बधाई

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



वीर शहीदों की पावन भूमि झारखण्ड में

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

जी का हार्दिक अभिनंदन
और जोहार

15 सितम्बर, 2024



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 335846 (IPRD) 24-25

www.epaper.azadsipahi.in

15 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 326

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आयेंगे जमशेदपुर

अमित यादव, नवनीत हेंब्रम और जेपी वर्मा ने थामा भाजपा का दामन

■ काम करने के लिए नहीं, बल्कि कमाने के लिए बनी है हेमंत सरकार: बाबूलाल मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने का रखती है विचार

हेमंत सरकार हटानी है, डबल इंजन की सरकार बनानी है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शनिवार को बरकट्ठा के निर्दलीय विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जेपी वर्मा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर नवनीत हेंब्रम ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित कई नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को राज्य के सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद पर जम कर निशाना साधा। श्री मरांडी शनिवार को पूर्व विधायक जेपी वर्मा, विधायक अमित यादव और पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम द्वारा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के सदस्यता ग्रहण के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने सदस्यता ग्रहण के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। करम पर्व की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी झामुमो अब परिवार की भी नहीं, बल्कि केवल पति-पत्नी की पार्टी बन कर रह गयी है। कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार काम करने के लिए नहीं, बल्कि कमाने के लिए बनी है। इस सरकार ने अपने एक भी वादे पूरे नहीं किये। बताने के लिए इस सरकार के पास पांच काम भी नही हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने नौकरी और बेरोजगारी भत्ता नहीं दिये, लेकिन अब तक नौकरी के नाम पर 17 युवाओं को मौत जरूर दी है। कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवराज को अब भारत का लोकतंत्र नहीं बल्कि चीन का तानाशाह पसंद आ रहा। हजारों सिखों की हत्या करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी सिख समुदाय के बारे में विदेश की धरती पर गलतबयानी कर रहे। कांग्रेस पार्टी को न देश से प्रेम है, न देश वासियों से। यह कांग्रेस अब तो देश के संविधान में दलितों पिछड़ों, आदिवासियों को मिले आरक्षण को भी समाप्त करने को सोच रही। उन्होंने आह्वान किया कि इस ठगबंधन और जनविरोधी नीतियों को जैसे लोकसभा चुनाव में जनता ने नकारा और मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा किया। उसी प्रकार से झारखंड से भी भ्रष्ट निकम्मी ठगबंधन सरकार को हटा कर डबल इंजन की सरकार भाजपा के नेतृत्व में बनाने का संकल्प लें।

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि आज भाजपा के प्रति जन-जन में झुकाव बढ़ रहा। उन्होंने कहा कि नवनीत हेंब्रम जैसे लोग पुलिस की अच्छी नौकरी छोड़ कर राजनीति के कठिन मार्ग के पथिक बन रहे यह देश के लिए, राज्य के लिए शुभ लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि हमें मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुए प्रदेश में भी एक मजबूत भाजपा एनडीए की सरकार बनाने को संकल्पित होना है। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की जनता का भरोसा बढ़ा है। प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ज्वाइनिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा झारखंड की पीड़ा जानती है। भाजपा ने ही अलग राज्य के सपने को साकार किया। भाजपा की सरकार ही इसे सजायेगी, संवारेगी।

मैं अपनी पूरी ताकत झोंक दूंगा: अमित यादव

सदस्यता ग्रहण करते हुए विधायक अमित यादव ने कहा कि निर्दलीय होकर भी मैं सदा दल के साथ रहा। आज इसकी संवैधानिक औपचारिकताएं पूरी हो रहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेवारी देगी, मैं उसे पूरा करूंगा।

पूर्व विधायक जेपी वर्मा ने कहा कि अपने घर में आकर पूर्ण महसूस कर रहा। यह पार्टी एक विशाल महासमुद्र है। कहा कि पार्टी से मेरा पुराना नाता है। जितना दिन दूर रहा, वह मेरे जीवन का काला अध्याय है।

पूर्व डीएसपी नवनीत हेंब्रम ने कहा कि राज्य की पीड़ा को दूर करने, एक खुशहाल और विकसित झारखंड बनाने के संकल्प के साथ मैंने राजनीति को अपनाया है। भाजपा जन भावनाओं को समझते हुए विकासोन्मुख पार्टी है। राष्ट्र सेवा के स्पष्ट विचार नीति और नेतृत्व के साथ पार्टी देश समाज की सेवा कर रही। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता विजय चौरसिया ने किया। सदस्यता ग्रहण करनेवालों में झामुमो से दिनेश वर्मा, अमित पांडे, वीरेंद्र मंडल, अरुण राणा, राजू शर्मा, विकास पाठक, सुनील रवानी, दिलचंद्र वर्मा, प्रयाग वर्मा, रत्न गुप्ता, जितेंद्र हाजरा, बसंत वर्मा सहित सैकड़ों शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर साधा निशाना

संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ: हेमंत सोरेन

■ हर माह भाजपा ने सरकार गिराने की पुरजोर कोशिश की

■ विधायकों को खरीदने में अरबों लगाये, मुझे जेल भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने हर महीने हम झारखंडियों की सरकार गिराने की पुरजोर चेष्टा की। इससे भी नहीं हुआ तो मुझे जेल भेजा। चंपाई सोरेन सहित अन्य लोगों की इशारा करते हुए कहा कि विधायकों को खरीदने में अरबों लगाये। हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट किया। इसके बावजूद आप झारखंडी भाई-बहनों के प्रेम और अपनत्व के कारण वे अपने जहरीले मंजूबों में कामयाब नहीं हो पाये। अब आपकी सरकार आपकी सेवा में और तेज गति से काम कर रही है।

हमें सतर्क रहना होगा: सीएम ने अपने इरादे जाहिर करते हुए कहा कि संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। हमें सतर्क रहना होगा और अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करनी होगी। राजनीतिक अस्थिरता के बावजूद, हमारा ध्यान विकास और जनकल्याण पर केंद्रित है। हम सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी है लड़ाई : सीएम ने लिखा कि आदिवासी-मूलवासी समुदायों के अधिकारों और संस्कृति को संरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है, ताकि हर रुपया जनता की भलाई में खर्च हो। आप सभी के समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद। हमसब मिलकर समृद्ध और न्यायसंगत झारखंड का निर्माण करेंगे।

भाजपा सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिये : सीएम ने कहा है कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड रद्द करने से पहले कुछ भी नहीं सोचा। उन्हें इसमें चंद रुपये बचते दिखे। इनके पास अरबों खर्च कर विधायक खरीदने के लिए पैसों की कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने करम पर्व की दी बधाई

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को प्रकृति पूजा करम पर्व की बधाई दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के एक्स पर लिखा कि प्रकृति पूजा करम पर्व के पावन अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ मानव जीवन की एकरूपता और भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं सम्मान को दशार्ता यह पावन पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाए, आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।



www.epaper.azadsipahi.in

15 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 326

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

आप काम पर लौटिए मांगों पर विचार करूंगी : ममता



सबका साथ
सबका विकास....

भगवान बिरसा मुंडा

की पावन धरती पर

यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी

का हार्दिक

स्वागत

डॉ. प्रदीप वर्मा

राज्य सभा सांसद सह
भाजपा प्रदेश महामंत्री
झारखंड

आजाद सिपाही
रांची, रविवार,15 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

जब चंपाई सोरेन और जेएमएम समर्थक हुए आमने-सामने, फिर भी

न कोई टशन न कोई खटास, पूरा सम्मान

- चंपाई ने जेएमएम को सींचा है, यह कार्यकर्ता नहीं भूले हैं
- क्षेत्र में ऐसे ही कोल्हान टाइगर के नाम से प्रचलित नहीं हैं चंपाई

यों तो आज की भारतीय राजनीति में एक-दूसरे के विरोधी दलों के तेवर खूब देखने को मिलते हैं। गिला-शिकवा भी खूब सुनने को मिलती है। एक दूसरे की पोल-पट्टी खोलने के अनगिनत दृष्टांत हैं। साथ छूटते ही नेता भाषा की मर्यादा तोड़ देते हैं, व्यवहार को दागदार बना देते हैं। यहां तक कि घर-परिवार पर भी व्यक्तिगत आक्षेप की झड़ी लगा देते हैं। लंबे समय तक जिसके साथ उन्होंने गुजारा, दुख-दर्द बांटे, एक साथ मिल कर पार्टी को सींचा, उसकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया, उन बातों को एक पल में बिसार देते हैं। उनमें ऐसा वैमनस्यता का भाव देखने को मिलने लगता है, जिसकी कल्पना इंसान से तो नहीं की जा सकती। यह भारतीय राजनीति की बड़ी बीमारी बन गयी है और इस बीमारी के कमोबेश सभी शिकार हो रहे हैं। लेकिन पिछले गुरुवार को बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के केरोकोचा गांव में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो निश्चित रूप से सुकून देनेवाला है। यह सब कुछ देखने को मिला चंपाई सोरेन और झामुमो कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम में। अवसर था शहीद साबुआ हांसदा का शहादत दिवस। इस अवसर पर दोनों तरफ से काफी संख्या में समर्थक जुटे थे, अपने-अपने झंडे के साथ, लेकिन सुकून देनेवाली बात यह रही है कि न तो चंपाई सोरेन के समर्थकों ने झामुमो समर्थकों के मान-सम्मान को ठेस पहुंचायी और न ही झामुमो के कार्यकर्ताओं ने। वहां क्या कुछ देखने को मिला और वह भारतीय राजनीतिज्ञों को क्या संदेश देता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

दिन गुरुवार। तारीख 12 सितंबर। आजाद सिपाही की टीम बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के कोकपाड़ा टोल नाके के पास थी। अवसर था शहीद साबुआ हांसदा का शहादत दिवस को कवर करना। इस बार साबुआ हांसदा का शहादत दिवस इस लिए भी खास था, क्योंकि भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार चंपाई सोरेन शहीद स्थल पर आनेवाले थे। वैसे पूर्व में जेएमएम की तरफ से कई बार मुख्य अथिति के तौर पर चंपाई सोरेन इस कार्यक्रम में शिरकत करते रहे हैं। हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन भी प्रमुखता से इस अवसर पर आते रहे हैं। इस बार शुरू-शुरू में जेएमएम की ओर से कल्पना सोरेन के आने की चर्चा थी। दोनों ओर से भारी संख्या में समर्थकों के जुटान के भी कयास लागये जा रहे थे। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी यह दिन हमेशा से चर्चा में रहा है। लेकिन इस बार वहां का नजारा दिलचस्प होने की चर्चा जोरों से थी। दोनों के समर्थकों का जुटान चर्चा का केंद्र बना हुआ था। हमारी टीम केरोकोचा गांव की ओर बढ़ रही थी। अचानक देखा कि करीब तीन हजार मोटरसाइकिल टोल नाके से पहले खड़ी थी। हर मोटरसाइकल करीब दो-दो लोग बैठे थे। भीड़ देख कर हमने अपनी गाड़ी रोक दी। हमें पता था कि चंपाई सोरेन केरोकोचा गांव जानेवाले हैं और वहां शहीद साबुआ हांसदा को श्रद्धांजलि देंगे। मोटरसाइकिल रैली की भी बात पता थी। सो हम वहीं रुक गये और चंपाई सोरेन का इंतजार करने लगे। इसी बीच एक अनोखी चीज देखने को मिली। चूंकि जेएमएम का भी कार्यक्रम केरोकोचा गांव में था और कल्पना सोरेन की भी आने की चर्चा थी। जेएमएम हर साल 12 सितंबर को शहीद साबुआ हांसदा का शहादत दिवस बड़े पैमाने पर मनाता आ रहा है। कई कार्यक्रमों का भी आयोजन करवाता रहा है। इस बार 37वां शहादत दिवस मनाया जा रहा था। जैसे-जैसे हम शहादत स्थल कीओर बढ़ रहे थे, जेएमएम के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में सड़कों पर दिखाई दे रहे थे। लेकिन यहां गौर करनेवाली बात यह रही कि जब भी जेएमएम ओर चंपाई के कार्यकर्ता आमने-सामने होते तो वैसी हूटिंग देखने को नहीं मिली। इक्का-दुक्का समर्थकों ने चंपाई सोरेन की तरफ से जय श्रीराम का नारा जरूर लगाया, लेकिन कटुता का भाव देखने को नहीं मिला। भारतीय राजनीति में यह बात सुकून देनेवाली है। खैर चंपाई सोरेन कोकपाड़ा टोल नाका के पास पहुंचे। हजारों की संख्या में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। मैंने भी उनसे थोड़ी देर बात की। सवाल पूछा कि शहादत स्थल पर क्या संकल्प लेने जा रहे हैं। उनका जवाब था कि वह हर साल श्रद्धांजलि अर्पित करने जाते हैं। उनका कहना था कि आप यह जो भीड़ देख रहे हैं, यह परिवर्तन की लहर है, आने वाले दिनों में भाजपा की सरकार बनेगी। मैंने उनसे पूछा कि झारखंड को लेकर आपका क्या विजन है। उनका

कहना था कि परिवर्तन होने के बाद झारखंड को अच्छे से संवारेंगे। हर समस्या का समाधान करेंगे। वहीं मैंने जब जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो से पूछा कि क्या भाजपा कार्यकर्ताओं का समर्थन चंपाई सोरेन को मिल रहा है। उनका कहना था कि बिल्कुल मिल रहा है। आने वाले दिनों में मजबूती के साथ हेमंत सरकार का सफाया होगा। उसके बाद आजाद सिपाही की टीम शहीद साबुआ हांसदा के शहादत स्थल पर पहुंची। वहां जेएमएम के कार्यकर्ता और नेता माल्यार्पण कर, थोड़ी दूर पर सभा स्थल पहुंच रहे थे, जहां जेएमएम का कार्यक्रम भी चल रहा था। इस बीच चंपाई सोरेन के समर्थकों का भी जुटान शहीद स्थल पर होना शुरू हुआ। लेकिन यहां भी दोनों ओर के समर्थकों में कोई टशन देखने को नहीं मिला। शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर समर्थक एक दूसरे को देख रहे थे ओर अपना-अपना कार्य कर रहे थे। चंपाई सोरेन ने साबुआ हांसदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, साथ में बाबूलाल सोरेन और जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो भी थे। उसके बाद चंपाई सोरेन का काफिला आगे की ओर बढ़ा। यहां से सबको उम्मीद थी कि अब चंपाई समर्थकों और जेएमएम समर्थकों का आमना-सामना डायरेक्ट होगा। क्योंकि वहां पर साबुआ हांसदा की एक और प्रतिमा थी, जहां श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही थी। यहीं पर जेएमएम का भी कार्यक्रम चल रहा था। भारी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। चंपाई सोरेन आये, श्रद्धांजलि दिये। यहां सबसे गौर करनेवाली बात यह थी कि एक बार भी चंपाई सोरेन ने झामुमो का नाम नहीं लिया। झामुमो के किसी नेता पर किसी तरह का व्यक्तिगत आरोप नहीं मढ़ा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कोल्हान में सबसे ज्यादा गोलीकांड कांग्रेस ने ही करवाया है। इसके बाद चंपाई सोरेन चले गये। यहां पर भी दोनों ओर के समर्थकों में कोई टशन देखने को नहीं मिला। वहीं सभास्थल से एक दो किलोमीटर पहले जेएमएम नेताओं की 10-12 गाड़ियां एक ढाबे में रुकी हुई थीं। जैसे ही चंपाई सोरेन वहां से निकले, वे गाड़ियां सभास्थल पहुंचीं। लंबे समय तक चंपाई के साथ राजनीति करनेवाले इन नेताओं ने इस बात का ध्यान रखा कि चंपाई सोरेन के कार्यक्रम के दौरान किसी तरह का व्यवधान नहीं हो। उन गाड़ियों में दीपक बिरुआ, समीर मोहंती, जोबा मांझी और रामदास सोरेन निकले। यहां समझने वाली बात यह है कि इतनी भारी संख्या में समर्थकों का जुटान हुआ, लेकिन कहीं भी कोई भी कड़वाहट नजर नहीं आयी। यानी चंपाई सोरेन का सम्मान जेएमएम नेताओं और कार्यकर्ताओं में आज भी कम नहीं हुआ है। राजनीतिक मंच पर भले कोई कुछ कह दे, लेकिन असलियत जो दिखी, हम वही लिख रहे हैं। हां जेएमएम आलाकमान में उनको लेकर नाराजगी हो सकती है, लेकिन चंपाई सोरेन किसी भी मंच पर जेएमएम और उनके नेताओं पर हमला नहीं बोल रहे हैं। चंपाई सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विरुद्ध कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। क्योंकि उनका मानना है कि उन्होंने भी गुरुजी शिबू सोरेन के साथ पार्टी को सींचा है। अब परिस्थितयां भले ही विपरीत हैं, लेकिन कोई भी माली अपने द्वारा उगाये हुए फूल को तोड़ने से परहेज करता है। वैसे चंपाई अब भाजपा के रंग में रंग चुके हैं। वह जय श्रीराम का नारा लगा रहे हैं। उनके समर्थक भी जय श्रीराम का नारा बुलंद कर रहे हैं। जेएमएम के कार्यक्रम में भले ही किन्हीं कारणों से कल्पना सोरेन नहीं पहुंचीं, लेकिन वहां की जनता में उनके नहीं आने का कोई रोष नहीं था। जेएमएम समर्थकों की एक खासियत है, उन्हें इन सब बातों से नाराजगी नहीं होती। उन्हें सिर्फ तीर धनुष के निशान से मतलब है। वहीं अगर किसी अन्य दल का कार्यक्रम होता, और उनका नेता किन्हीं कारणों से वहां नहीं पहुंच पाता, तो उनके समर्थकों का गुस्सा देखते बनता। समर्थक मायूस भी होते। लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नहीं देखने को मिला। मतलब साफ है कि जेएमएम कार्यकर्ताओं का भरोसा हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर है।

यहां लोकसभा चुनाव से पूर्व एक घटना का जिक्र करना जरूरी है। जब सीता सोरेन ने भाजपा का दामन थामा था। सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन पर कई आरोप मढ़े थे। उन्होंने तो शिबू सोरेन तक को नहीं छोड़ा था। हालांकि बाद में उन्होंने इसके लिए खेद भी प्रकट किया और कहा कि उनके ट्वीटर हैंडल से अनजाने में गुरुजी के प्रति ऐसे शब्दों का इस्तेमाल हो गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाये। सीता सोरेन तो उनके घर की थीं, फिर भी उन्होंने खुले मंच से जेएमएम, हेमंत-कल्पना ओर शिबू सोरेन पर आरोप लगाये थे। वहीं चंपाई सोरेन उनके सगे, तो नहीं, लेकिन उन्होंने कभी भी, कहीं भी कोई आरोप नहीं मढ़ा। हां बस इतना कहा कि उनके साथ नाइंसाफी हुई है। एक इमोशनल पत्र लिखा और पार्टी छोड़ दी। उन्होंने कभी भी सार्वजनिक मंच से सोरेन परिवार के खिलाफ बयान नहीं दिया। इसके पहले जितने भी नेता जेएमएम छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे, सभी ने पार्टी और आलाकमान पर आरोप लगाया, दिल खोल कर खिलाफ में बयानबाजी की। लेकिन गुरुवार को मैंने जो नजारा देखा, वह एक स्वस्थ राजनीति की तस्वीर पेश करती है। वह यह भी तसवीर पेश करती है कि चंपाई सोरेन को यों ही कोल्हान का टाइगर नहीं कहा जाता। उनके झामुमो छोड़ने के बाद भी जेएमएम कार्यकर्ताओं की तरफ से उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं देखने को मिली। यानी चंपाई सोरेन आज भी झामुमो कार्यकर्ताओं के लिए चंपाई दा हैं।

ग्राम प्रधानों के महासम्मेलन के बहाने संथाल में होगी कोल्हान टाइगर चंपाई की इंट्री

कल लोबिन, चंपाई एक साथ लिट्टीपाड़ा में गरजेंगे

कार्तिक कुमार

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। कभी झामुमो के कोल्हान टाइगर रहे अब भाजपा के चंपाई सोरेन के संग झारखंड आंदोलनकारी लोबिन हेंब्रम एक साथ सोमवार को संथाल के लिट्टीपाड़ा विधानसभा से झामुमो के गढ़ को भेदने के मिशन को लेकर एंट्री मारेंगे। दोनों नेतागण एक साथ यहां मांझी परगना महा सम्मेलन के अध्यक्ष के बुलावे पर लिट्टीपाड़ा विधानसभा के डांगा पारा फुटबॉल मैदान में मांझी परगना मतलब ग्राम प्रधानों के सम्मेलन को संबोधित कर झामुमो के गढ़ में झामुमो की सच्चाई के राज को उगलेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि कोल्हान टाइगर चंपाई सोरेन और आंदोलनकारी नेता लोबिन हेंब्रम को भाजपा फ्रंट पर लाकर झामुमो का गढ़ रहा संथाल को कहीं ना कहीं भेदने के लिए झामुमो से बागी हो बीजेपी में आने के बाद इन दोनों कद्दावर नेताओं को एक साथ संथाल में एंट्री कराना और

फिर ग्राम प्रधानों के साथ सीधा संवाद कर कहीं ना कहीं झामुमो में परिवारवाद, पार्टी में बाहरी लोगों का वर्चस्व और पार्टी का मूल मंत्र रहा जल, जंगल और जमीन के अस्तित्व को बचाने का राग अलापने की बात भूलने के साथ संथाल के अधिकार और उनकी रक्षा से वंचित करने की पोल खोलने तो नहीं आ रहे हैं। हालांकि इस संबंध में लोबिन कहते हैं कि भाजपा को लेकर आदिवासी समाज में एक भ्रम उनके अंदर घर कर गयी है कि भाजपा आदिवासियों की विरोधी है। इस गलतफहमी और भ्रम को हम दूर करने संथाल से अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे और पूरे संथाल परगना के साथ-साथ झारखंड के आदिवासी समाज में इस गलतफहमी को दूर करने और उन्हें इस बात का विश्वास दिलाने का काम करेंगे कि आदिवासियों की चिंता करने वाली सच में कोई पार्टी है, तो वह भाजपा है। लगातार झारखंड में आदिवासियों की घटती आबादी आज हमारे समाज के लिए एक चिंता का विषय है, लेकिन हेमंत सरकार संथाल समाज की घटती आबादी पर कुछ बोलना नहीं चाहती है। आज मात्र 28% आदिवासियों की आबादी रह गयी है, जो निश्चित रूप से आदिवासी समाज को हमारी घटती आबादी पर चिंता करने की जरूरत है। वैसे तत्व की पहचान कर, जिनके कारण हमारे समाज की आबादी में दिनोंदिन कमी आ रही है, इस पर ग्राउंड स्तर पर काम करने की जरूरत है। मांझी परगना महासम्मेलन के अध्यक्ष निर्मल टुडू ने बताया कि मांझी सम्मेलन के माध्यम से संथाल, पहाड़िया की संस्कृति, उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से चर्चा होगी। मांझी परगना व्यवस्था में संथाल, पहाड़िया के बीच ग्राम प्रधानों के अधिकार, उनके कर्तव्य के विषय पर चर्चा होगी। आज गांव में प्रधानी व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है। कई गांव में आज भी ग्राम प्रधान का पद रिक्त है, परगैनेत की नियुक्ति नहीं की जा रही है। आज ग्राम प्रधान शासन व्यवस्था संथाल, पहाड़िया समाज में वर्तमान समय में काफी कमजोर हुआ है। इसे कैसे मजबूत और सशक्त किया जाये, इसी मुद्दे पर महासम्मेलन में चर्चा होगी, ताकि हमारा संथाल और पहाड़िया समाज की स्थिति और पहचान कायम रह सके। कहा कि 16 सितंबर को आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा सहित संथाल परगना से ग्राम प्रधान, गुरित , परगैनेत, प्राणिक, नायकी, जोगमंझी, जो ग्राम प्रधान शासन व्यवस्था के अंग हैं, उनका महा जुटान होगा और प्रधानी शासन व्यवस्था और इस सम्मेलन के माध्यम से मजबूत और सशक्त बना कर उनके हक और अधिकार के लिए जागरूक करने का काम किया जायेगा। क्षेत्र में चर्चा है कि पाकुड़ में पहली बार इस तरह का ग्राम प्रधानों के महा सम्मेलन का आयोजन और इसमें कोल्हान टाइगर कहे जाने वाले चंपाई का संथाल में पहली एंट्री महा सम्मेलन के बहाने होना कहीं ना कहीं झामुमो का गढ़ माना जाता रहा संथाल परगना को भेदने की कहानी तो यहां से नहीं रची जायेगी?

उत्पाद सिपाही अभ्यर्थी की मौत पर बिफरे अमर बाउरी कहा-

50 लाख और एक सरकारी नौकरी दे सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शनिवार को एक और उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ में शामिल युवा की मौत हो गयी। इसे लेकर बीजेपी, झारखंड की महागठबंधन सरकार पर हमलावर है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने एक बार फिर इस दौड़ को मौत की दौड़ बताया है। साथ ही उन्होंने अपनी पुरानी मांग को दोहराया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के आश्रितों को 50-50 लाख रुपये और एक

सरकारी नौकरी दी जाये। अमर बाउरी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उत्पाद सिपाही दौड़ : एक और मौत ...हेमंत सरकार के तुगलकी फरमान की बलि एक और युवा चढ़ा : मौत की दौड़।

भाजपा की सरकार बनी तो मिलेंगे 50 लाख

बता दें कि अब तक दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा के नेता लगातार वर्तमान सरकार पर हमलावर है। बीते दिनों एक महिला अभ्यर्थी आरती केरकेट्टा की मौत होने पर अमर बाउरी ने उनके परिवार जनों से मुलाकात की थी और कहा था कि जिस दिन भाजपा की सरकार बनेगी उस दिन अभ्यर्थियों के आश्रितों को 50 लाख मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दी जायेगी।

झारखंड हाइकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दर्ज केस में संशोधित पिटीशन दाखिल करने की मिली अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में देवघर में दर्ज केस को निरस्त करने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ ने संशोधन पिटीशन दाखिल करने के निशिकांत दुबे के आवेदन को स्वीकार करते हुए उन्हें दो सप्ताह में संशोधन पिटीशन दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही संशोधन पिटीशन दाखिल होने पर राज्य सरकार को जवाब के लिए चार सप्ताह का समय मिला है।

पूर्व में निशिकांत दुबे ने मोहनपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह किया था, लेकिन मामले में अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है, जिसे संशोधन पिटीशन के माध्यम से हाइकोर्ट में चुनौती दी जानी है। कोर्ट ने मामले में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। देवघर के मोहनपुर थाना में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ कांड संख्या 281 /2024 दर्ज की गयी थी। इसी केस को निरस्त करने का आग्रह उनकी ओर से किया गया।

www.epaper.azadsipahi.in

15 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 326

युवा राष्ट्र के परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं : रघुवर दास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आयेंगे जमशेदपुर

झारखंड समेत देश को देंगे सौगात

- टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे
- झारखंड में छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे
- पीएम आवास योजना के बीस हजार लाभुकों को स्वीकृति पत्र देंगे
- छह घंटे का होगा कार्यक्रम, रोड-शो और सभा का भी आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड दौरे पर आयेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री रविवार को सुबह 8:45 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। वह सुबह करीब 10 बजे टाटानगर रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। सुबह लगभग 10:30 बजे, वह झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कई योजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाइ-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित करेंगे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग से रेल परियजनाओं का करेंगे शिलान्यास: प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वह झारखंड के देवघर जिले में मधुपुर बाइपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखेंगे। मधुपुर बाइपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जायेगी। हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो इस स्टेशन पर कोचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा।

दोहरीकरण परियोजना राष्ट्र को समर्पित करेंगे: नरेंद्र मोदी कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है। रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमो मार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना से माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा चार रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया जायेगा।

लाभार्थियों को मिलेगी पहली किस्त: सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री झारखंड के 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाइ-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे। वह लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री 46 हजार लाभार्थियों के गृह प्रवेश समारोह में भी भाग लेंगे।

इन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायेंगे

- टाटानगर-पटना
- देवघर-वाराणसी
- भागलपुर-दुमका-हावड़ा
- ब्रह्मपुर-टाटानगर
- गया-हावड़ा
- राउरकेला-हावड़ा

रोड शो और सभा का भी आयोजन: प्रधानमंत्री झारखंड में लगभग छह घंटे रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री जमशेदपुर में रोड-शो भी करेंगे और सभा को भी संबोधित करेंगे। जमशेदपुर में उनका आधे घंटे का रोड-शो होगा। रोड शो करते हुए प्रधानमंत्री गोपाल मैदान पहुंचेंगे। वहां सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद हेलीकॉप्टर से दोपहर 1:45 बजे रांची लौटेंगे। यहां से अहमदाबाद चले जायेंगे। प्रशासनिक और भाजपा के स्तर पर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। भाजपा के प्रदेश स्तर के नेता रोड-शो और सभा की तैयारी को लेकर जुटे हुए हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने भी पीएम के आगमन की जानकारी दी: केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड की पवित्र धरती पर पधारने वाले हैं। झारखंड के जो भाई-बहन अब तक कच्चे घरों में रहते थे, उनके लिए 1 लाख 13 हजार 400 मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत किये गये हैं। मकान स्वीकृत कर केंद्र का अंश राज्य सरकार को भेज दिया गया है।

पीएम आवास में गाय ने बछिया को जन्म दिया, मोदी ने दीपज्योति नाम रखा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास में एक गाय ने बछिया को जन्म दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बछिया को दुलार करते हुए अपना एक वीडियो भी शेयर किया है। कैप्शन में उन्होंने लिखा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है, गाव: सर्वसुख प्रदा:। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नये सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

जेएमएम ने चार साल 10 महीने गरीब महिलाओं की सुध नहीं ली

अब चुनाव से पहले चूल्हा खर्च के एक हजार देकर जाल बिछा रहे हैं: शिवराज सिंह चौहान

बहनों का आर्थिक सशक्तिकरण भाजपा का संकल्प

झारखंड की जनता अब झामुमो के झांसे में आनेवाली नहीं है

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शनिवार को रांची पहुंचे। इस दौरान श्री चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने अपना एक भी वादा पूरा नहीं किया। युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा था, नौकरी नहीं मिली। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, नहीं दिया। महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये चूल्हा खर्च देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया। अब चुनाव के नजदीक आते ही फिर से जेएमएम खोखले वादे कर रहा है, लेकिन झारखंड की जनता इनके झूठे दावों को समझ चुकी है और अब इनके झांसे में आनेवाली नहीं है।

झारखंड की जनता झामुमो के झांसे में नहीं आयेगी : शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पांच साल पहले जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने वादा किया था कि गरीब बहनों को चूल्हा खर्च के लिए प्रतिमाह 2 हजार रुपये दिये जायेंगे, लेकिन चार साल 10 महीने पैसे नहीं दिये, जब चार साल और ग्यारहवां महीना शुरू हुआ, तब वोटों के लालच में एक हजार रुपये देकर जाल बिछा रहे हैं। श्री चौहान ने सोरेन सरकार से कहा कि पहले जो बचा हुआ पैसा है, वह दो हजार रुपये के हिसाब से गरीब बहनों को दो। श्री चौहान ने झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिकारी आयेगा, दाना डालेगा और जाल बिछायेगा, लेकिन झारखंड की जनता अब इनके झांसे में आनेवाली नहीं है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जहां-जहां सरकारे हैं, वहां बहनों के खातों में पैसा डाला जा रहा है। छत्तीसगढ़ में हम किसानों के खाते में पैसा डाल रहे हैं, मैं मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री रहा हूं, हमारी बहन और बेटियों के खाते में पैसा डाला जा रहा है। महाराष्ट्र में 1500 रुपये बहनों के खाते में दिया जा रहा है। ओड़िशा में भी दिया जा रहा है। झारखंड में भी माताएं, बहनें निश्चिंत रहें, उनका आर्थिक सशक्तिकरण भाजपा का संकल्प है और हम जल्द ही इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल करनेवाले हैं।

हमारा प्रयास, हर गरीब को पक्का मकान मिल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड की सरकार के साथ ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने लगातार काम करने का प्रयास किया है, लेकिन राज्य में उतनी तेजी से काम नहीं हो सका। हमारे अधिकारी यहां की सरकार के अधिकारियों से निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। जितने मकानों की औपचारिकता पूरी कर ली जायेगी, उतने हितग्राहियों के खाते में राशि डाली जायेगी। लगातार हमारा प्रयास रहेगा कि हर गरीब को पक्का मकान मिल जाये। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जो अत्यंत पिछड़ी जनजातियां हैं, जिनके पास कच्चे घर हैं, उन सभी को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया गया है। अब यहां की राज्य सरकार को तेजी से काम करने की कोशिश करनी थी, ताकि गरीबों को फायदा मिल जाये।

उत्पाद सिपाही की बहाली में जमशेदपुर के अभ्यर्थी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उत्पाद सिपाही के बहाली में भाग ले रहे एक और अभ्यर्थी की मौत हो गयी है। मृतक अभ्यर्थी जमशेदपुर के बर्मामाइंस के रहने वाले मुरामुल्ला सूर्या की मौत रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी है। मृतक अभ्यर्थी की दौड़ 12 सितंबर को स्मार्ट सिटी धुर्वा में थी। रिम्स से मिली जानकारी के अनुसार सूर्या की मौत शनिवार की सुबह 5 बजे के आस पास हुआ है। सूर्या बहाली प्रक्रिया के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुआ था, जिसके बाद दो दिन पूर्व उसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करवाया गया था, लेकिन आज उसने दम तोड़ दिया।

सुदेश महतो ने असम में हिमंता बिस्वा सरमा से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने असम में सीएम झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीट शेयरिंग के साथ चुनावी रणनीति पर भी चर्चा की। बताते चलें कि सुदेश महतो इससे पहले भी कई बार हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात कर चुके हैं। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। सुदेश ने कहा है कि असम के मुख्यमंत्री के पूरे परिवार के साथ उनके निवास पर सुखद मुलाकात हुई। इस दौरान झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात एवं विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर मेरे साथ मेरी धर्मपत्नी नेहा महतो भी मौजूद थीं।

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong,
Ranchi-Purulia Highway, Ranchi – 835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com

REGISTRATION FOR ADMISSION (2025-26)

Registration forms for admission in **Nursery, KG-I, KG-II, Std. I & Std. IX** can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com from 16.09.2024 to 15.10.2024. Online registration forms (2025-26) available for provisional admission in Std. XI (Science, Commerce & Humanities). For further details please log on to www.sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
BPL/EWS category candidates can apply online through www.rte.dseranchi.com (as per Govt. norms) for admission in Nursery only.

VACANCY FOR TEACHERS (2025-26)

PGT, TGT and PRTs are required for all the subjects including foreign languages.
How to Apply: The eligible candidates are instructed to fill and submit the online application form along with a recent scanned photograph and a brief narrative (500-1000 words) on their professional ideology through the link https://sbpsranchi.in/career on or before 15.10.2024.

Principal

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

देश में आदिवासी समुदाय की हो अलग पहचान : हेमंत

- आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव में सम्मिलित हुए सीएम हेमंत सोरेन
- राज्यवासियों को करम पूजा महोत्सव की बधाई दी
- मल्टी स्टोरेज हॉस्टल का होगा निर्माण, आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा हॉस्टल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन आज रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अखरा में पूजा-अर्चना की तथा करम डाली को प्रणाम कर झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने आदिवासी पारंपरिक वाद्य मांदर भी बजाया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने उपस्थित सभी लोगों को प्राकृतिक पर्व करम पूजा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी का यह प्रयास होना चाहिए कि झारखंड की सभ्यता-संस्कृति सदैव आगे बढ़ती रहे। झारखंड के अंदर आदिवासियों की गूंज इतनी मजबूत हो कि सवा सौ करोड़ आबादी वाले इस देश में आदिवासी समुदाय की अलग पहचान बने। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी यह परिकल्पना है कि आदिवासी समुदायों के त्योहारों का एक अलग स्थान बने। त्योहारों की जिम्मेदारी हमसभी लोग अपने कंधों पर उठायें और आने वाले पीढ़ी को भी अपनी सभ्यता-संस्कृति से जोड़ें।

मल्टी स्टोरेज हॉस्टल का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि इस परिसर के अंदर राज्य सरकार की तरफ से मैं विशेष कार्य योजना लेकर आऊंगा। मुझे आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आज झारखंड के इस राजधानी में पहले चरण में कल्याण विभाग के माध्यम से छात्र-छात्राओं के लिए मल्टी स्टोरेज हॉस्टल बनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। यह मल्टी स्टोरेज हॉस्टल लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जायेगी। यह हॉस्टल इस राज्य का आदर्श तथा आधुनिक व्यवस्थाओं से लैस होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय के अधिकतर बच्चे-बच्चियां गांव-देहात से आते हैं। ये बच्चे काफी जद्दोजहद करते हुए सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा ग्रहण करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के बच्चे-बच्चियां सरकारी हॉस्टलों में रहकर पढ़ाई करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैं छात्र राजनीति में था तब मुझे कई कॉलेज तथा छात्रावास में जाने का मौका मिलता था। उस समय मैंने देखा कि हमारे छात्र-छात्राओं में उत्साह और दूरदर्शिता तो रहती थी लेकिन इनके बीच कई सारी बाधाएं इन्हें आगे बढ़ने में रुकावटें पैदा करती थी। आज के समय में भी हमारे आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राएं न्यूनतम चीजों के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। राज्य सरकार इस स्थिति को हर संभव बदलने का प्रयास कर रही है तथा आदिवासी समुदाय के बच्चों को आर्थिक सहयोग भी कर रही है।

छात्रावासों में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब उनकी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित सभी छात्रावासों में राज्य सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। अब राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी हॉस्टल्स में रसोइया, राशन तथा सुरक्षा हेतु गेटकीपर उपलब्ध रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी छात्रावास प्रोफेशनल हॉस्टल की तरह संचालित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि यहां की शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाया जा सके। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने सीएम एक्सीलेंस स्कूल की शुरूआत की है। पहले चरण में 80 विद्यालयों को सीएम एक्सीलेंस स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जा चुका है। आने वाले समय में राज्य के भीतर 5 हजार सीएम एक्सीलेंस स्कूल संचालित किए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, किसान सहित सभी वर्ग के बच्चे भी निजी विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर सकें इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज करम पूजा महोत्सव के दिन जमकर बारिश हुई है। जब मैं भ्रमण पर रहता हूं तब देखता हूं कि इस वर्ष जमीन खेत हरे-भरे दिख रहे हैं। चारों ओर किसान वर्ग के लोग खेती-बाड़ी में व्यस्त हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोग खेतों की हरियाली देखकर खुश हैं। इस अवसर पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

शिवराज सिंह ने गणपति महोत्सव में भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री और बीजेपी झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर आयोजित गणपति महोत्सव के आरती में भाग लिया। उन्होंने श्री गणेश जी की आरती कर उनका आशीर्वाद लिया और झारखंड की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवासीय परिसर स्थित मैदान में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मनोज पांडेय ने सरायकेला खरसावां में राजद की स्थिति पर चिंता जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला खरसावां/गम्हरिया। राजद प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने 13 सितंबर को गम्हरिया में जिला की समीक्षा करने पहुंचे थे, लेकिन जिला के नेता और कार्यकर्ता नदारद मिले। पांडेय ने पहले ही अपने आगमन की सूचना प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष और प्रवक्ता मुकेश झा को दे दी थी, फिर भी उनसे कोई औपचारिक मुलाकात नहीं की गयी। मनोज पांडेय ने कहा कि सरायकेला खरसावां जिला में दल गुटबंदी के कारण राजद को हाशिए पर खड़ा कर दिया गया है। सभी अलग-अलग गुट बनाकर चुनाव में अपनी रोटी सेकने के जुगाड़ में लगे हुए हैं, जो दल हित में नहीं है। इस बात की जानकारी होने पर युवा राजद के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी भक्ति महतो ने मायूस और निराश होकर रांची वापस लौटते समय कांड्रा के समीप अपने दल बल के साथ रोककर अफसोस जाहिर किया और 27 सितंबर को चांडिल में राजद के सभी पुराने कार्यकर्ताओं से बैठक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उसके बाद सारी सच्चाई प्रदेश नेतृत्व को सौंपी जायेगी और प्रदेश नेतृत्व का जो भी निर्णय होगा, वह सर्वमान्य होगा।

महत्वपूर्ण खबरें

लोक कला ने परिवार नियोजन और लैंगिक समानता पर समुदायों को जोड़ा

रांची (आजाद सिपाही)। लोक कला लंबे समय से जनसंचार का एक शक्तिशाली माध्यम रहा है, और आज के मोबाइल-प्रभुत्व वाले युग में भी, नुक्कड़ नाटक समाज में अपनी प्रासंगिकता बनाये हुए है। स्थानीय भाषा और जुड़ावभरी विषय-वस्तु के माध्यम से ये नाटक तुरंत दर्शकों से जुड़ जाते हैं। ये नुक्कड़ नाटक चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट द्वारा यूएसएआइडी एमसीजीएल परियोजना के तहत आयोजित किये गये थे, और इन्हें भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची, के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम शंख और गंगा ने मारी बाजी

रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में चल रहे मीडिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को टीम शंख और गंगा ने बाजी मारी। शंख टीम ने मयूराक्षी टीम को 2-1 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में गंगा ने भैरवी को 2-1 से पराजित किया। दोनों ही मैच में खिलाड़ियों के अंदर फुटबॉल का रोमांच देखने को मिला। शंख टीम के रंजीत और गंगा के जितेंद्र को प्लेयर ऑफ द मैच के सम्मान से रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत ने सम्मानित किया। आगामी 17 सितम्बर की रात्रि में दूधिया रौशनी में भव्य फाइनल मैच का समापन समारोह बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट को सफल बनाने में द रांची प्रेस क्लब की कमेटी ने अपना योगदान दिया।

हिंदी भाषा में राष्ट्र को विश्व गुरु बनाने की क्षमता है : विजय शर्मा

- निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कहानी सुनाओ तथा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के एदलहातू स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दशम तक के सभी स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। बच्चों ने मौके पर कई कहानियां भी सुनायीं जिसको सुनकर सभी रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कई आकर्षक ड्राइंग भी बनायी। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि यह हमारे लिए एक संस्कार की तरह है। श्री शर्मा ने कहा कि बच्चों के अंदर कम उम्र से ही उनके बोलने की कला का विकास किया जाना चाहिए तभी आगे चलकर वे कुशल ज्ञाता के साथ-साथ कुशल वक्ता भी बन सकते हैं और इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा के द्वारा बेहतर वक्ताओं तथा आकर्षक ड्राइंग बनाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी गयी, साथ ही उन्हें पुरष्कृत भी किया।

श्रमिक संघ 23 सितंबर को प्रोजेक्ट भवन का करेगा घेराव : अजय राय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की बैठक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में सेक्टर 2 धुर्वा मैदान में हुई। जिसमें आगामी 23 सितंबर को अपनी मांगो के समर्थन में प्रोजेक्ट भवन का घेराव का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व ऑनलाइन बैठक में भी उक्त निर्णय पर चर्चा हुई। बैठक में अमित कुमार कश्यप, विजय सिंह, मुकेश कुमार साहू, जलील अंसारी, सरफराज अहमद, अमित मिश्रा, शैलेंद्र सिंह, वैभव सागर, बाल गोविंद महतो, सुरेंद्र सिंह, रजनीकांत मेहता, राजकुमार प्रमाणिक, गोविंद मुंडा, पवन कुमार, शिवचरण महतो, आशीष तिग्गा, राजकुमार राज, अनिल तिग्गा, प्रकाश नायक, अनिकेत सिंह, संजीत महतो, रविंद्र झा, अजय चौधरी, लक्ष्मण टोप्पो समेत कई लोग मौजूद रहे।

चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के पहाड़ी तल्ला ट्रस्ट के संचालन समिति के संयोजक प्रेम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा 2024 के लिए तैयारियों पर चर्चा हुई। कोषाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने गत वर्ष की आय-व्यय का विवरण पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 के लिए मां भवानी की मूर्ति रामपाल जी थड़पखना से बुक की गयी है, साथ ही ढाकी लाइट और विसर्जन के लिए ताशा बुक किया गया है।

इस बार पूजा में लगभग ढाई से तीन लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा, वर्ष 2024 के सफल पूजा संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें पूजा कमेटी, संरक्षक मंडल, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह-अध्यक्ष, पूजा प्रभारी आदि पदों पर विभिन्न सदस्यों को नियुक्त किया गया। बैठक का संचालन रवींद्र वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बिंदुल वर्मा ने किया। बैठक में महाभोग और महिलाओं द्वारा सिंदूर खेल के लिए विशेष तैयारी की गयी है, जिसकी जानकारी बिंदुल वर्मा ने दी।

मंत्री दीपिका से मिला आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन का प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को फोर्टिफिकेशन विषय को लेकर मिला। प्रतिनिधियों ने हार्वेस्टप्लस के बायो-फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि झारखंड राज्य में जेएसएलपीसी तथा आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से प्रभावी रूप से बायो फोर्टिफिकेशन प्रोग्राम को कार्यान्वित किया जा रहा है। मंत्री ने इस उल्लेखनीय पहल की सराहना की व आश्वासन दिया कि उनके मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के परिवारों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान किया जायेगा। गौरतलब है कि हार्वेस्टप्लस का बायो-फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम पीवीटीजी एवं अत्यंत गरीब समुदायों के बीच एसएचजी मॉडल के माध्यम से काम करता है। इसमें तीन महत्वपूर्ण फसलों कैल्शियम समृद्ध मडुआ, आयरन युक्त बाजरा तथा जिंक समृद्ध गेहूं के उत्पादन एवं उपभोग को प्रोत्साहित किया जाता है। जैव प्रबलित फसलों में जलवायु प्रतिरोधक क्षमता के साथ ही सूक्ष्म पोषक तत्वों की प्रचुरता होती है।

जोहर पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव में तीन सीट से चुनाव लड़ेगी: कमलेश कुमार

जोहार पार्टी को ऑटो रिक्शा (टेंपो) छाप चुनाव आयोग से आवंटित हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जोहार पार्टी को निर्वाचन आयोग भारत ने ऑटो रिक्शा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इसके बाद पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और संस्थापक कमलेश कुमार रॉय और अनिल कुमार गुप्ता प्रदेश सचिव सह रांची विधानसभा उम्मीदवार ने प्रेस को जानकारी दी। बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने जोहार पार्टी को झारखंड विधानसभा चुनाव में ऑटो रिक्शा (टेंपो) छाप आवंटित किया है. इसके लिए हम चुनाव आयोग को धन्यवाद देते हैं। वही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कमलेश कुमार रॉय ने अनिल कुमार गुप्ता को प्रदेश महासचिव के पद पर नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर कमलेश कुमार रॉय ने कहा कि हमारी पार्टी झारखंड विधानसभा के तीन विधानसभा सीट रांची से अनिल कुमार गुप्ता, हटिया से हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाहा, विजय कुमार महतो और बोकारो से मनोज कुमार महली पार्टी के उम्मीदवार बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का मुख्य मुद्दा शिक्षा, स्वास्थ्य,स्थानीयता, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी जीतेगी तो शिक्षा और स्वास्थ्य में पूरे झारखंड में नियम संगत आमूल परिवर्तन किया जायेगा। रांची विधानसभा प्रत्याशी प्रदेश सचिव अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने हमें उम्मीदवार घोषित किया है। इसके लिए पार्टी को धन्यवाद देते हैं। झारखंड बने 24 साल हो चुका हैं लेकिन राजधानी रांची की स्थिति बद से बत्तर है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमने जोहर पार्टी से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। जनता हमें चुनती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य शिक्षा और यहां की ट्रैफिक व्यवस्था पर काम करेंगे। इस मौके पर प्रेमचंद महतो,विनोद प्रजापति,सुनील गुप्ता, सानू प्रजापति,प्रेम उराव,वरुण प्रजापति समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

हिंदी दिवस पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा

संथाली, मुंडारी, हो और कुड़ूख के शब्दों को मिले देशज श्रेणी में जगह

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेएमएम नेता और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने लोगों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। इसी के साथ उन्होंने झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर सवाल उठाया है। इनको देशज भाषा की श्रेणी में रखने की वकालत की है। जेएमएम नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट जारी किया है। पोस्ट में उन्होंने कहा है कि हिंदी भाषा की बनावट हमारे समाज, हमारे देश की बनावट से मिलती जुलती है। जिस ढंग से देशज एवं विदेशज शब्दों को हिंदी ने अपने शब्दकोष में शामिल किया है, वह अनुकरणीय है।

सोरेन ने आगे कहा, हिंदी के विकास को लेकर काम कर रही संस्थाओं से मेरी अपील होगी कि आने वाले समय में संथाली, मुंडारी, हो, कुड़ूख जैसी क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं के शब्दों को भी देशज शब्द के रूप में जगह दिया जाये। इससे दो भाषा-भाषी को मिलने का अवसर मिलेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.9 °C	23.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.53 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.34 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in

81 विस सीटों पर ओबीसी एकता मंच उतारेगा प्रत्याशी

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने शनिवार को रांची के पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा है कि ओबीसी एकता अधिकार मंच राज्य की सभी 81 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयारी में है। हमारा राज्य ओबीसी बहुल है, इसलिए हम राजनीति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जहां अनारक्षित सीट होगी, वहां हम ओबीसी प्रत्याशी देने की तैयारी करेंगे। इसके अलावा जहां आरक्षित सीटें हैं, वहां हम ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रत्याशियों को टिकट देंगे। **जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी :** ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पलामू प्रमंडल में 11 सीटों पर हमारे प्रत्याशी मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल और रांची सहित कई अन्य जिलों में ओबीसी की आबादी करीब 65 प्रतिशत है। पूरे राज्य के अन्य हिस्सों में हमारी आबादी करीब 52-53 प्रतिशत है। हम ओबीसी समाज के हक-अधिकार के लिए कृत संकल्पित हैं। इससे हमें कोई दरकिनार नहीं सकता। अब ओबीसी समाज राजनीति में प्रमुख रूप से अपनी सहभागिता निभायेगा, क्योंकि हमारे समाज के बिना राज्य में सरकार नहीं बन सकती।

नगर निकाय चुनाव पर सरकार की मशा ठीक नहीं

बह्मदेव प्रसाद ने कहा कि 2020 से लटक रहे नगर निकाय चुनाव को टालने का राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। झारखंड हाइकोर्ट में बार-बार सरकार को फटकार पड़ रही है। इसके बावजूद सरकार कोई न कोई बहाने बना कर चुनाव से पल्ला झाड़ना चाह रही है। इससे सरकार की मंशा का पता चलता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार ओबीसी को समुचित आरक्षण देने की वकालत करती है, वहीं दूसरी ओर कोर्ट में निकाय चुनाव को रोकने पर भी आमादा है। सरकार ने जनवरी में राज्य में एक साथ सभी नगर निकायों का चुनाव कराने का निर्णय लिया था, जिसकी तैयारी फरवरी 2023 में लगभग पूरी हो चुकी थी। एन वक्त पर पदों के चक्रीय आरक्षण के मुद्दे पर पेंच फंसने के बाद इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया।

रतन हाइट्स के जमीन मालिक और बिल्डर को नोटिस जारी

रांची (आजाद सिपाही)। रिंकी यादव एवं अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स के जमीन मालिक अशोक कुमार वालमजी परमार एवं अन्य के अलावे बिल्डर वीकेएस रियलिटी के संचालक विजय कुमार साहू को अवमानना नोटिस जारी किया है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने उनसे पूछा है कि हाइकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर क्यों नहीं उन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाये। पूर्व में इन्हें कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने को लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से दाखिल नहीं किया गया था। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 सितंबर को रतन हाइट्स के जमीन मालिक अशोक कुमार वालमजी परमार, जय परमार, जीत परमार, प्रतिमा दयाराम परमार और स्वेता परमार के अलावा बिल्डर वीकेएस रियलिटी के संचालक विजय कुमार साहू को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। फ्लैट ओनर रिंकी यादव की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। वहीं, रतन हाइटस रेसिडेंसियल सोसाइटी की ओर से भी हाइकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गयी है, जिसमें 30 अगस्त 2024 को बिल्डर वीकेएस रियलिटी के संचालक विजय कुमार साहू एवं जमीन मालिक को नोटिस जारी किया गया है।

भाजपा नेता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को प्लास्टिक से ढका, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। राजधानी रांची के बिरसा चौक के पास भाजपा नेता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को शनिवार को किसी ने प्लास्टिक से ढक दिया है। इसके बाद इस मामले को लेकर स्थानीय लोग काफी उग्र हो गये और मामले को लेकर थाना पहुंचे।

इस मामले को लेकर जगरनाथपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। रांची पुलिस ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया है और इस मामले में जो भी संलिप्त रहेंगे, उसके खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।भाजपा की नाराजगी

कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को ढके जाने पर भाजपा ने नाराजगी जाहिर की है। भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक और अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में धुर्वा निवासी पंकज कुमार की ओर से अज्ञात लोगों को आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस तरह से शरारती तत्वों ने

प्रतिमा पर प्लास्टिक लपेट कर उसे बांध दिया, उससे लगता है कि प्रतिमा को नुकसान भी पहुंचाया गया होगा।

सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के नेता रहे अजय तिर्की ने सोशल मीडिया पर संवाद देकर कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा को हटाने के लिए 25 अगस्त को भीड़ जुटायी थी, लेकिन तब प्रशासन के चौकस रहने की वजह से प्रतिमा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाया था। झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा भी रांची में बिरसा चौक और पुरानी विधानसभा के बीच जगन्नाथपुर थाना के सामने वाले चौक पर भाजपा के बड़े नेताओं में से एक और राजस्थान के राज्यपाल रहे कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा लगाने का विरोध किया था। उनका कहना था कि कैलाशपति मिश्र का न तो देश की आजादी की लड़ाई में कोई योगदान था और न ही झारखंड निर्माण के आंदोलन में, फिर ऐसे में उनकी प्रतिमा लगाने का कोई औचित्य नहीं है।

गौरतलब है कि पिछले माह अगस्त में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य भाजपा नेताओं ने कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया था। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि श्री मिश्र ने अपना जीवन राष्ट्र और पार्टी की सेवा के लिए समर्पित किया था।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिस्थिति में सुधार,नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

वृष रोजी-रोजगार के क्षेत्र में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर,राजनीतिक लाभ।

मिथुन प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ,शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होंगी।

सिंह सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।

कन्या पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। धनी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा। जमीन-मकान संबंधी काम पूरे होंगे।

तुला काम-काज की स्थिति में सुधार अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

वृश्चिक संकल्पित कार्य पूरे होंगे, आकस्मिक लाभ,स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।

धनु विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, जमीन-जायदाद के कामों में रुकावट दूर होगी।

मकर सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

कुंभ स्वास्थ्य में सुधार,दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

मीन सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

पुलिस की अपील, फर्जी ऑनलाइन जॉब ऑफर से रहें सावधान

आजाद सिपाह संवाददाता

रांची। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। इस बीच युवाओं में जॉब पोर्टल और एप्स के जरिए नौकरी ढूंढ़ने का प्रचलन भी बढ़ा है। साइबर ठग भी फ्रॉड करने का

कोई तरीका नहीं छोड़ रहे हैं। वे अब नौकरी की तलाश में लगे युवाओं से भी फ्रॉड कर रुपये ऐंठ रहे हैं। इसको लेकर झारखंड पुलिस ने आम लोगों को सचेत किया है। साथ ही पुलिस ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। पुलिस ने पोस्टर जारी कर अपील की है कि ऑनलाइन जॉब के फर्जी ऑफर जैसे वर्क फ्रॉम होम, क्लिक एंड अर्न और रेट एंड अर्न से सावधान रहें। अपनी वित्तीय या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले हमेशा सत्यापित करें।

विकास भवन में हिंदी दिवस का आयोजन

राष्ट्र निर्माण में हिंदी भाषा की अहम भूमिका: आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। हिंदी दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क शालिनी वर्मा एवं उप निदेशक राजभाषा गौतम कुमार उपस्थित थे।

हिंदी दिवस के अवसर पर आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने सभी को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हिंदी पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधे हुए है। देश की आजादी में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अन्य भाषाएं जब देश में कोई खास प्रभाव नहीं डाल पायीं, तभी हिंदी भाषा की महत्ता बढ़ गयी। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि हिंदुस्तानी भाषा पूरे भारत में प्रयोग की जानी चाहिए। आज के दिन को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और महत्त्व को बढ़ावा देने के लिए समर्पित किया गया है। आजादी के बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निदेशक जनसंपर्क, उप निदेशक राजभाषा ने भी हिंदी दिवस के अवसर पर संवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम के दौरान कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा के महत्व पर कवियों ने कई कविताएं प्रस्तुत की। कवि गोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ राजश्री जयंती, डॉ सुरिन्दर कौर नीलम, नसीर अफसर, डॉ सियाराम झा सरस, नरेश कुमार बंका, रेनू झा रेणुका, सदानंद सिंह यादव, सीमा चंद्रिका तिवारी शामिल हुए।

झारखंड विधानसभा चुनाव के चैलेंज के बीच सैफ चैंपियनशिप 2024 की तैयारी में सरकार

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह (4-6 अक्टूबर) में रांची (झारखंड) को सैफ चैंपियनशिप 2024 (साउथ एशियन फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप) की मेजबानी करनी है। इसके लिए मोराबादी स्थित फुटबॉल ग्राउंड का निर्धारण भी किया गया है। इतने महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर खेल विभाग अपने स्तर से रेस है। झारखंड ओलंपिक संघ भी अपने स्तर से इसमें सहयोग करने को उत्सुक है। दस साल पहले 2013 में यही चैंपियनशिप होटवार, रांची के स्टेडियम में आयोजित हुआ था। मसला यह है कि इस साल के आखिर तक राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। सितंबर के आखिर तक या अक्टूबर के पहले-दूसरे सप्ताह तक चुनाव तिथि की घोषणा के साथ आचार संहिता लगने की संभावना है। ऐसे में मोरहाबादी मैदान में खेल आयोजन की तैयारी और दूसरे स्तर के इंतजामों को लेकर किस तरह से राज्य सरकार मोर्चा संभालेगी, इस पर सबकी नजर है।

साउथ एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप देखने गये खेल निदेशक

अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में रांची में आयोजित (संभावित) होने वाली सीनियर साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए खेल विभाग ने अपने तरीके से तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों के मद्देजनर 11-13 सितंबर तक चेन्नई के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित चौथी साउथ एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आयोजित एथलेटिक्स स्पर्द्धा को देखने खेल निदेशक, झारखंड संदीप कुमार चेन्नई गये हैं।

सैफ एथलेटिक्स की खासियत : गौरतलब है कि पिछले दस सालों में दूसरी बार झारखंड को सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इसमें मेजबान भारत सहित श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल, मालदीव, भूटान और बांग्लादेश जैसे देशों के एथलेटिक्स प्लेयर्स शामिल होंगे। इसके आयोजन के लिए 4 करोड़ का बजट निर्धारित है। खिलाड़ियों और अन्य डेलीगेट्स की संख्या 250 से अधिक होगी। इनके रांची आने, आवासन, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था मुख्य रूप से झारखंड सरकार पर होगी। चुनावी संभावनाओं के बीच मोरहाबादी मैदान में सैफ चैंपियनशिप का आयोजन कई तरह की चिंताएं भी खड़ा कर रहा। आचार संहिता की घोषणा के साथ ही मोरहाबादी मैदान रांची जिला प्रशासन चुनाव संपन्न होने तक अपने कब्जे में चुनावी कार्यों के लिए ले लेता है। यह एक बड़ा मसला है। वैसे मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम को नये सिरे से इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट के लिए तैयार करने का भी टास्क खेल विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी।

साहिबगंज और पाकुड़ में 250 से ज्यादा मदरसे संचालित

आजाद सिपाही संवाददाात

रांची। संथाल में बांग्लादेशी मूल के लोगों के घुसपैठ का मामला फिलहाल काफी गर्म है। एक तरफ हाइकोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ झारखंड में प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी के लिए यह बड़ा मुद्दा बन चुका है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले को लेकर बीजेपी लगातार राज्य सरकार पर हमलावर है। वहीं राज्य सरकार की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि संथाल में घुसपैठ नहीं हुआ है। इस बीच यह जानकारी सामने आयी है कि संथाल के दो जिलों साहिबगंज और पाकुड़ में लगभग 250 से ज्यादा मदरसों का संचालन हो रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, पाकुड़ जिले में लगभग 100 सामान्य मदरसे संचालित हो रहे हैं। जबकि अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित और स्थापना अनुमति गैर अनुदानित मदरसों की संख्या लगभग 80 से ज्यादा है। साहिबगंज जिले की बात करें तो यहां लगभग 60 मदरसे संचालित हो रहे हैं। साहिबगंज जिले के बरहरवा, राजमहल और उधवा में सबसे अधिक मदरसे हैं। वहीं पाकुड़ जिले के महेशपुर, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा और पाकुड़ प्रखंड में सबसे ज्यादा मदरसे संचालित हो रहे हैं।

जमशेदपुर के दानियल दानिश ने हाइकोर्ट में दायर की है जनहित याचिका

बता दें कि जमशेदपुर जिले के रहनेवाले दानयल दानिश ने बांग्लादेशी मूल के लोगों द्वारा संथाल के इलाके में घुसपैठ का मामला उठाते हुए हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि संथाल इलाके में आदिवासियों की संख्या घटी है और वहां की जमीन मुस्लिम धर्म के लोगों को गिफ्ट डीड के जरिये दी जा रही है। वहीं केंद्र ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि संथाल इलाके में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या में कई गुणा इजाफा हुआ है और आदिवासियों की आबादी 44 फीसदी से मात्र 28 फीसदी रह गयी है।

टाटानगर एवं पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ

20893/20894 टाटानगर-पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ दिनांक **15.09.2024** को किया जाएगा। उपर्युक्त ट्रेनों की नियमित यात्रा दोनों दिशाओं यानी **टाटानगर** एवं **पटना से** दिनांक **18.09.2024** से नीचे उल्लेखित अनुसूची के अनुसार आरम्भ होगी:

टाटानगर से	पटना से
ट्रेन सं. 20893 के रूप में दिनांक 18.09.2024 से बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार	ट्रेन सं. 20894 के रूप में दिनांक 18.09.2024 से बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार

20893 आगमन	20893 प्रस्थान	स्टेशन	20894 आगमन	20894 प्रस्थान
-	05.30	↓ टाटानगर	21.30	-
06.00	06.02	चाण्डिल	20.23	20.25
07.13	07.15	मूरी	19.23	19.25
08.08	08.10	बोकारो स्टील सिटी	18.45	18.47
08.53	08.55	एनएससीबी गोमोह	17.58	18.00
09.05	09.07	पारसनाथ	17.43	17.45
09.53	09.55	कोडरमा	16.38	16.40
11.05	11.10	गया	15.30	15.35
12.45	-	↑ पटना	-	14.15

गठन: वातानुकूलित कुर्सी यान (सीसी)-7 एवं एक्जीक्यूटिव श्रेणी (ईसी)-1 = 8 कोच।

21893/21894 टाटानगर-पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ दिनांक **15.09.2024** को किया जाएगा। उपर्युक्त ट्रेनों की नियमित यात्रा **टाटानगर से** दिनांक **22.09.2024** से एवं **पटना से** दिनांक **23.09.2024** से नीचे उल्लेखित अनुसूची के अनुसार आरम्भ होगी:

टाटानगर से	पटना से
ट्रेन सं. 21893 के रूप में दिनांक 22.09.2024 से सिर्फ रविवार	ट्रेन सं. 21894 के रूप में दिनांक 23.09.2024 से सिर्फ सोमवार

21893 आगमन	21893 प्रस्थान	स्टेशन	21894 आगमन	21894 प्रस्थान
-	05.30	↓ टाटानगर	23.55	-
06.10	06.12	चाण्डिल	22.53	22.55
07.13	07.15	मूरी	21.50	21.52
08.30	08.35	बरकाकाना	20.50	20.55
10.42	10.44	डालटनगंज	18.03	18.05
11.50	11.55	गढ़वा रोड	17.35	17.40
13.10	13.20	सोन नगर	15.55	16.05
14.30	14.35	गया	14.40	14.45
15.55	-	↑ पटना	-	13.20

गठन: वातानुकूलित कुर्सी यान (सीसी)-7 एवं एक्जीक्यूटिव श्रेणी (ईसी)-1 = 8 कोच।

21895/21896 टाटानगर-पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारम्भ दिनांक **15.09.2024** को किया जाएगा। उपर्युक्त ट्रेनों की नियमित यात्रा **पटना से** दिनांक **22.09.2024** से एवं **टाटानगर से** दिनांक **23.09.2024** से नीचे उल्लेखित अनुसूची के अनुसार आरम्भ होगी:

टाटानगर से	पटना से
ट्रेन सं. 21895 के रूप में दिनांक 23.09.2024 को सिर्फ सोमवार	ट्रेन सं. 21896 के रूप में दिनांक 22.09.2024 को सिर्फ रविवार

21895 आगमन	21895 प्रस्थान	स्टेशन	21896 आगमन	21896 प्रस्थान
-	05.30	↓ टाटानगर	23.55	-
06.10	06.12	चाण्डिल	22.58	23.00
07.13	07.15	मूरी	21.58	22.00
08.08	08.10	बोकारो स्टील सिटी	21.15	21.17
08.50	08.55	एनएससीबी गोमोह	20.22	20.27
09.05	09.07	पारसनाथ	20.05	20.07
09.53	09.55	कोडरमा	19.22	19.24
11.05	11.15	गया	18.05	18.15
12.45	-	↑ पटना	-	16.45

गठन: वातानुकूलित कुर्सी यान (सीसी)-7 एवं एक्जीक्यूटिव श्रेणी (ईसी)-1 = 8 कोच।

(PR-605) मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 2621 Dated 20.07.2024 I. HASINA KHATOON, W/o. - RASHID ANSARI, aged about - 61 years, by faith Islam, Resident of - Muslim Tola, Vill - Tand Balidih, P.O. - Jaina, P.S. - Jaridih, Dist. - Bokaro, Jharkhand, Pin - 829301, Adhaar No.- 9793 0318 9729 do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:- That. my actual and correct name is HASINA KHATOON which is mentioned in my Aadhaar bearing Aadhaar No. - 9793 0318 9729.
2. That, in my Bank Account bearing Account No. 479810110509033 of Bank of India Jainamore Branch, my name has been mentioned in HASINA BIBI. 3. That, HASINA KHATOON & HASINA BIBI both are the name of same and one identical lady i.e. my self. 4 That. I am swearing this affidavit to rectify my name in my Band Account as HASINA KHATOON in place of HASINA BIBI and submit it before the competent authority and for needful purpose.

शपथ पत्र

शपथ के अनुसार संख्या 44 दिनांक 13.09.2024 मैं विनय कुमार सिंह, पिता - रघुनाथ सिंह, निवास पता ग्राम - नवागढ़, पो0- खरखरी, थाना - मधुबन, जिला - धनबाद, झारखण्ड 828125 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि - 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ। 2. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 3. यह कि मैं एस. एस. बी. 26 वीं बटालियन में कॉंस्टेबल (जी.डी.) 26 बी.एन. के पद पर कार्यरत हुँ। मेरा वर्तमान सं. 17044100 है 4. यह कि कान्ति देवी मेरी माता है जिनका जन्म तिथि 1.01.1972 मेरा सेवा पुस्तिका में दर्ज हो गया जो गलत है।
5. यह शपथ पत्र मेरी माता कान्ति देवी का वास्तविक जन्म तिथि 01.01.1964 है। मेरी माँ के आधार कार्ड के अनुसार मेरी सेवा पुस्तिका में सुधार कर दर्ज करने हेतु सम्पादित कर रहा हूँ।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 15 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

डीएसपीएमयू में करम पर्व की धूम

करम पेड़ ज्यादा ऑक्सीजन देता है : डॉ अंजनी श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में करम पर्व के अवसर पर उपस्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के लोकपाल प्रो. डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि करम पर्व में जिस पेड़ की डाली को पूजते हैं, इसके अपने प्राकृतिक गुण है कि इस पेड़ से ज्यादा ऑक्सीजन हमें प्रदान करती है। इससे प्रकृति और हम जीव जगत के बीच संतुलन बना रहता है। यह आदिवासी की अनमोल खोज है। साथ ही उन्होंने आखड़ा परिसर के चारों ओर शेड लगाने की बात कही। पूर्व कुलपति प्रो. डॉ सत्यनारायण मुंडा ने करम पर्व के महत्व को बतलाते हुए कहा कि हमें पेड़ पौधों के साथ संबंध बनाये रखना चाहिए। इसके पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में स्थित अखड़ा में विभिन्न विभाग द्वारा उठाये हुए जाउआ को नृत्य-गीत के साथ विधिवत लाया गया। फिर पाहान के साथ नृत्य-गीत करते हुए करम डाली के लिए करम पेड़ के पास गया। फिर वहां करम डाली को विधिवत काट कर लाया गया और पहान प्रो महेश भगत ने इसे आखड़ा में स्थापित किया। करम डाली की पूजा प्रो. महेश भगत एवं डॉ. जुरन सिंग मानकी द्वारा संपन्न कराया गया। करम महोत्सव के अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के कोर्डिनेटर डॉ. विनोद कुम्ने किया। कार्यक्रम को रंगीन बनाते हुए पद्मश्री मधु मंसुरी ने अपने सुरों से आखड़ा में नृत्य-संगीत से समां बांध दिया।

आदिवासियों का प्रमुख त्योहार है करम पूजा : रामजी यादव

रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन कालेज फॉर टीचर एजुकेशन कव्वाली में कर्मा पूजा का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कर्मा पूजा के पर बीएड के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कर्मा पूजा से संबंधित गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम अत्यधिक मनमोहक था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव थे। अध्यक्ष का स्वागत बीएड के छात्रों द्वारा कर्मा गीत गाकर तथा मांदर बजाकर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस प्रिंसपल डॉ कैलाश नाथ सिंह, डॉ सुभाष यादव, डॉ मांडवी राय, संगीता गोप, डॉ सुमन कुमारी, डॉ सुभाशीष, डॉ संदीप आनंद , डॉ सलमा खातून, प्रियंका कुमारी तथा अन्य उपस्थित थे।

किसी भी कीमत पर कोई माई का लाल इस दुर्गा पूजा को रोक नहीं सकता : संजय सेठ

पुराने विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य पुलिस ने रोका था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के पुराना विधानसभा मैदान में श्री रामलला पूजा समिति द्वारा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण करवाया जा रहा है। वहां 98 लाख की लागत से अयोध्या धाम के श्री राम लला मंदिर के प्रारूप पर पंडाल बनाया जा रहा है। शनिवार को श्री रामलला पूजा समिति के मुख्य संरक्षक सह रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने पंडाल परिसर में समिति के लोगों के साथ आयोजन को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान सांसद और विधायक ने एक सुर में कहा, अगर एफआइआर करना है तो उनपर करे, वे तैयार हैं।

हम तो दुर्गा पूजा के अवसर पर राम मंदिर का प्रारूप बना रहे हैं

मौके पर संजय सेठ ने कहा, हम तो दुर्गा पूजा के अवसर पर राम मंदिर का प्रारूप बना रहे हैं। उन्होंने कहा, आज तक किसी भी दुर्गा पूजा के पंडाल को बनाने के लिए परमिशन तो लेनी नहीं पड़ी, तो आज हमें परमिशन लेने को क्यों कहा जा रहा है। सरकार को पहले से डर था, इसलिए उन्होंने पहले हरमू मैदान में दिये गये परमिशन को कैंसिल किया और अब धुर्वा मैदान में भी यही करना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा, जिनको वोट की राजनीति करनी है वो करे, हमको मां की आराधना करनी है। प्रशासन को तो खुश होना चाहिए कि कितनी बड़ी पूजा इस इलाके में हो रही है। इससे मुख्य शहर में लोड कम होगा।

ग्रामीण इलाकों से लोग आकर दर्शन कर सकेंगे

ग्रामीण इलाकों से लोग आकर दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा, रांची राम की नगरी है, रांची का बच्चा-बच्चा राममय है। किसी भी कीमत पर कोई माई का लाल इस पूजा को रोक नहीं सकता और जरूरत पड़ी तो हमारे पास लोकतांत्रिक अधिकार है। स्थानीय प्रशासन और सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इस पचड़े में ना फसें। हमारे धर्म के साथ खिलवाड़ मत करें। हमारी आस्था पर प्रहार मत करो और यह कोई निजी पूजा नहीं है यह पूजा सार्वजनिक है।

गुंडागर्दी को कोई भी सनातनी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा : सीपी सिंह

मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि किसी वर्ग विशेष को खुश करने के लिए यह काम किया जा रहा है। चाहे जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन हो, जब कोई नहीं रहता है तब वह यहां आकर पूजा पंडाल के निर्माण को बंद करने को कहते हैं। उन्होंने कहा कि पूजा करने पर रोक लगायी जा रही है और यह सरकार का षड्यंत्र है यह गुंडागर्दी है और इस गुंडागर्दी को कोई भी सनातनी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

हम सीएम से आग्रह करते हैं कि वो इस पंडाल का उद्घाटन करें

संजय सेठ ने कहा कि कौन नहीं चाहता कि वो प्रभु श्री राम के मंदिर का दर्शन करे। मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करता हूं वह भी अपने परिवार के साथ आयें और दर्शन करें। उन्होंने और समिति के अध्यक्ष ने कहा कि हम चाहेंगे कि मुख्यमंत्री ही इस मंदिर का उद्घाटन करें।

पुलिस का कहना था, बिना परमिशन के पंडाल का निर्माण हो रहा है

मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, श्री रामलला पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव कुणाल आजमानी समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थे। बता दें शुक्रवार को पंडाल का निर्माण कार्य पुलिस के द्वारा रोकने पर समिति में रोष का माहौल था। एक ओर पुलिस का कहना था कि बिना परमिशन के पंडाल का निर्माण हो रहा है। दूसरी ओर पूजा समिति का कहना है कि कहीं भी पंडाल बनाने का परमिशन नहीं लिया जाता, बस सूचना दी जाती है। बाद में विधायक नवीन जायसवाल ने दोबारा काम शुरू करवा दिया था।

श्री श्याम मंदिर में एकादशी उत्सव मना

एकादशी का उल्लास लिये भक्तगण प्रातः काल से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दरबार अनोखा सरकार अनोखी, खाटू वाले की हर बात अनोखी भजनों की लय पर भक्तगण भाव विभोर हुए, अवसर था अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार को एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। एकादशी का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातःकाल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, जूही, बेला, मोगरा, गैंदा व तुलसी दल से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्ज्वलित कर भक्तगण कतारब्रध होकर ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ कर भजनों की अमृतवर्षा की गयी।

श्याम नाम मुख से बोल भाई काम आवेगो... अलबेली इनकी सरकार रटेजा श्याम प्यारे... श्याम तेरा साथ हमको दो जहां से प्यारा है... हम तुम्हारे थे प्रभु जी तुम हमारे हो... इत्यादि भजनों की लय पर देर रात तक भक्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, विकास पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, सुदर्शन चितलंगिया, अजय साबू, अरुण धानुका, अभिषेक डालमिया एवं गौरव परसरामपुरिया का विशेष सहयोग रहा।

सेवा सुरभि के 25वें विशेषांक का लोकार्पण आज

रांची (आजाद सिपाही)। सेवा भारती, झारखंड की लोकप्रिय सेवा जागरण की पत्रिका सेवा सुरभि का सिल्वर जुबली 25वां विशेषांक का लोकार्पण समारोह 15 सितंबर को रांची के पी पी कंपाउंड स्थित गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया है। पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय ने बताया कि विगत 24 वर्षों से समसामयिक विशेषांकों का नियमित प्रकाशन हो रहा है। इस वर्ष 'युग परिवर्तन की ओर' विषय पर विशेषांक प्रकाशित हुआ है। पत्रिका लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि संजय सेठ, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद बजाज, अध्यक्ष, बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय, कोलकाता रहेंगे। इस अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

केनरा बैंक का एटीएम काटकर 6.72 लाख की चोरी

- दो कार में सवार 4 अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- गैस कटर लेकर पहुंचे थे नकाबपोश अपराधी
- स्कॉर्पियो से की जा रही थी रेकी

आजाद सिपाह संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। शनिवार की सुबह तीन बजे नकाबपोश अपराधियों ने सिमलिया हाजी चौक स्थित केनरा बैंक के एटीएम को निशाना बनाया। गैस कटर की मदद से 6.72 लाख की चोरी कर रफू-चक्कर हो गये। अपराधकर्मी दो कार में सवार होकर आये थे। इसमें एक स्कार्पियो रेकी कर रही थी। मामले को लेकर पंडरा ओपी के हेहल काजू बागान आनंद नगर में रहने वाले इपीएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी कुमार नितेश कुमार की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिंगर प्रिंट दस्ते की मदद ली गयी। तकनीकी सेल से घटनास्थल का कॉल डंप भी कराया गया। थानेदार राम नारायण सिंह ने बताया कि अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, रात के 2.55 बजे एक कार आकर एटीएम के आगे रुकी। उसमें में से चार नकाबपोश नीचे उतरे। हाथ में गैस कटर था। पहले सायरन का कनेक्शन और उसके बाद एटीएम काट रुपये की चोरी कर ली। इसमें उन्हें सिर्फ 9 मिनट का समय लगा। सायरन के कटते ही गुड़गांव स्थित हेडक्वार्टर को इसका संकेत मिला। वहां से कुमार नितेश को इसकी टेलीफिनिक खबर आयी। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस जब तक वहां पहुंचती तब तक घटना को अंजाम देकर अपराधी फरार हो चुके थे।

पहले भी हो चुकी है चोरी

29 जनवरी 2022 को अपराधियों ने सिमलिया व मख़्मंद्रों के एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर 55 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने मख़्मंद्रों के एटीएम को आग के हवाले कर दिया था।

17 जुलाई 2024 को सिमलिया एसबीआइ बैक में दुबारा एटीएम मशीन काटकर 7 लाख की चोरी कर पहले की तरह ही अपराधियों ने एटीएम मशीन को आग के हवाले कर दिया था। चोरी के 2 माह भी बीता नहीं है की 14 सितंबर 2024 की सुबह तीन बजे चोरों ने हाजी चौक स्थित केनरा बैंक को निशाना बनाते हुए गैस कटर से एटीएम मशीन काटकर 6.72 लाख की चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली।

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में डीजे नहीं बजाने की हिदायत

गाइडलाइन जारी किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। 16 सितंबर को रांची में निकाले जाने वाले ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसको लेकर सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इसका जायजा लिया। जुलूस अपने अपने क्षेत्रों से सुबह 8-9 बजे निकलना शुरू हो जाएगा। सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमिटी रांची ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल होने वाले तमाम मदरसों, मस्जिदों, खानकाओं, पंचायतों व अन्य लोगों के लिए हिदायत नामा भी जारी किया है। कमेटी ने जुलूस के बेहतर संचालन के लिए ओलमाए एकराम के अलावा12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी के अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन, हजरत अल्लामा मौलाना अलकमा शिबली, इदारे शरिया के नाजिमे आला हजरत मौलना कुतुबबुद्दीन रिजवी, सरपरस्त मो सईद, महासचिव अकीलुर्रहमान ने बताया कि जुलूस कताबद्ध तरीके से उलमाए अहले सुन्नत के कयादत में चलेंगे। कमेटी ने जुलूस में शामिल होने वाले तमाम तंजीम इदारों से अपील की है कि अपने इलाके का जुलूस वक्त पर निकाल कर ठीक 11 बजे तक कर्बला चौक पहुंच जाएं। एकरा मस्जिद के पास होने वाली ओलमा व बुद्धीजीवि व मेहमानों की तकरीर के वक्त अपने-अपने जुलस को रोक कर बजने वाले साउंड को बंद रखें।

ये है गाइडलाइन

साफ-सुथरा और पाकीजा लिबास पहनकर जुलूस में आयें, खुशबू लगा कर जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल हों, सर पर अमामा शरीफ सजाएं या कम से कम टोपी जरूर पहने। नंगे सर हरगिज ना रहें, डीजे और बहुत ज्यादा साउंड का इस्तेमाल नहीं करें, ज्यादा से ज्यादा छोटी गाड़ियों का इस्तेमाल करें, धक्का-मुक्की न करें और एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश ना करें, वक़्त की पाबंदी के साथ अपने-अपने इलाकों से जुलूस लेकर चलें, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशसन का जुलूस में सहयोग लें, झंडो बैनरों में किसी की फोटो हरगीज नहीं लगेंगे, किसी दूसरे मुल्क का झंडा-बैनर नहीं लगाएं।

मरकजी सीरत कमेटी डोरंडा की तैयारी पूरी

मरकजी सीरत कमेटी डोरंडा ने ईद मिलादुन्नबी की तैयारी पूरी कर ली है। शनिवार को सीरत कमेटी के अध्यक्ष अशरफ अंसारी व कमेटी के लोगों ने डोरंडा सीरत मैदान मे होने वाले जलसा स्थल और जुलूस ए मोहम्मदी के स्वागत के लिए बन रहे स्वागत शिविर का निरक्षण किया। अशरफ अंसारी ने बताया कि इस साल भी धूमधाम और आपसी भाइचारगी के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाली जायेगी। आलीशान जलसे का भी आयोजन किया जायेगा। इसके लिए मुल्क के अलग-अलग हिस्से से आलीमेदीन तशरीफ ला रहे हैं। अंसारी ने बताया की डोरंडा में जुलूस ए मोहम्मदी सोमवार की सुबह 7 बजे मदरसा गौसिया गौस नगर मानीटोला से निकलकर सभी मोहल्ले के जुलूस को साथ लेकर सुबह 9 बजे जलसा स्थल मरकजी मैदान डोरंडा पहुंच जाएगा। इसके बाद जलसे का पहला दौर सुबह 9 बजे से शुरू होकर दोपहर एक बजे तक चलेगा। दोपहर 2 बजे रांची से आने वाले सभी जुलूस का डोरंडा यूनुस चौक मे कमेटी और डोरंडा के लोग इस्तकबाल करेंगे।। जलसे का दूसरा दौर बाद नमाजे असर महिलाओं के लिए शुरू होगा, जो रात 9 बजे तक चलेगा। जलसे का अंतिम दौर रात 9 बजे से शुरू होकर पूरी रात चलेगा। मौके मौलाना मनीरूद्दीन, नसीम उल हक ,सरफराज, मुमताज गद्दी, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद तैयब मौजूद थे।

दरगाह कमेटी करेगी जुलूस का स्वागत

रेसालदार शाह बाबा डोरंडा दरगाह कमेटी उर्स मैदान में आने वाले सभी अकीदतमंद व जायरीनों का जोरदार इस्तकबाल करेगा। कमेटी के अध्यक्ष अय्युब गद्दी व महासचिव जावेद अनवर ने कहा कि इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। लंगर के साथ-साथ शर्बत व फल का भी इंतजाम अकीदतमंद व जायरीनों के लिए किया गया है।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस आज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस का प्रेस वार्ता अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय ऑब्जर्वर फोजिया राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित रही एवं संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से 15 सितंबर को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 40 वां स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला गया, जो की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित किया हुआ संगठन आज पूरे देश में मजबूती के साथ काम कर रहा है। 15 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसमें महिला कांग्रेस का मेंबरशिप ड्राइव एवं वेबसाइट प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रांची मुख्यालय में पूर्व. 11. 30 में लांच किया जायेगा। झारखंड महिला कांग्रेस ने इसको नारी शक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाने का झारखंड के सभी जिलों में निर्णय लिया गया है, जिसमें महिलाओं की आर्थिक राजनीतिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को मजबूत बहुत स्तर तक किया जायेगा एवं आधी आबादी को उसका अधिकार मान सम्मान और हर क्षेत्र में उसकी 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो केंद्र सरकार के द्वारा लगातार 2014 से जो महिलाओं के मान सम्मान उनके अधिकार और उनकी भागीदारी के साथ जो खिलवाड़ किया जा रहा है, उसका पूरे राज्य में झारखंड महिला कांग्रेस और जोर विरोध करेंगे एवं आने वाले विधानसभा को लेकर सभी बूथ स्तर तक महिलाओं को सशक्त करने का निर्णय लिया गया है।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुंदरी तिर्की, अनीता सिंह, कंचन चौधरी, संगीता टोप्पो, मीनू सिंह, शहनाज खातून, प्रीति सहाय, मेरी तिर्की, हीरा मिंज, रोज मधु तिर्की, इंदिरा तुरी आदि उपस्थित हुए।

इटकी में धूमधाम से हुई करम पूजा

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी व आसपास के इलाकों में करम पूजा धूमधाम से मनाया गया। भारी वर्षा के बावजूद लोगों ने पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ करम देव की पूजा की। गांवों के प्रायः सभी आखरा में आदिवासी समाज द्वारा करम डाईर गाड़ कर पारंपरिक रीतिरिवाज के साथ पूजा की गयी, जबकि घरों के आंगन में महिलाओं ने पूजा कर भाईयों के लंबी उम्र की कामना की। उल्लास में डूबी महिला-पुरुष युवक-युवक्तियां मांदर की थाप पर रात भर झुमते रहे। इधर प्रायः सभी आखरा को फूल माला, तोरण द्वार, विद्युत सज्जा से सजाया गया है। रविवार को शोभा यात्रा निकाल कर जलाशयों में करम देव और जावा का विसर्जन किया जायेगा।

महिला की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

भतीजों ने ही डायन बिसाही के संदेह में कर दी थी हत्या, एक आरोपी फरार

एक नाबालिक भी निरूद्ध, भेजा गया बाल सुधार गृह

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। थाना क्षेत्र के भसनंदा गांव में गत सोमवार की रात मुन्नी उराइन नामक 47 वर्षीय एक महिला की हुई हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने हत्याकांड में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी पहचान मंगल उरांव (29) सोमरा उरांव (20) और राजू उरांव (25) के रूप में की गयी है। वहीं एक नाबालिग को भी निरूद्ध किया गया है, जिसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। दूसरी ओर, इस हत्याकांड का एक नामजद आरोपी धापा उरांव अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है, जिसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है। पुलिस की मानें तो रिश्ते में भतीजा लगने वाले युवकों ने ही डायन बिहासी के संदेह में गत सोमवार को मुन्नी उराइन की लाठी-डंडे से पीट कर उसकी हत्या कर दी थी। इसकी जानकारी बेड़ो थाना प्रभारी नकुल साह ने दी। शनिवार को उन्होंने बताया कि भसनंदा गांव में डायन बिसाही के आरोप में मुन्नी उराइन नामक महिला की हत्या कर दी गयी थी। इस संदर्भ में मृतका के बेटे सुमित उरांव ने 10 सितंबर को को भादवि की धारा 103/3/(5) बीएनएस एवं डायन प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत भसनंदा गांव निवासी पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद बेड़ो पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सघन छापामारी अभियान चला रही थी। इसी कड़ी में शनिवार को थाना प्रभारी नकुल साह के नेतृत्व में चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान हत्याकांड में शामिल तीन नामजद आरोपियों मंगल, सोमरा और राजू उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जबकि एक नाबालिग को निरूद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया। पुलिस की मानें तो हत्याकांड में शामिल धापा उरांव को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बेड़ो थाना परिसर में गिरफ्तार तीन आरोपी व मौजूद पुलिसकर्मी।

महत्वपूर्ण न्यूज

स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती: कमांडेंट राजीव

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी सैम्बो स्थित ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के उपमहानिरीक्षक पी कुजूर के निर्देशन में 19 दिवसीय स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ शनिवार को प्रखंड के बालालोंग चौक, बालालोंग बस स्टैंड, बालालोंग मंदिर से किया गया। जिसका नेतृत्व रांची ग्रुप केंद्र के कमांडेंट राजीव कुमार ने किया। आगामी दो अक्टूबर तक अभियान के तहत जगह-जगह साफ-सफाई की जाएगी। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक पी कुजूर ने कहा कि हमारे समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने को लेकर सीआरपीएफ के माध्यम से लगातार अपने सभी कैंप क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। कमांडेंट राजीव कुमार ने कहा कि उनकी ओर से अभियान चलाकर यह संदेश दिया जा रहा है कि अपने आसपास की गंदगी को साफ रखें। स्वच्छता ही सेवा अभियान के पूर्व कैंप परिसर में सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। मौके पर रांची ग्रुप केंद्र, रेंज कार्यालय रांची, कंपोजिट अस्पताल के अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

चिलदगा एसएस प्लस 2 हाइस्कूल में नशामुक्ति जागरूकता का आयोजन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह रांची डालसा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शुक्रवार को डालसा, एनसीबी भारत सरकार, सीआइडी झारखंड एवं ड्रग्स कंट्रोल बोर्ड झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में एसएस प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला लिगल ऑथोरिटी सर्विसेज के पंचानन सिंह, रांची एक्सपर्ट मिडिएटर अतुल गेरा, सेव लाइफ ऑर्गेनाइजेशन के आशीष शीतल मुंडा, पर्यावरणविद् व सामाजिक कार्यकर्ता, ड्रग्स कंट्रोल बोर्ड के सहायक निदेशक राजकुमार झा, सीआईडी के रिजवान अंसारी, शैलेंद्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, पीएलभी, बेबी देवी, प्राचार्य संगीता रवि सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शमसुद्दीन अंसारी एंड ग्रुप की ओर से नुक्कड़ नाटक के जरिए नशा से होने वाले पारिवारिक और सामाजिक बुराइयों के बारे में बताया गया। पंचानन सिंह ने बच्चों को नशा से उत्पन्न दुष्परिणामों की जानकारी दी। वहीं, अतुल गेरा ने ड्रग्स को एक साइलेंट आतंकवाद के रूप में जोड़कर बच्चों को बताया। राजकुमार झा ने मेडिसिन में लगे निशानों के बारे में बताया। कहा कि जिसमें लाल निशान लगा हो उसे बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के लेना खतरनाक है। वहीं, मनोहर मंजुल ने एमसी के कार्यों के बारे में बताया और बच्चों को टोल फ्री नंबर के महत्व की जानकारी दी। जबकि रिजवान अंसारी ने सीआईडी के कार्यों पर प्रकाश डाला। संचालन आशीष शीतल और धन्यवाद ज्ञापन संगीता रवि ने किया।

विस्फोट में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

जेबीकेएसएस की पहल पर मृतका के परिजनों को मिला 10 लाख रुपए की मुआवजा राशि

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा/ओरमांझी। ओरमांझी पालू स्थित एसके इंडस्ट्रियल गैसेज फैक्ट्री में विगत दो सितंबर को अचानक हुए गैस विस्फोट में अनिता देवी नामक कार्यरत महिला बुरी तरह झुलस गई थी। उसे इलाज के लिए रांची के सैंमफोर्ड अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर शनिवार को जेबीकेएसएस/जेएलकेएम के केंद्र उपाध्यक्ष जलेश्वर उर्फ मार्शल महतो के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता फैक्ट्री पहुंचे और प्रबंधन के समक्ष पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा देने सहित अन्य मांगें रखी। बताया गया कि मृतक महिला के पति रामटहल मुंडा की मृत्यु वर्षों पहले हो चुकी है। पति की मौत के बाद अनिता देवी यहां मजदूरी कर अपने बच्चों की परवरिश कर रही थी। अब उसकी भी मौत हो जाने के बाद तीनों बच्चे अनाथ और बेसहारा हो गए हैं। बाद में मांगों को लेकर जेबीकेएसएस नेताओं और फैक्ट्री प्रबंधन के बीच शनिवार को वार्ता हुई। इसमें मृतका के पुत्र परमेश्वर मुंडा, मुकेश मुंडा एवं पुत्री संध्या कुमारी भी शामिल थे। इस दौरान प्रबंधन ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपया मुआवजा दिए जाने की लिखित घोषणा की। समझौते के अनुसार एक लाख रुपये नकद और शेष नौ लाख रुपया का भुगतान तीन महीने के अंदर किश्तों में करने को लेकर तीन अलग-अलग चेक दिया गया। इस मौके पर जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन महासचिव सूरज नारायण महतो, केंद्रीय सचिव श्रवण महतो, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष सुधांशु कुमार, ओरमांझी अध्यक्ष रामा महतो, जीतवाहन महतो, राजगीर करमाली, रामसेवक महतो, कुलदीप महतो, उदित मुंडा, समुंदर पाहन, रमेश महतो, फुलेंद्र महतो, रोहित कुमार आदि मौजूद थे।

करमा पूजा एकता-भाईचारगी का देता है संदेश: सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के हुटार गांव में करम पूजा के अवसर पर गांव की महिलाओं व पुरुषों के बीच शनिवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के सौजन्य से प्रतिनिधियों द्वारा साड़ी व गंजी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि करमा पूजा एकता और भाईचारा के साथ जीवन जीने की सीख देता है। करम-धरम की कथा में सामूहिकता का पाठ विद्यामान है, जो सभी वर्गों को मिलजुल कर अपनी-अपनी तरक्की का संदेश देता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में करमा पर्व की महत्ता ज्यादा है। आज समाज में ईर्ष्या-द्वेष काफी बढ़ गया है। सामूहिकता का भाव घटता जा रहा है। इसका समाज में नकारात्मक भाव पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार करमा पूजा पर सामूहिकता, सौहार्द्र और समाज हित के कल्याण का संकल्प लें। मौके पर रंजन गुप्ता, रमेश भगत, प्रदीप कुमार, सुखदेव भगत, विमला टोपनो, सुमंती मुंडा रवि मुंडा, विजय मुंडा व भौवा उरांव आदि मौजूद थे।

हक-अधिकार की लड़ाई को धार देने के लिए अलख जगाने की जरूरत है: सुमित

टाटीपूर्वी पंचायत में चलाया गया जनजागरण अभियान

नामकुम (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड के मुख्यालय मैदान में 17 सितंबर को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की बदलाव संकल्प सभा की तैयारी को लेकर टाटीपूर्वी पंचायत में जनजागरण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव सुमित कुमार महतो ने कहा कि जिस प्रकार धान की रोपाई के बाद हर वर्ष भादो एकादशी पर करम पर्व मनाने के छह से नव दिन पूर्व हमारी बहनें जावा लगाने, अखाड़ा सजाने का काम करती है, उसी तरह झारखंड में नीति-निर्माण एवं हक-अधिकार की लड़ाई को धार देने के लिए लगातार अलख जगाने की जरूरत है। इस दौरान जिला महासचिव राजकिशोर महतो ने अपने विचार रखे। संचालन जिला युवा मोर्चा सचिव सुरेन महतो ने किया। मौके पर महाबीर महतो, प्रेमनाथ महतो, सोनार कुम्हार, महेंद्र महतो, अमरिता देवी, रविंद्र कुमार दीपक, जय मेहता, सुरेंद्र महतो, ज्योतिलाल आदि मौजूद थे।

करम पूजा भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक : रामानंद

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। प्राकृतिक का महा पर्व करम पूजा क्षेत्र के सभी गांवों में धूमधाम से मनाया गया। करमयती अपने भाई की कुशल भविष्य की कामना की और करम राजा से आशीर्वाद मांगा। इस पर्व के शुक्र पर असुर वंशज आदिवासी करमा पूजा समिति आसुवाबेड़ा में विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में टाटी मुखिया सह झामुमो जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि करमा पर्व हम आदिवासी मुल वासियों का एक महा पर्व पर है। जिसे अत्यधिक उपज की प्रार्थना के साथ बहने अपने भाई की धार्मिक प्रगति की कामनाएं करती है। इस लिए यह पर्व भाई बहन के स्नेह का प्रतीक है। हमें अपने बाध्य यंत्र के साथ नाच गाना करते हुए सांस्कृतिक की भी रक्षा करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल करने में समिति के अध्यक्ष जयदेव करमाली, सचिव समद, उपाध्यक्ष दीपक करमाली, आनंद लोहरा, बलराम लोहरा, खुलेशवर, घर्मेंद्र, मगन, दिलीप, अनिल, प्रकाश आदि उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर पूजा समिति का गठन

नामकुम (आजाद सिपाही)। सिद्रौल में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर समिति की बैठक हुई। जिसमें दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें संरक्षक अनिल वर्मा, अशोक सिंह, दुर्गा साहू के अलावा अध्यक्ष रिंकू राय, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा गोप, कोषाध्यक्ष बिजेंद्र राय, सह कोषाध्यक्ष शुभम चेल, उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रभाष झा, रामाशंकर सिंह, गगन माखन, निर्भय राय, बिनीत सिंह, उपेंद्र सिंह, सचिव बिकास, आकाश, विशाल, विकास, चीकू एवं मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा व अमित शर्मा का चयन सदस्य के रुप में किया गया। गौरतलब है कि सिद्रौल में दुर्गा पूजा का आयोजन 1981 से लगातार होता आ रहा है। पहली बार पूजा स्व सुरेंद्र राय के नेतृत्व में किया गया था।

चबूतरा निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

बेड़ो (आजाद सिपाही)। विनय बगीचा स्थित भगवान गणेश के द्वारसिनी परिसर में शनिवार को 15वें वित्त से बनने वाली चबुतरा निर्माण कार्य का बेड़ो पश्चिमी के पंसस राखी भगत ने विधिवत पूजा कर शिलान्यास किया। राखी भगत ने कहा कि यहां पर पौराणिक द्वारसिनी गणेश मंदिर है, जहां प्रतिदिन पूजा करने गांव के लोग आते हैं। पर बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए एक चबूतरा का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बन जाने से लोगों को परेशानी नहीं होगी। वहीं, पूर्व विधायक गंगा टाना भगत ने इस कार्य की सराहनी की। कहा कि यह हमारी धरोहर है। जिसे हमें संजोकर रखना है। कहा कि इस चबूतरे के बनने से लोगों को काफी सुविधा होगी। मौके पर कैलाश कुमार, सोहन महतो, मोहन महतो, बजरंग महतो, बलदेव महतो, जागेश्वर महतो, संजय भगत, मालती देवी आदि मौजूद थे।

श्रीश्री दुर्गापूजा कमेटी गठित, गोवर्धन महतो बने अध्यक्ष

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। दुर्गा मंडप मिलन चौक मंझिला टोली प्रांगण में शुक्रवार को श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति मिलन चौक की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गबेश्वर महतो ने किया। बैठक में इस बार भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष गोवर्धन महतो, सचिव सुरज नारायण महतो एवॉ कोषाध्यक्ष लालमोहन महतो बनाए गए। आयोजन को लेकर वोलेंटियर एवं निगरानी कमेटी का भी गठन हुआ। जिसके प्रमुख सुधांशु कुमार चुने गए। बैठक में संरक्षक के रूप में सखीचंद महतो, वकील महतो, धनंजय महतो, जगेश्वर महतो, ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली, देवराज पहान, इंद्रनाथ साहू, दिलनाथ महतो, युवा टीम के शिवनारायण महतो, राजनारायण महतो, मुलु महतो, डबु महतो, रमनु महतो, जितेन्द्र महतो, बलराम महतो, अमित महतो आदि उपस्थित थे।

इटकी में भारी वर्षा से जन जीवन अस्त-व्यस्त, घरों में कैद रहे लोग

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी व आसपास के गांवों में पिछले 25 घंटे से रह रह कर हो रही मुसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। किसानों के खेतों में व्यापक रूप से चल रही कृषि कार्य भी बूरी तरह प्रभावित हुआ है। खेतों में लगी सब्जी फसल में पानी का जमाव हो गया है। जिससे कई किसानों भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्रखंड के कई प्रमुख सड़कों में जल जमाव से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिले रांची के दैनिक कर्मी

दैनिक मजदूरों की समस्याओं को एक सप्ताह के भीतर किया जायेगा समाधान: डॉ इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों में चालक एवं अन्य पदों पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत कर्मियों ने शनिवार को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। पता चला है कि नियुक्ति के समय से ही इन कर्मियों का मानदेय भुगतान सुचारू रूप से होते आ रहा था पर वर्ष 2022 में रांची के उप विकास आयुक्त रांची द्वारा जिले के विभिन्न बीडीओ को प्रेषित आदेशानुसार इन कर्मियों की सेवा वाहय श्रोत (आउटसोर्सिंग) में राईडर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड रांची को दे दिया गया। इसके प्रतिवाद में मजदूरों ने संगठन ने झारखंड हाई कोर्ट का रूख किया। तब उनकी समस्याओं को सुनते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने छह फरवरी 2023 को नियमित मानदेय भुगतान करने का आदेश दिया था। पर न्यायालय के आदेश के बावजूद अभी तक इन दैनिक वेतन भोगीयों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। दैनिक कर्मियों ने मंत्री से कहा कि मानदेय भुगतान नहीं होने से बच्चों के स्कूल की फीस और बीमार परिजनों का इलाज कराना संभव नहीं हो पा रहा है। पैसे के अभाव में स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। सभी सपरिवार भुखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं। उनकी बातों को गंभीरता से सुनने के बाद मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद अगर इस तरह की नाइंसाफी यहां के आदीवासी मूलवासी दैनिक कर्मियों के साथ हो रही है तो इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस विषय पर संबंधित पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए एक सप्ताह में समाधान किया जायेगा। वहीं, मंत्री से मिलने वालों में अब्दुल कुदुस (नगड़ी), अनिल कुजूर (इटकी), गंगा मुंडा (अनगड़ा), बाबूलाल महतो (ओरमांझी), सुरेश तिलमी (सोनाहातू), विजय करमाली (खलारी), कृष्णा महतो (राहे), आजाद अहमद (लापुंग), कैलाश महतो, माधुरी टोप्पो (चान्हों), मंसूर आलम (कांके), हिमांशु दास, रवि कुमार (बुढमु) शामिल थे।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपते रांची जिले के दैनिक कर्मी।

बेड़ो में धूमधाम से मनाया गया करम पर्व

बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाई-बहन के अगाध प्रेम, प्रकृति व आस्था का पर्व करम शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। शाम में गांवों के अखरा व घर के आंगन में पहान व पंडित द्वारा करम डाल की स्थापना कर भक्ति भाव से भगवान कर्म देव की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही बहनों ने भाई की सलामती और प्यार को अक्षुण्ण रखने के लिए निर्जला व्रत रखा। वहीं बेड़ो अखड़ा में बुधवा पहान द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाली को गाड़ा गया। जिसके समक्ष बैठकर व्रतियों ने करमा धरमा दो भाई बहन की कहानी सुनीं। वहीं भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने करम डाली में रक्षा सूत्र बांधा। आदिवासी समाज के साथ ही सदानों ने भी प्रकृति पर्व पर पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल, सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। चार दिनों पूर्व लगाए गए अन्न में बड़ा-बड़ा जावा हो गया था। बांस व मिट्टी की डलिया में मिट्टी डालकर अन्न रखकर जमाये गए जावा की विशेष पूजा की गई। वहीं रात भर गांव के अखरों में ग्रामीण ढोल, मांदर व नगाड़ा की थाप व परंपरागत नाच गान कर थिरकते रहे।

लापुंग में करम पर्व शांतिपूर्वक संपन्न

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड में प्रकृति पर्व करम की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस करम पर्व में बहन अपनी भाई की सलामती और सुख समृद्धि की कामना के लिए यह व्रत रखतीं हैं। फतेहपुर गांव में करम की डाली को लेकर गांव के बुधवा पाहान द्वारा रंगुआ मुर्गा की बलि देकर करम डाली की पूजा पाठ कर करम पूजा का प्रारंभ किया गया। करम पूजा करमा और धर्मा दो भाइयों की कहानी पंडित द्वारा कहा गया। कथा पूरा होने के बाद करम पूजा की व्रती बेटियों व कुंवारी कन्याओ ने पंडित को प्रसाद व दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। इसके लिए कुंवारी कन्याएं निर्जला उपवास कर अपनी भाई की सुख शांति व समृद्धि की कामना के लिए खीरा का बेटे और प्रसाद और फल फूल चढ़ाया। इसके बाद डीजे और मांदर की थाप पर नाचते गाते नजर आये। रविवार को सुबह करम डाली को नदी व सरोवर में विषर्जन किया जाएगा। वहीं, लापुंग लालगंज, मालगो, महुगांव, फतेहपुर, ककरिया, दोलाइचा के अलाव अन्य गांव में पहानो की ओर से पूजा पाठ किया गया।

टुंडाहोली में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रकाश महतो के प्रयास से टुंडा होली में 15 दिनों से खराब 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया। ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी के बाद भाजयुमो नेता ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू से मिलकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की थी। दोनों नेताओं की पहल पर दो दिनों में ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों में हर्ष है। उधर, नए ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने किया। इस मौके पर मुखिया रमेश बेदिया, प्रधान, सोना राम महतो, गोपाल बेदिया, मनेस महतो, अरविंद महतो, हजरत अंसारी, मुबारक अंसारी, शत्रुघ्न साहू, वरुण साहू, मुन्शी साहू, जयराम मुंडा, दीना नाथ साहू आदि मौजूद थे।

एलएसी पर स्थिति पूरी तरह सामान्य हो

विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की वापसी से जुड़ी समस्याएं 75% तक सुलझ गयी हैं, कई लिहाज से अहम हैं। इसकी टाइमिंग तो खास है ही, आगे-पीछे और समानांतर चल रहे प्रयासों की रोशनी में इस बयान को दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की बढ़ी हुई दोतरफा इच्छा का संकेत माना जा रहा है। भारत और चीन के बीच गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद के चार वर्षों में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दर्जनों दौर हो चुके हैं। लेकिन यह पहला मौका है, जब विदेश मंत्री ने इसमें हुई प्रगति को इस तरह मात्रात्मक अंदाज में व्यक्त किया। इससे पॉजिटिविटी का जो संदेश निकला है, वह इस मायने में भी अहम है कि इससे साथ-साथ चल रहे अन्य प्रयासों की भावना भी रेखांकित होती है। विदेश मंत्री जयशंकर के बयान के कुछ घंटों के भीतर ही ब्रिक्स देशों की एनएसए बैठक के लिए रूस गये राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की। यी विदेश मंत्री भी हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने चीनी समकक्ष के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की जल्द पुनर्बहाली से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की। ये सारे प्रयास इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं कि अगले महीने ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने वाली है। इन बातों का यह मतलब नहीं है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद की उलझी हुई गुत्थी आसान हो गयी है। दोनों के स्टैंड में किसी बदलाव का कोई संकेत अभी तक नहीं है। चीन की तरफ से सीमा विवाद को दरकिनार करते हुए संबंध सुधारने के आग्रह पर भारत का रुख आज भी यही है कि सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल हुए बगैर यह संभव नहीं। भारत यह बताने में भी संकोच नहीं कर रहा कि चार साल पहले एलएसी पर चीन द्वारा की गयी कार्रवाई दोनों पक्षों के बीच उस समय तक बनी तमाम सहमतियों का उल्लंघन थी और आज तक यह भी पूरी तरह साफ नहीं हुआ है कि आखिर चीन ने ऐसा क्यों किया। सामान्य रिश्तों के लिए सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल होने के साथ ही एक-दूसरे पर भरोसा होना भी जरूरी है। उसके लिए दोनों पक्षों के व्यवहार में पारदर्शिता होनी चाहिए। कुल मिला कर, रिश्तों की बेहतरी के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है, लेकिन दोनों पक्ष अगर इसकी इच्छा जता रहे हैं, तो यह भी अच्छी बात है। जहां चाह होती है, वहां राह निकलना बहुत मुश्किल नहीं होता।

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने अपने चीनी समकक्ष के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानों की जल्द पुनर्बहाली से जुड़े पहलुओं पर बातचीत की। ये सारे प्रयास इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं कि अगले महीने ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने वाली है।

अभिमत
आजाद सिपाही

भाषाओं के संसार में हिन्दी की स्थिति अन्य भाषाओं से अलग है। यह लगातार फैल रही है और साथ-साथ सिकुड़ती भी जा रही है। इसे बोलने-समझने वालों की संख्या और उनके भूगोल का लगातार विस्तार होता जा रहा है। लेकिन इसका उपयोग लगातार सिमटता जा रहा है, भाषा गहरी होने की बजाय छिछली होती जा रही है। अगर अंग्रेजी ज्वालामुखी के गाढ़े लावे की तरह पूरी दुनिया को ढक रही है तो हिन्दी तालाब में पानी पर बिछी काई की पतली-सी परत की तरह धीरे-धीरे फैल रही है।

हिंदी पखवाड़े के ढकोसले को बंद कीजिए

योगेंद्र यादव

हिंदी प्रेमी होने के नाते इस 14 सितंबर को हिन्दी भाषी और हिन्दी के शुभचिंतक गण से अपना पुराना आग्रह दोहराना चाहूंगा कि कृपया हिन्दी दिवस और हिन्दी पखवाड़े के ढकोसले को बंद कर दीजिए। साल में एक बार हिन्दी की आरती उतारने की बजाय 365 दिन हिन्दी का इस्तेमाल कीजिए। राष्ट्रभाषा का नकली दावा और राजभाषा की सरकारी धौंस छोड़कर हिन्दी को अपने तरीके से फलने-फूलने दीजिए। दफ्तरों और अफसरों को हिन्दी अपनाने का आदेश भर मत दीजिए। सरकारी कामकाज के लिए ऐसी हिन्दी गढ़िए जिसे बिना अनुवाद के समझा जा सके। बच्चों को हिन्दी पढ़ने-बोलने के उपदेश मत दीजिए, उनके लिए ऐसी कहानियां लिखिए कि उन्हें हिन्दी का चस्का लग जाए।

हिन्दी भाषी डाक्टर, इंजीनियर और मैनेजर हिन्दी में एक पन्ना भी नहीं लिख सकते। बचपन की याद और दोस्तों के बीच चुटकुले सुनाने के लिए हिन्दी बची है, लेकिन देश और दुनिया की चिंता की भाषा हिन्दी नहीं है। एक भारतीय वैज्ञानिक के लिए यह कल्पना करना भी कठिन है कि जापान और कोरिया की तरह ज्ञान-विज्ञान और तकनीक की शिक्षा अंग्रेजी को छोड़ कर हिन्दी में दी जा सकती है।

भाषाओं के संसार में हिन्दी की स्थिति अन्य भाषाओं से अलग है। यह लगातार फैल रही है और साथ-साथ सिकुड़ती भी जा रही है। इसे बोलने-समझने वालों की संख्या और उनके भूगोल का लगातार विस्तार होता जा रहा है। लेकिन इसका उपयोग लगातार सिमटता जा रहा है, भाषा गहरी होने की बजाय छिछली होती जा रही है। अगर अंग्रेजी ज्वालामुखी के गाढ़े लावे की तरह पूरी दुनिया को ढक रही है तो हिन्दी तालाब में पानी पर बिछी काई की पतली-सी परत की तरह धीरे-धीरे फैल रही है।

राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संवाद की भाषा के रूप में भी हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ी है।

2011 की जनगणना के मुताबिक देश में 43 प्रतिशत लोग हिन्दी (या भोजपुरी और मारवाड़ी जैसी किसी उपभाषा) को अपनी मातृभाषा बताते हैं। अगर इसमें उन लोगों की संख्या जोड़ दी जाये जो अपनी दूसरी या तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी का जिक्र करते हैं तो यह आंकड़ा 57 प्रतिशत था। यह आंकड़ा हर दशक में बढ़ा है और अगली जनगणना तक 60 प्रतिशत के पार जाने की संभावना है। हिन्दी भाषा के इस प्रसार का असली काम सरकारी राजभाषा तंत्र ने नहीं बल्कि हिन्दी सिनेमा, गीत, टीवी सीरियल और क्रिकेट कमेंट्री ने किया है। टीवी की दुनिया में हिन्दी का जो स्थान था, वह सोशल मीडिया आने के बाद भी कमोबेश जारी है। यही नहीं, धीरे-धीरे हिन्दी गैर-हिन्दी भाषियों के बीच सेतु का काम करने लगी है।

पहले यह सेना और रेलवे जैसी अखिल भारतीय सेवाओं में होता था, मगर अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर भर्ती करने वाले कॉलेज और यूनिवर्सिटी के युवक-युवतियों में भी देखा जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संवाद की भाषा के रूप में भी हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ी है। हिन्दी का संकट विस्तार का नहीं, गहराई का है। हिन्दी को ज्यादा से ज्यादा लोग अपना रहे हैं, लेकिन सिर्फ बोलचाल की भाषा के रूप में। जैसे किसान का बेटा गांव छोड़ने को लालायित रहता है, उसी तरह हिन्दी को मातृभाषा बताने वाला भी अपनी हिंदी से पिंड छुड़ाने के चक्कर में रहता है। हिन्दी की किताब या पत्रिका को घर में रखने से झेंपता है।

टूटी-फूटी अंग्रेजी बोलने में अपनी शान समझता है, हिन्दी मजबूरी में बोलता है। जैसे ही बस चला, हिन्दी मीडियम की छाप से मुक्ति पाना चाहता है। घर में हिन्दी बोलता भी है, तो मम्मी, मेरे होमवर्क को फिनिश करने में प्लीज मेरी हैल्प कर दो वाली भाषा बोलता है। अभिजात्य वर्ग के लोग अगर हिन्दी बोलते हैं तो सिर्फ ड्राइवर, चौकीदार या बाई, या फिर नानी-दादी। इसलिए अपने अभूतपूर्व विस्तार के बावजूद हिन्दी पहले से हल्की होती जा रही है। हिन्दी साहित्य कमजोर नहीं हुआ है, क्योंकि भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए अब भी हिन्दी का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन भाषा ज्ञान पहले से कमजोर हुआ है। हिन्दी पट्टी के स्नातक हिन्दी की वर्तनी ठीक से नहीं लिख पाते।

हिन्दी भाषी डाक्टर, इंजीनियर और मैनेजर हिन्दी में एक पन्ना भी नहीं लिख सकते। बचपन की याद और दोस्तों के बीच चुटकुले सुनाने के लिए हिन्दी बची है, लेकिन देश और दुनिया की चिंता की भाषा हिन्दी नहीं है। एक भारतीय वैज्ञानिक के लिए यह कल्पना करना भी कठिन है कि जापान और कोरिया की तरह ज्ञान-विज्ञान और तकनीक की शिक्षा अंग्रेजी को छोड़कर हिन्दी में दी जा सकती है। हिन्दी में अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शन की डिग्री तो मिल जाती है, लेकिन इन विषयों पर मौलिक शोध नहीं होता। हिन्दी बोल कर अच्छे पैकेज वाली नौकरी नहीं मिल सकती। सरकारी संघ लोक सेवा आयोग ने भी हिन्दी मीडियम वालों को छांटने के पुखता इंतजाम किये हुए हैं।

अपने वर्चस्व के बावजूद हिन्दी बेचारी है। संख्याबल के बावजूद बेचारगी का यह एहसास कुंठा और हीनताबोध को जन्म देता है। उससे पैदा होती है एक खोखली आक्रामकता। अंग्रेजी की दासी होने की भरपाई हिन्दी अपनी ही बोलियों की सौतेली मां और अन्य भारतीय भाषाओं की सास बनकर राष्ट्रभाषा होने का दावा करती है, अपनी ही बोलियों को अशुद्ध हिन्दी करार देती है। हिन्दी जितना रौब जमाने की कोशिश करती है, उसकी कमजोरी उतना ही उजागर होती जाती है।

आइए इस हिंदी दिवस पर संकल्प लें कि हम इस सरकारी ढकोसले में हिस्सा नहीं लेंगे। न हिन्दी का स्यापा करेंगे न ही उसकी गर्वोक्ति। हिन्दी को अंग्रेजी के समकक्ष दर्जा दिलाने के लिए सिर्फ सरकारी फरमानों का सहारा नहीं लेंगे। हम हिन्दी को समृद्ध बनायेंगे।

हिन्दी को उसका स्थान दिलाने के लिए अन्य भारतीय भाषाओं से बैर नहीं पालेंगे, हिन्दी में समाई अनेक भाषाओं का वजूद नहीं मिटायेंगे।

हिन्दी को इस काबिल बनायेंगे कि वह मां की तरह अपनी उप-भाषाओं का पालन-पोषण करे, आयु में अपने से बड़ी अन्य भारतीय भाषाओं को बड़ी बहन-सा सम्मान दे, भाषाओं के बीच सेतु बनाने के लिए खुद बिछने को तैयार रहे।

देश-विदेश की खबरें

जम्मू-कश्मीर को 3 खानदानों ने बर्बाद किया : मोदी

- ये हैं पीडीपी, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस
- यह चुनाव नौजवानों और इनके बीच

आजाद सिपाही संवाददाता

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए डोडा पहुंचे। यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम में मोदी ने 45 मिनट की स्पीच दी। इस दौरान पीएम मोदी ने परिवारवाद, आतंकवाद, पत्थरबाजी, कश्मीरी पंडित और आर्टिकल 370 जैसे मुद्दों पर जनता को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी खानदान ने बर्बाद किया। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। हम और आप मिलकर एक सुरक्षित कश्मीर का निर्माण करेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वहीं मोदी ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर पलटवार करते हुए कहा- ये कहते हैं अगर 20 सीटें और आतीं तो मोदी समेत सभी नेता जेल में होते। आपको नेताओं को जेल भेजने के लिए सरकार बनानी है, या लोगों के भले के लिए। रैली के जरिए मोदी ने चिनाब घाटी के तीन जिलों, डोडा, किश्तवाड़ और रामबन की 8 विधानसभा सीटों को साधा। 18 सितंबर को चुनाव के पहले फेज में कुल 24 सीटों पर वोटिंग होगी।

एक तरफ तीन खानदान, उनके सामने कश्मीर के नौजवान

पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर कहा- जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव 3 खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक तरफ तीन खानदान हैं, दूसरी तरफ सपने लेकर निकल पड़े नौजवान हैं। इन तीन खानदानों ने मिलकर आपके साथ जो किया, वो किसी पाप से कम नहीं है। तीनों खानदान जम्मू-कश्मीर को दशकों तक बर्बादी देने के जिम्मेदार हैं। इन तीन खानदानों ने यहां करप्शन को बढ़ावा दिया।

भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठायी

कश्मीरी पंडितों पर पीएम ने कहा- तीन दशक से ज्यादा हो गये, इसी दिन हमारे कश्मीरी पंडित टीका लाल टपलू को आतंकवादियों ने शहीद किया था। उनकी हत्या के बाद कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार का अंतहीन सिलिसिला चला है। भाजपा ने कश्मीरी पंडितों के लिए आवाज उठाई, उनका साथ दिया। यहां मंच पर हमारी बेटी शगुन बैठी है। इनके पिता और चाचा दोनों को आतंकवादियों ने मार डाला था। अब भाजपा ने आतंकवाद पीड़ित इस बिटिया को टिकट दिया है। बेटी शगुन सिर्फ कैंडिडेट हैं, ऐसा नहीं है। ये आतंक को खत्म करने के भाजपा के मजबूत इरादों की जीती जागती तस्वीर है।

पुरानी सरकारों में गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर में तीन खानदानों ने यहां अलगाववाद और आतंकवाद के लिए जमीन तैयार की। इसका फायदा किसने उठाया, देश के दुश्मनों ने। ये लोग आतंकवाद को इसलिए पालपोस रहे थे, ताकि इनकी अरबों-खरबों की दुकान चलती रहे। इनके गुनाहों की वजह से हमारे बच्चों की जान चली गयी। ये चंद्रभागा घाटी, ये सालों साल चले आतंकवाद के दौर की गवाह रही है। याद करिए वो समय, जब दिन ढलते ही यहां अघोषित कर्फ्यू लग जाता था। तब केंद्र सरकार के गृहमंत्री तक लालचौक जाने से डरते थे।

जो पत्थर फेंके जाते थे, उन्हीं पत्थरों से आज का कश्मीर बना

यहां आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव आया है, वो किसी सपने से कम नहीं है। जो पत्थर पहले पुलिस और फोर्स पर फेंकने के लिए उठते थे, उन पत्थरों से नया जम्मू-कश्मीर बन रहा है। ये सब कुछ किसने किया है? ये मोदी ने नहीं किया, ये जम्मू-कश्मीर के आप लोगों ने किया है।

जम्मू-कश्मीर फिर से फिल्मों में छायेगा, 10 सालों में यहां हालात बदले

जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने पर मोदी ने कहा- पुराने दिनों में यहां के लोग बड़े गर्व से कहते थे कि मोदीजी यहां इस फिल्म की शूटिंग होती थी। लेकिन आतंकवाद बढ़ने के बाद यहां फिल्मवालों का आना बंद हो गया। 10 वर्षों की मेहनत के बाद ये हालात भी बदलते नजर आ रहे हैं। देश ही नहीं, दुनियाभर से फिल्मवाले शूटिंग के लिए आयें, ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं। इसके लिए नयी फिल्म पॉलिसी भी बनायी गयी है। जम्मू-कश्मीर फिर फिल्मों में और दुनिया में छायेगा।

भाजपा ही आपको पूर्ण राज्य का दर्जा दिलायेगी

जम्मू-कश्मीर का हर आदमी भले वो किसी मजहब, आस्था या वर्ग का हो, भाजपा की प्राथमिकता है आपके हर अधिकार की रक्षा की गारंटी मोदी ने दी है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। ये लोग 370 को वापस लाना चाहते हैं।

ये संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, ये कोई सामान नहीं

आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं, संविधान की किताब कोई सामान नहीं है। ये दिखावा अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए किया जा रहा है। हकीकत क्या है, ये जम्मू-कश्मीर का बच्चा बच्चा जानता है।

कोलकाता रेप-मर्डर : 15 डॉक्टर्स मिलने पहुंचे

आप काम पर लौटिए मांगों पर विचार करूंगी

- 5 घंटे पहले ममता धरनास्थल गयी थीं, बोलीं- मुख्यमंत्री नहीं, दीदी आयी है

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर मामले पर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर शनिवार को शाम 6:30 बजे सीएम आवास पहुंचे। 15 डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की।

सीएम और डॉक्टरों के बीच पांच घंटे में यह दूसरी मुलाकात है। दोपहर 1:30 बजे के करीब ममता स्वास्थ्य भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों से खुद मिलने पहुंचीं थी। डॉक्टर्स 10 सितंबर से यहां प्रदर्शन पर बैठे हैं। ममता ने डॉक्टरों से कहा, 'मेरा पद नहीं, लोगों का पद बड़ा है। मैं मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि आपकी दीदी बनकर आपसे मिलने आई हूं।'

ममता हनर्जी ने कहा कि आप काम पर लौटिए, मैं मांगों पर विचार करूंगी। सीबीआइ से कहूंगी कि दोषियों को फांसी दी जाए। मैं आपके प्रदर्शन को सलाम करती हूं। आपके साथ अन्याय नहीं होने दूंगी।

ममता ने आगे कहा कि यह मेरी तरफ से बातचीत की आखिरी कोशिश है। आपके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि मैं लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने में विश्वास नहीं करती। ममता ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों की रोगी कल्याण समितियों को भंग करने की भी घोषणा की।

ममता अब तक तीन बार डॉक्टरों से बैठकर बातचीत की पहल कर चुकी हैं। डॉक्टरों ने उनके तीनों प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। उनकी 5 मांगें हैं। उन्होंने सरकार से बातचीत के लिए 4 शर्तें भी रखी हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 36 दिनों से हड़ताल पर हैं।

ट्रेनी डॉक्टर की मां बोलीं- उट ममता डॉक्टर्स की मांगों को मानें

ट्रेनी डॉक्टर की मां ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री और आंदोलनकारी डॉक्टरों के बीच बातचीत से नतीजे निकलेंगे। उन्होंने कहा, केवल यह कहने के बजाय कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसे दंडित किया जाएगा, सिर्फ यह कहने से बात नहीं बनेगी। ममता को डॉक्टरों की मांगों को पूरा करना होगा।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर को कोलकाता रेप-मर्डर केस की सुनवाई के दौरान जूनियर डॉक्टरों को 10 सितंबर की शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आदेश न मानने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे ड्यूटी पर नहीं लौटेंगे।

हरियाणा में मोदी बोले : कांग्रेस अर्बन नक्सल का नया रूप

- इनके मुंह में किसानों की मौत का पाप है, आरक्षण खत्म करने वाले हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

कुरुक्षेत्र। हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में पहली रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही (गांधी) परिवार आरक्षण को खत्म करने वाला है। मगर, जब तक मोदी है, आरक्षण की रत्ती भर भी लूट नहीं होने दूंगा।

पीएम ने हरियाणा के लोगों को चेताया कि अगर यहां कांग्रेस की सरकार आयी, तो इसकी हालत भी हिमाचल जैसी हो जायेगी। जहां सरकार के पास कर्मचारियों को सैलरी देने के पैसे नहीं हैं। यहां तक कि सीएम और मंत्रियों को अपनी सैलरी छोड़नी पड़ रही है।

किसानों के मुद्दे पर पीएम ने कहा कि कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है। उन्होंने कांग्रेस को चैलेंज दिया कि वे कर्नाटक और तेलंगाना में इन स्कीमों को लागू करें। मोदी ने कहा कि तेलंगाना में कुछ ही महीनों में 1200 किसान खुदकुशी कर चुके हैं। कांग्रेस के लोगों को डूब मरना चाहिए। उनके मुंह में किसानों की मौत का पाप है। हरियाणा में भाजपा सरकार 24 फसलों पर एमएसपी दे रही है।

इस रैली में हरियाणा की जीटी रोड बेल्ट पर लगते 6 जिलों की 23 विधानसभा सीटों के उम्मीदवार भी मौजूद रहे। ये करनाल, कुरूक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर और कैथल के थे। हरियाणा चुनाव को लेकर 12 सितंबर को नामांकन खत्म हो चुके हैं। अब 5 अक्टूबर को वोटिंग और 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित किए जायेंगे।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा हरियाणा से बेहतर कौन जानता है। हरियाणा में जब-जब कांग्रेस की सरकार आती है, तो दलितों का जीना मुश्किल हो जाता है। 2005 में गोहाना में कितना बड़ा कांड हुआ, मिर्चपुर कांड हुआ। 2012 में जो हुआ, उसे याद करके रूह कांप जाती है, तब मैंने यह कहा था कि दिल्ली के शाही परिवार और पूर्व सीएम हुड्डा के मुंह पर ताले गए थे। मैं एक और बात बताऊंगा, कांग्रेस में एक अंदरूनी महाभारत चल रही है। जिस तरह यहां एक परिवार को आगे बढ़ाकर कांग्रेस राजनीति कर रही है, वह पूरा दलित समाज देख रहा है। भाजपा की सरकार पूरी ईमानदारी से लोगों के विकास में जुटी हुई है। जब यहां कांग्रेस की सरकार थी, तब खर्ची और पर्ची के बिना नौकरी नहीं मिलती थी। भाजपा ने इस खेल को खत्म कर दिया है। इसकी प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। भाजपा की सरकार ने पूरी ईमानदारी से डेढ़ लाख नौकरियां दीं। हमारे मुख्यमंत्री 25 हजार और नौकरियां देने जा रहे हैं, लेकिन हरियाणा कांग्रेस के भर्ती रोकों गैंग ने अड़ंगा लगा दिया। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार आने का मतलब है कि सबका साथ सबका विकास।

मुरहू में धारदार हथियार से वृद्ध की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। मुरहू थानांतर्गत केवड़ा ग्राम निवासी लटुरा पहान नामक 67 वर्षीय वृद्ध ग्रामीण की अज्ञात अपराधी ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी। इस संबंध में खूंटी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, लटुरा पाहन शुक्रवार को केवड़ा साप्ताहिक हाट गया था। शाम में जब वह बाजार से वापस लौट रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात अपराधी ने धारदार हथियार से उसके सिर औरं चेहरे में वारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी उसके स्वजनों को मिलने पर स्वजन उसे इलाज के लिए खूंटी के एक निजी अस्पताल ले आए, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

खूंटी में युवक ने फंदे से झूलकर की खुदकुशी

खूंटी। शहर के खूंटी टोली बस्ती निवासी झूलन लोहरा नामक व्यक्ति के 19 वर्षीय पुत्र विशाल लोहरा ने शुक्रवार देर रात अपने नवनिर्मित घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह जब स्वजनों को घटना की जानकारी हुई, तब तक उसकी मौत हो गई थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से युवक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें स्वेच्छा से आत्महत्या करने और इसमें किसी का कोई दोष नहीं होने की बात लिखी गयी है। जानकारी के अनुसार झूलन लोहरा शहर के एक निजी अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा था। बताया गया कि मोहल्ले के एक लड़की से उसकी शादी तय हो गयी थी। इस घटना को अंजाम देने से पूर्व वह रात एक बजे तक अपनी होनेवाली पत्नी से वीडियो कॉल में बात कर रहा था। पुलिस इन सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

कल्याण गुरुकुल के 28 छात्रों को मिली नौकरी, कोच्चि के लिए किया गया रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल और आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज तथा एक आइटीआइ कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी में बैच नंबर-67 प्लंबर के 23 छात्रों के लिए भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख संतोष कुमार कर उपस्थित थे। संतोष कर ने सभी छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। रोजगार मिलने पर छात्रों ने खुशी जाहिर की। मुख्या अतिथि संतोष कुमार कर ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को कोच्ची के लिए रवाना किया। मौके पर सीनियर प्रिंसिपल किशोर चंद्र मोहती, पिंटू कुमार प्रसाद, चंदन कुमार, वेद प्रकाश, रमेश चंद्र जेना, मो आलमगीर, संतोष कुमार साह, सूरज कुमार, विक्रांत कुमार, गुलशन कुमार, कालिदास आदि मौजूद थे।

बुंडू प्रखंड के कई जगहों पर सामूहिक करम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बुंडू (आजाद सिपाही)। शनिवार को बुंडू प्रखंड के विभिन्न जगहों पर सामूहिक करम महोत्सव मनाया गया। सरना स्थल डांडीलौग टुंगरी, मुंडा कॉलोनी, पांच परगना किसान महाविद्यालय छात्रावास में धूमधाम से मनाया गया। करम पर्व प्राकृतिक लोक पर्व है। यह प्राकृतिक के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का भी परिचायक है। बहने अपने भाई के लिए करम एकादशी व्रत करती है। ताकि भाई बहन का प्रेम बना रहे। करम एकादशी के दिन बहनें भाई का लंबी उम्र का कामना करती है। भादो शुरू होते ही करम पर्व की तैयारी शुरू कर दिया जाता है। भादो मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी के नौवे दिन पूर्व स्थानीय नदी नाला तालाब आदि जलाशयों से नया बांस की डाली में साफ बालू उठाकर, उसमें धान, चना, जौ, कुरथी, मकई, मूंग, उरद सहित नौ प्रकार के बीजों को बोकर जावा उठाती है जिसे बाली कहा जाता है जावा उठाकर घर के अंदर साफ व स्वच्छ जगह पर अधिष्टापित करने वाली बालोंओ को जावा की स्वच्छता के लिए कठोर नियम पालन करना पड़ता है। जावा डाली पर बोये गये बीजों को अंकुरित करने के लिए प्राकृति की शुद्ध वातावरण के साथ आवश्यकता के अनुरूप धूप दिखाना हल्दी पानी पटवाना आदि युवतियों के जिम्मे में होती है बाद में जब अंकुरित होता है जिसे जावा कहते हैं भादो एकादशी के दिन गांव के पाहन करम के प्रतीक करम पेड़ की डाली को अखरा के मध्य में लगाया जाता है। युवतियां भादो दशमी को संजोत कर दूसरे दिन एकादशी को निर्जला उपवास रहकर करम डाली के समक्ष जावा की आराधना करती हैं। इसके बाद रात भर डाली को जगाया जाता है। दूसरे दिन डाली जावा का विसर्जन कर दिया जाता है।

बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र के लिए करमा पर्व पर रखा निर्जला व्रत

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में हर्ष उल्लास से करम पर्व मनाया गया। बहनों ने करम डाली की पूजा अर्चना के बाद शनिवार की रात मांदर, ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। गांव के स्थापित अखड़ा में निर्धारित समय पर करम डाल गाड़ कर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गयी। महिलाओं और बहनों ने करम देव की पूजा अर्चना कर अपने भाई की दीघार्यु की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने निर्जला उपावस रखे,और करम देव की कथा सुनी। कस्तूरबा गांधी विद्यालय सोनाहातू ओर झारखंड आवासीय विद्यालय राहे में करम डाली गाड़ कर छात्राओं ने पूजन किया।राहे प्रखंड के कडियाडीह गांव के अखड़ा में पूर्व मुखिया कलावती देवी के आंगन में करम डाल की पूजा की गयी।

आदिवासियों और मूलवासियों की एकता की पहचान है करमा का त्योहार : कोचे मुंडा

तोरपा के विधायक ने विभिन्न गांवों के लोगों के बीच किया मांदर का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। करमा का त्योहार झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों की एकता की पहचान और झारखंडी संस्कृति का प्रतीक है। सदियों से यहां के आदिवासी और मूलवासी मिलजुल करमा का त्यौहार मनाते आ रहे है। ये बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कही। विधायक शनिवार को ममरला स्थित आवास में विभिन्न गांवों के लोगों के बीच मांदर का वितरण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि करमा न सिर्फ भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व है, बल्कि यह मानव जीवन का प्रकृति के साथ जुड़ाव को भी दिखाता है। विधायक ने कहा कि हमें किसी भी हाल में अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ना चाहिए। सरहुल, करमा, जितिया आदि त्योहार यहां के आदिवासियों की सांस्कृतिक पहचान है। हमें इस संस्कृति और परंपरा को अक्षुण्ण बनाकर रखने की जरूरत है। मौकें पर करमा महोत्सव का भी आयोंजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों के साथ विधायक भी मांदर की थाप पर जमकर झूमे। इस अवसर पर सावना उरांव, बोयला उरांव, सुकरा मुंडा, हिनुवा पाहन, गादू उरांव, मारकुस लकड़ा, बुधु पाहन, घसिया पाहन, बादू पाहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अड़की प्रखंड के डोरेया गांव में करम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

अड़की। अड़की प्रखंड के डोरेया गांव में करम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर उनकी पत्नी आरती राजा पीटर शामिल हुए। अखाड़ा में करम की डाली गाड़कर पाहान द्वारा पुजा अर्चना किया गया। बाद में नगाड़ों की ताल पर आंकड़ा में नाज गाण किया गया मुंडाओं द्वारा परंपरागत तरीके से मुख्य अतिथि का गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। महिलाएं पुरुष नौजवान बहने परंपरागत कपड़े पहनाकर खुब नाचे गाये फिर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजा पीटर ने उपस्थित जन समुहो को संबोधित करते हुए करम त्योहार के बारे में बताया। इस अवसर पर सुकराम सिंह, मुंडा लाल मुंडा, सोहराई मुंडा, जगरनाथ मुंडा, डोमा मुंडा, जगमोहन मुंडा, विनोद मुंडा, नीतीश पांडेय, सैनाथ मुंडा, विश्व नाथ मुंडा, राजा कर्मकार, सत्य नारायण मुंडा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

ग्रामीण क्षेत्र में मनाया गया प्रकृति का पर्व करम

ईचागढ़। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को प्रकृति का पर्व करम पूजा धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं विगत दिन पहले ही नदी, सतिया, नाला से बालू का उठाव करती है, और वंहा से अपने-अपने घर लाती है। बालू उठाव को ग्रामीण क्षेत्रों में जावा बोला जाता है, प्रतिदिन सुबह शाम जावा को घर से निकाल कर आंगन में रखा जाता है। जावा के चारों तरफ महिलाएं गीत गाकर घूमती है। पूजा के दिन सुबह को महिलाएं और किशोरी बालिकाओं जंगल जाकर फुल तोड़ कर लाती है। और दोपहर को पंडित के द्वारा पूजा अर्चना किया जाता है। वही ग्रामीण निमाई चंद्र महतो ने बताया कि करम परब प्रकृति को सरंक्षित और समृद्ध करने के साथ साथ जीवन को गति देने वाला त्योहार है। बहनें अपनी भाई के लिए करम एकादश करती है, ताकि भाई-बहन का प्रेम बना रहे। करम एकादश के दिन बहनें भाई की लंबी उम्र का कामना करती है। भादो शुरू होते हुए ही करम परब का तैयारी शुरू कर दिया जाता है। खेतों में काम समाप्त होने के बाद बहनें व्रत करती है कि अब अनाज की कोई कमी नहीं होगी।

खूंटी में धूमधाम से मना करमा त्योहार ढोल-मांदर की थाप पर खूब झूमे श्रद्धालु

खूंटी। पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति से झारखंडियों के लगाव और शांति-खुशहाली तथा भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा का त्यौहार शनिवार को जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों सहित आसपास के आदिवासी व सदान बहुल गांवों के अखरा और घरों के आंगन में करम डाली को गाड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मांदर ढोल की थाप पर सामूहिक नाच गान का जो दौर शुरू हुआ वह रात्रि पर्यंत जारी रहा। आदिवासियों के अखाड़ों में पाहनों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये, जबकि गैर आदिवासियों (सदानों) के अखड़ा और घरों में पुरोहितों ने पूजा-पाठ कराये। पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी शहर के करम अखड़ा में सामूहिक करम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सामूहिक करम महोत्सव में सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, सुरजू हस्सा, अनमोल हस्सा, मोदेस्ता टोपनो, शंकर सिंह मुंडा, नरेश तिर्की, संदीप हस्सा, राम मुंडा, कुंवारी होरो, सुनीता गुड़िया, अनूप मुंडा सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष व बच्चे और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इसके अतिरिक्त बिरसा कॉलेज स्थित आदिवासी छात्रावास सहित अन्य क्षेत्रों में भी करमा का त्योहार उल्लास पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया।

मैकलुस्कीगंज में हर्षोल्लास से मनाया गया करम पर्व

मैकलुस्कीगंज। मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक पर्व और भाई बहन के प्रेम का प्रतीक कर्मा पर्व हर्षोल्लास से मना। करम पूर्व को लेकर बहनों ने उपवास रखा और रात्रि में पाहन के द्वारा करम डार के समक्ष पूजा अर्चना की गयी। क्षेत्र के धमधमिया, करकट्टा, ढुब, बिरसानगर, अगरवा टोला, नावाडीह, हेसालोग, बकुलिया टॉड, बड़की टॉड, शांतिनगर, बहेरा टॉड, सरना,कोनका, लपरा चट्टी नदी, जोभीया, दुल्ली, हरहु, केदल, सहेदा सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में अखरा में करम डार की पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गयी और रात भर मांदर नगाड़े की थाप पर जमकर नृत्य चलता रहा।

खूंटी के मारंगहादा की झाड़ियों में मिला नवजात शिशु, सदर अस्पताल में इलाजरत

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला काल क्लयाण समिति ने शनिवार को मरंगहादा बाजार के पास एक झाड़ी से बरामद किया गया और उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, चाइल्ड हेल्प लाइन के सहयोग नवजात शिशु को बरामद किया गया। उस नवजात को किसी ने झाड़ी में फेंक दिया था। उन्होंने बताया के बच्चे के झाड़ी में होनें की सूचना बाल कल्याण समिति को मारंगहादा थाने के पुलिस अवर निरीक्षक से मिली थी। नवजात शिशु का इलाज सदर अस्पताल के एसएनसीयू यूनिट में चल रहा है।

पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में हिंदी दिवस मनाया गया।विद्यालय की प्राचार्य डॉ. आर चौधरी सहित अन्य शिक्षको ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने हिंदी के महत्व और इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आर चौधरी ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति की पहचान है। हिन्दी भाषा हमारे देश के संस्कार और संस्कृति के लिए जरूरी है।

खूंटी में 45 नये पीएलवी के चयन के लिए साक्षात्कार 20 सितंबर से

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा 45 नये पीएलवी का चयन किया जाएगा। इसका साक्षात्कार 20, 21 और 22 सितंबर को सुबह नौ बजे से लिया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के प्रभारी सचिव ने बताया कि चयन की अधिसूचना 11 सितंबर 2024 को सिविल कोर्ट खूंटी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जा चुकी है। इसका प्रवेश पत्र भी जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया की नये चयनित पीएलवी को पंचायत स्तर पर कार्यरत विधिक सहायता केंद्र से जोड़ा जायेगा, ताकि ग्रामीण लोगों को तुरंत न्याय मिल सके।

डायरिया से पीड़ित परिवार से मिले राजा पीटर

बुंडू (आजाद सिपाही)। आजाद सिपाही में छपी खबर का असरः बडकोलमा गांव में डायरिया का प्रकोप दस लोग बिमार को लेकर शनिवार को बिरसा विकास समिति के संरक्षक और पुर्व विधायक राजा पीटर ने उक्त गांव का दौरा किया। लोगों का हाल-चाल जाना साथ ही बीमार व्यक्तियों को अच्छा इलाज के लिए बुंडू के अनुमंडल अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर दिलीप पासवान से भी बात की। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी रोशन उर्फ प्रदीप महतो नीतीश पांडेय, अटकू चौधरी, बंटी मुंडा आदि उपस्थित थे।

भाजपा 22 को खूंटी में निकालेगी परिवर्तन रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में परिवर्तन रैली को लेकर शनिवार को जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में रैली को सफल बनाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। मौके पर मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार, अपहरण, हत्या, दुष्कर्म, सांप्रदायिकता, पेपर लीक कर युवाओं को ठगने वाली सरकार को जनता ने बदलने का संकल्प लिया है। आगामी 22 सितंबर को खूंटी में परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ खूंटी कें बाबा आम्रेश्वर धाम से किया जायेगा। यह परिवर्तन यात्रा कचहरी मैदान खूंटी में पहुंच कर सभा में तब्दील हो जायेगी। समीर उरांव ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल होंगे। बैठक में खूंटी विधानसभा के प्रभारी ओम सिंह, खूंटी व तोरपा विधानसभा के प्रवासी मुकेश शर्मा और उपेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष कांशी नाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, जगन्नाथ मुंडा, गंदौरी गुड़िया, भगीरथ राय, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, जिला मंत्री मंजू देवी, गोपाल स्वर्णकार, लक्ष्मी देवी, संजय नाग, मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, अर्जुन पाहन, कलिंदर राम, विजय राम, पुरेंद्र मांझी, सीता राम नाग, राम ध्यान सिंह, परशुराम दास, जिला मोर्चा अध्यक्षः सीमा सिंह, रोहित कुमार साहू, संतोष त्रिपाठी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, राजेश महतो आदि उपस्थित थे।

चोरों ने पिकअप वैन चोरी कर फरार हो गये

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना से महज एक किलोमीटर की दुरी रांची टाटा पथ के सर्विस रोड रायडीह मोड़ पर शनिवार को माल लदे एक पिकअप वैन नंबर जेएच 05 डीके 9590 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर फरार हो गये लगभग चार लाख के तेल लदे थे। सुबह देखें गाड़ी नहीं है। गाड़ी का जीपीएस सिस्टम को भी तोड दिया गया है। इस संबंध में तमाड़ थाना में अमित गुप्ता ने मामला दर्ज किया है। पुलिस गाड़ी व माल बरामद करने के लिए छापामारी कर रही है।

60 स्कूली बच्चों के बीच साइकिल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नेसार अहमद ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे राय पंचायत की मुखिया शीला देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शीला देवी द्वारा साइकिल वितरण के साथ किया गया। इस क्रम में सत्र 2024-25 मे अष्टम कक्षा में अध्ययन करने वाले एसटी, एससी,ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं के बीच 60 साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान निःशुल्क साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र छात्राओं ने कहा कि विद्यालय आने जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल से आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया शीला देवी ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राज्य सरकार से मिले उपहार छात्र-छात्राओं के आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य नेसार अहमद, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, अनूप कुमार सिंह, विकेश कुमार, संजय दास, रामसुन्दर सिंह, रागिनी प्रिया, गणेश बैठा, सुमन देवी, शांति प्रिया, सोनी कुजूर, शोभा देवी,समाजसेवी विजय पहान, रामकुमार भुईया, विजय कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

देश को एक सूत्र में जोड़नेवाली भाषा है हिंदी : सकलदीप भगत

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में शनिवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक सकलदीप भगत ने की। मौके पर देश में हिंदी भाषा का महत्व और संस्कृति में योगदान विषय पर छात्रा आरजू और आसना तथा कई शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किए।

रंग लाया पलामू सांसद विष्णु दयाल राम का प्रयास, प्रधानमंत्री आज दिखायेंगे हरी झंडी

टाटानगर से डालटनगंज-गढवा रोड स्टेशन होते हुए पटना जायेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम का लगातार प्रयास रंग लाया है। केंद्रीय रेलवे मंत्री के आश्वासन के बाद रेलने ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 21893/21894 को टाटानगर से पटना वाया डालटनगंज एवं गढवा रोड़ स्टेशन होकर चलाने का निर्णय लिया है। उक्त ट्रेन का परिचालन पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डालटनगंज, गढ़वा रोड़ होकर चलाने की मांग जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस संबंध में सांसद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत मामले को उठाया था एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर मांग किया था। उक्त ट्रेन के परिचालन के लिए शुक्रवार को रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। रविवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उक्त ट्रेन के परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता का अब पटना एवं टाटानगर का आवागमन सुलभ होगा। सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रकेंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति अपनी और पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

पलामू सांसद वीडी राम।

पलामूवासियों को सांसद वीडी राम ने दिया वंदे भारत ट्रेन का तोहफा: आनंद

चेंबर करेगा पलामू संसद और ट्रेन के प्रथम आगमन का भव्य स्वागत, हवाई सेवा के लिए भी जारी है प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने शनिवार को बैठक कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पलामू के व्यवसाईयों का सपना था कि हमारे यहां से भी वंदे भारत ट्रेन चले, जो पलामू सांसद विष्णु दयाल राम जी के चलते अब पूरा होने जा रहा है। जिसके लिए चेंबर के सभी एग्जीक्यूटिव सदस्यों ने शनिवार को बैठक कर सांसद को बधाई दी है। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि रविवार को जमशेदपुर में इस ट्रेन का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा किया जाएगा। जमशेदपुर से प्रातः 5.30 बजे वंदे भारत ट्रेन रवाना होगी, जो सुबह 10.42 बजे डाल्टनगंज होते हुए अपराह्न 3.55 बजे (5 घंटे में) पटना जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन सप्ताह में अभी दो दिन चलेगी जिसे कुछ समय के बाद प्रतिदिन करने की संभावना है। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि सांसद ने आश्वस्त किया है अब एक बार बंदे भारत का डाल्टेनगंज से संचालन शुरू होने के बाद बनारस का भी जल्द संचालन शुरू कराया जाएगा। चेंबर अध्यक्ष ने बताया कि हम सब को सांसद जी से काफी उम्मीद है। जल्द हमारा प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर हवाई सेवा से भी जुड़ेगा जिससे प्रमंडल के विकास को और भी गति प्रदान होगी। सभी उपस्थित सदस्यों ने हमारे शहर को उपहार के रूप में बंदे भारत ट्रेन दिए जाने के लिए सांसद का उनके मेदिनीनगर आगमन पर भव्य स्वागत करेगा। संचालन महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया।

कर्पूरी ठाकुर शोषित पीड़ित के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे: विधायक

डॉ शसिभूषण मेहता ने किया कर्पूरी भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शानिवार को डाक बांगला परिसर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर भवन का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के पहले राष्ट्रीय नाई महासभा के लोगों के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का भव्य स्वागत किया। शिलान्यास के पहले विधायक ने कर्पूरी चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए पिछले कई वर्षो से मांग की जा रही थी.` लेकिन कांग्रेस की सरकार ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखायी। पर केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का काम किया गया। उन्होंने कहा की कर्पूरी जी ने ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण दिया था, तो कांग्रेस के लोगों ने स्कूल कॉलेज में आग लगा दिया था। कर्पूरी जी शोषित पीड़ित के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। वह व्यक्ति नहीं विचार थे। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि चुनाव नजदीक है। सभी पार्टियों के नेता आयेंगें और तरह-तरह के प्रलोभन देंगें, लेकिन ऐसे नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय नाई महासभा जिला अध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अमलेश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, रंजय ठाकुर, संजय ठाकुर, सुदेश्वर ठाकुर, कृष्णा ठाकुर सुरेंद्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, बिगन ठाकुर, लाला प्रसाद यादव, सुनील कुशवाहा, साधु मांझी, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, सुनील प्रसाद गुप्ता,जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, कार्तिक सिंह, अखिलेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

हुसैनाबाद में इस बार होगा परिवर्तन : कर्नल संजय

हुसैनाबाद में किसान संकल्प महापंचायत 23 सितंबर को, जनसंपर्क अभियान तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। किसान ब्रिगेड के बैनर तले हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान 23 सितंबर को होने वाली किसान संकल्प महापंचायत के लिए जनसंपर्क अभियान जोर-शोर से जारी है। किसान ब्रिगेड की टीम पंचायत स्तर पर जागरूकता फैलाते हुए क्षेत्र के किसानों और आम जनता को इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में शामिल होने का आग्रह कर रही है। शनिवार को किसान ब्रिगेड की टीम ने कुर्मीपुर, डंडीला और जमुआ पंचायतों में लोगों से मुलाकात कर महापंचाययत में आने का आह्वान किया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह संघर्ष केवल किसानों का नहीं, बल्कि आम जनमानस का है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही है, लेकिन कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं है। कागजों पर विकास के दावे तो बहुत किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। कहा कि यह महापंचायत एक बड़ा मंच होगा, जहां क्षेत्र के किसान, युवा और महिलाएं अपनी समस्याओं को उजागर कर सकेंगे। किसान संकल्प महापंचायत का यह आयोजन हुसैनाबाद के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी शक्ति और समर्पण के साथ पंचायत स्तर पर जनसंपर्क को और तेज करें. लोगों को 23 सितंबर को होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। मौके पर बुटन यादव, गणेश राम, सत्यनारायण यादव, दशरथ राम, पच्चु शर्मा, जगनारायण चौधरी, राजकुमार प्रजापति, संतोष पासवान, जितेंद्र राजवंशी, महेश मेहता, लल्लू पासवान, दुलारी देवी व फुलकुंवर देवी आदि उपस्थित थे।

हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है : डॉ एके सिंह

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को हिन्दी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एके सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र एवं मुंशी प्रेमचंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। शिक्षिका रागिनी एवं सीमा कुमारी द्वारा हिन्दी भाषा की उपादेयता पर आधारित विचार प्रस्तुत किए गए। शिक्षक दिलीप कुमार मिश्रा, सोनुदास द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। शिक्षक गौरव कुमार, अभिनव पांडेय, बबलू प्रजापति, नंद दुलाल राय, राकेश कुमार एवं उज्ज्वल पाठक ने भी हिन्दी भाषा के महत्व वाले गीतों व तथ्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि भारत दुनिया में विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म, परंपरा और भाषागत विविधता के बावजूद यहाँ के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। हिन्दी, भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। 1949 में हिंदी को देश में सर्वोच्च भाषा मानकर राजभाषा का दर्जा दिया गया। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी क्षेत्र में बोली जाने वाली हिन्दी आज राष्ट्रभाषा का दर्जा पाने में असमर्थ है।

समाहरणालय में मनाया गया हिंदी दिवस

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीडीसी शब्बीर अहमद ने कहा कि हिंदी भारत की सबसे व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है,यह देश की विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का काम करती है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह भाषा सरकार शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपयोग की जाती है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमें हमारे विरासत की याद दिलाता है। भारत में हिंदी साहित्य का बहुत बड़ा योगदान है, प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक हिंदी साहित्य ने समाज को दिशा दी है। कबीर,तुलसीदास, प्रेमचंद महादेवी वर्मा और अन्य लेखकों और कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। वे शनिवार को अपने कार्यालय के सभागार में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन ने हिंदी दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला, वहीं अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी इस अवसर पर अपने-अपने विचार रखें।

प्रसव के बाद महिला की मौत, हंगामा

शव लेकर आये एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने रोका

- परिजनों का चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप
- रेहला पुलिस के हस्तक्षेप पर एंबुलेंस वापस गया

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। रेहला थाना क्षेत्र स्थित केताता गांव की महिला की मौत प्रसव के दौरान मेदिनीनगर जिला अस्पताल में हो गयी। शव लेकर गांव आए सरकारी एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने वापस जाने से रोक दिया। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से महिला की जान गई है। हालांकि रेहला पुलिस के हस्तक्षेप पर एंबुलेंस शव को लेकर वापस मेदिनीनगर जिला अस्पताल गया। जहां मृतिका के शव का पोस्टमार्टम हुआ। जानकारी के अनुसार केतात गांव निवासी पिंटू ठाकुर की पत्नी रीना देवी (25) को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने परिजनों को बताया गया कि रीना के शरीर में खून की कमी है। जिसके बाद रीना को एक यूनिट खून चढ़ाया गया। रात आठ बजे ऑपरेशन के बाद रीना ने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों के अनुसार रात 12 बजे के आसपास चिकित्सकों ने बताया कि रीना की मौत हो गई है। परिजनों को रीना की मौत का कारण भी नहीं बताया गया। शनिवार अहले सुबह चार बजे सरकारी एंबुलेंस से रीना के शव को जबरदस्ती केतात गांव भेजा दिया गया। शव लेकर आए एंबुलेंस को चालक सहित ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। ग्रामीणों का आरोप था कि चिकित्सक की लापरवाही से रीना की जान गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं दिया गया। अपनी कमी व लापरवाही छिपाने के लिए शव को आनन फानन में घर भेज दिया गया। ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम करने, दोषी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों पर कार्रवाई करने और परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। उधर, सूचना मिलने के बाद रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ मृतिका के घर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया बुझाया। इसके बाद पुलिस शव को उसी एंबुलेंस से एमएमसीएच लेकर गई। लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने वहां के चिकित्सकों पर अविश्वास प्रकट किया, जिसके बाद सिविल सर्जन ने पोस्टमार्टम के लिए शव को रांची रिम्स अस्पातल भेज दिया। ग्रामीणों के विरोध का नेतृत्व पूर्व मुखिया रवि शंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे ने किया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे, झारखंड विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकास दुबे, अंजू अभिमन्यु टीम के मीडिया प्रभारी राहुल दुबे, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, झामुमो नेता संजय चौबे, अरविंद चौबे, नवीन चौबे, चंद्रप्रकाश चौबे, उदय दुबे सहित कई लोग मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

जपला एके सिंह कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला एके सिंह कॉलेज में कर्मा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान और आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष सह खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह, प्रो रेखा कुमारी सिंह, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, अरूण कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार सिंह, बरसर शशि भूषण, नामांकन प्रभारी सुधीर कुमार सिंह, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, वृंदा कुमारी एवं अर्चना कुमारी आदि मौजूद रहे।

प्रवीण तिवारी बनाये गये झामुमो युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष

पलामू (आजाद सिपाही)। शनिवार को झामुमो जिला कार्यालय में झामुमो युवा मोर्चा के हुए कार्यक्रम में प्रवीण तिवारी को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। साथ ही झारखंड के जेएच जीरो थ्री के नाम से मशहूर यू ट्यूबर फरहान खान और दर्जनों युवा झामुमो युवा मोर्चा में शामिल हुए। प्रवीण तिवारी ने उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए झामुमो युवा मोर्चा का आभार जताया। झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा मुख्य रूप से कार्यक्रम में मौजूद थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला और संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा हमें पूर्व विश्वास है की प्रवीण तिवारी उपाध्यक्ष का दायित्व निभायेंगे और पार्टी का विस्तार मजबूती से करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता युवाओं में लगातार बढ़ रही है जिसके वजह से झामुमो से पलामू के युवा भी तेजी से जुड़ रहे हैं। झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष और सचिव का धन्यवाद देते हुए प्रवीण तिवारी ने कहा कि मुझे उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपने के लिए युवा मोर्चा का धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाई कल्याणकारी योजनाओं को सबों तक पहुंचाने और युवाओं, गरीबों और दलितों को उनका लाभ मिले इसका प्रयास लगातार करूंगा। ये सभी रहे मौजूद प्रवीण तिवारी ने आगे बताया कि वो झामुमो से पहले से जुड़े हुए हैं और आज उन्हें ये दायित्व मिला इसके लिए भाव विभोर हैं, उनके मित्रों और समर्थकों में भी इससे उत्साह का संचार हुआ है। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, संगठन सचिव अरविंद चौधरी, संयुक्त सचिव आकाश सिंह श्रेय, संजय चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, चैनपुर प्रखंड के सचिव रंजीत कुमार उपस्थित थे। झामुमो युवा मोर्चा में मुख्य रूप से शशि भूषण, अमन कुमार, अमर्त्य, दिव्यांक कुमार, शिवम कुमार, ऋतिक वर्मा, उपेंद्र शर्मा, पीयूष तिवारी, सत्या सिंह, नवल सिंह, मंदीप कुमार, शिवम वर्मा, इम्तियाज अली, शोएब खान, शकीब अली शामिल हुए।

हिंदी सबसे सरल व सुलभ भाषा है : डॉ उदयभान सिंह

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्र रोहन द्वारा हिंदी भाषा में सभा का संचालन किया गया। विद्यार्थियों के लिए हिंदी दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कविता, दोहे और हास्य कविता प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन कक्षा 3- 5 व 10 के विद्यार्थियों द्वारा हिंदी भाषा पर नाटक मंचन प्रस्तुत किया गया। जिसमें आरुषि, अमर, आलिया, अद्रिका ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक रूपेश और शिक्षिका रंजना का बड़ा योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीएड कॉलेज के डॉ उदय भान सिंह और प्राचार्य मनुज शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ उदय भान सिंह ने कहा कि हिंदी भाषा हमारे देश की आन, बान और पहचान है। जो हमारे देश में बहुसंख्यक लोगों द्वारा बोली और समझी जाती है। हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो सरल व सुलभ समझी जाती है। हमें हिंदी भाषा के अस्तित्व को बनाए रखना चाहिए।

स्पोर्ट्स

एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को चीन के हुलुनबुइर में खेले गए मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी : भारत की लगातार पांचवीं जीत

भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हराया

दोनों ही गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए

हुलुनबुइर (एजेंसी)। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। मुकाबला चीन में हुलुनबुइर के मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार पांचवीं जीत है। भारत के लिए दोनों गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किए। जबकि पाकिस्तान की ओर से अहमद नदीम ने गोल किया। भारत 5 मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। जबकि पाकिस्तान 5 में से 2 मुकाबले जीतकर दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं।

मुकाबले के दौरान पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मुकाबले का पहला गोल पहले क्वार्टर के 7वें मिनट में पाकिस्तान के अहमद नदीम ने किया। यहां शाहीन ने शॉट खेलते हुए डी के अंदर बॉल डाली थी, जिसे नदीम ने डिफ्लेक्ट करके गोल कर दिया। इसी के साथ पाकिस्तान इस मुकाबले में 1-0 से आगे हो गया। इसके बाद 13वें मिनट में भारत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट करके बराबरी कर ली। हरमनप्रीत सिंह ने गोल पोस्ट के राइट कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक करके गोल किया। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत (19वें मिनट) में भारत को कप्तान हरमनप्रीत ने बढ़त दिला दी। अभिषेक के इंजेक्ट पर हरमनप्रीत ने गोल पोस्ट के सेंटर में शॉट लिया। यही गोल निर्णायक साबित हुआ।

भारत की पाकिस्तान पर 8वीं जीत

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर यह 8वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच यह 12वां मुकाबला था। इस दौरान पाकिस्तान केवल 2 मैच जीत सका है। वहीं 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। बताते चलें कि भारत के साथ इस टूर्नामेंट में चीन, कोरिया, जापान, मलेशिया, और पाकिस्तान भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल 16 और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

भारत सबसे सफल टीम

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत 13 साल पहले 2011 में हुई थी। भारतीय हॉकी टीम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने चार और पाकिस्तान ने तीन बार खिताब जीता है। वहीं 2021 में साउथ कोरिया ने टाइटल जीता था।

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING
OFFICE: General Manager (SLDC) JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002
(Jharkhand) (E-mail: sldcranchi@gmail.com) Website: www.jusnl.in

E- TENDER NOTICE

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works: -

NIT No.	Name of the work	Estimated Cost (In Rs.)	Earnest Money (In Rs.)	Cost of BoQ (Non-Refundable) (In Rs.)
195/PR/JUSNL/ 2024-25	DESIGN, DEVELOPMENT, SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISSIONING OF SAMAST SOFTWARE SCHEME WITH DATA CENTRE & DISASTER RECOVERY CENTRE SET UP AND COMPREHENSIVE AMC FOR STATE LOAD DESPATCH CENTER, JUSNL, RANCHI.	Rs. 259,948,619.20 (including GST)	Rs.51,99,000/- (including GST)	Rs. 10,000/- + 18% GST

Start Date & Time of upload of Bid	17.09.24 at 11:00AM
Start Date & Time of Download the Tender Documents	17.09.24 at 03:00PM
Pre-Bid Meeting Date & Time	24.09.24 at 12:30 PM
End Date & Time of upload of Bid	07.10.24 at 03:00 PM
Bid Opening Date & Time of Technical Part–I	08.10.24 at 03:00 PM
Bid Opening Date & Time of Financial Part–II	Will be intimated later
Procurement Officer and address for communication	General Manager (SLDC), 1st Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi, Jharkhand – 834002.

1. E-Tender document and BoQ including terms and conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (+91-7070816390) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

OFFICER INVITING BIDS:3

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (SLDC) JUSNL,Ranchi

PR 335786 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है हिंदी: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। हिंदी दिवस के अवसर पर आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में हिंदी में सुबह की प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी लोगों को हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक है। यह हमें हमारे समृद्ध इतिहास, साहित्य और परंपराओं से जोड़ती है। हिंदी दुनिया भर में करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाती है, जो इसे दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक बनाता है। हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाती है और हमें विश्व में एक अलग पहचान दिलाती है। हिंदी जनमानस और भावनात्मक भाषा है, जो लोगों के दिल को आसानी से छू लेती है। पूरे विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने का श्रेय एकमात्र हिंदी भाषा को ही जाता है। देश की आजादी के आंदोलन में भी हिंदी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा सुलेख, काव्य पाठ, कथा वाचन, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई और इन प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय ने कहा कि हिंदी का प्रयोग करना हीनता का प्रतीक नहीं है बल्कि यह हमारा गौरव है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भाषा के प्रति हमारा कर्त्तव्य है कि हमें हिंदी के विस्तार के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें इसका भरपूर सम्मान करना चाहिए। एक भारतीय होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हमें हिंदी के महत्त्व को बढ़ावा देना चाहिए। इस उद्देश्य को लेकर स्कूल में भाषण, निबंध,काव्य पाठ, कथा वाचन, संगीत और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन समय समय पर किया जाता है।

करम पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव बिंदा, बीजका, हरता, तिहारो, कुरुण, पाट, फकीराडीह मर्दा, जमौती भंडरिया के तेनटाड़ में आदिवासी महासभा के लोगों ने भी सरना रीती रीवाज से कर्म डाली का पूजा किया। दर्जनों गांवों में आदिवासियों का भाई-बहन का पर्व करम पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भादों एकादशी के दिन मनाये जाने वाला पर्व करम पर्व भंडरिया के नौका गांव स्थित परभन बाबा देव स्थल पर करम डाली गाड़ कर पुरे दिन उपवास रख कर, अपने-अपने भाईयों की दिर्घायु को लेकर विधिवत पूजा अर्चना कर कामना की गयी, साथ ही करम डाली के समक्ष अपने पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ पर्व से संबंधित गीत नृत्य प्रस्तुत कर अपने खुशी का इजहार किया। पूजा के मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री अरुणा शंकर, भंडरिया विधायक प्रभारी रामक्रेश चौरसिया, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा भाजपा नेता ज्योति पांडे को आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अरुणा शंकर के द्वारा विभिन्न गांवों से आये बैगा पाहन देवार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं अरुणा शंकर ने गीत नृत्य कर रही महिलाओं के साथ मांदर की थाप पर नृत्य किया और सभी को करम पूजा की शुभकामनाएं देते हुए करम पूजा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंदी सिंह, बिरजू सिंह, विनय सिंह, शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह, जीतन सिंह, वीरेंद्र सिंह, धनपत सिंह, विजय केसरी, अखलेश बैठा, मंटू केसरी आदि का नाम सराहनीय है।

करम पर्व पर मंत्री ने दिया धोती-साड़ी का उपहार

रंका (आजाद सिपाही)। प्रकृति के आराधना का पर्व करमा के अवसर पर रंका प्रखंड के 1500 रशिया - रोपनी भैया बहनों को मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से धोती साड़ी का उपहार दिया गया। इस संबंध में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने आजाद सिपाही को बताया कि करमा पर्व के अवसर पर मांदर बजाने वाले रशिया भैया और मांदर की थाप पर थिरकने वाली रोपनी बहनों के लिए मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा उपहार के रूप में 1500 धोती साड़ी का वितरण पंचायत और प्रखंड के झामुमो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। जिससे खासकर आदिवासी भाई बहनों में खुशी का माहौल है।

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड के चटनियां पंचायत में शनिवार को पंचायत भवन के प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीओ राकेश सहाय, प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मुखिया पूजा कुमारी, उप मुखिया लीलावती देवी, पंचायत सेवक शाहिद अंसारी व आम ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किए। चटनियां पंचायत में विभिन्न योजनाओं से जुड़े कूल 1476 आवेदन प्राप्त हुए। इस पंचायत में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना में 1080 आवेदन मिले हैं। मंईयां सम्मान योजना में 60, मुख्यमंत्री पशुधन योजना में 105, बिजली से जुड़े 1, राशन कार्ड के लिए 27, गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए 3, राजस्व व अन्य में 3, मनरेगा योजना में 77, पेंशन के लिए 66, स्वास्थ्य जांच 38, केसीसी के 3, कल्याण के लिए 4, शौचालय के लिए 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर संध्या देवी, कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पेंशन प्रभारी रहीम अंसारी, राशन कार्ड प्रभारी ओम प्रकाश, मुखिया प्रतिनिधि लल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

परिवर्तन संकल्प यात्रा झामुमो सरकार के भ्रष्ट चरित्र को उजागर करने का काम करेगी: कर्मवीर

गढ़वा जिले में परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर वर्चुअल बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा द्वारा परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर जिला मिडिया प्रभारी और झारखंड प्रदेश के पदाधिकारी के साथ वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें आगामी 21 और 22 सितंबर को गढ़वा जिले में परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह परिवर्तन संकल्प यात्रा झामुमो सरकार के भ्रष्ट चरित्र को उजागर करने का काम करेगी। इस यात्रा के माध्यम से भाजपा जन जन तक जायेगी। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर दायित्व का बंटवारा किया गया है।

वहीं परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि यह परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक के चाल चरित्र को उजागर करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्रा गढ़वा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए पुरे झारखंड सभी विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। गढ़वा जिले में कार्यक्रम की शुरूआत 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से 21 सितंबर को होगी। 22 सितंबर को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्रा का रथ यात्रा जन जन तक जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मिडिया प्रभारी शिवपुजन पाठक ने मिडिया की भुमिका के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मिडिया की अहम भूमिका होगी। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा जिले में परिवर्तन यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर योजना बनायी जा रही है।

परिवर्तन संकल्प यात्रा के दौरान पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। जिसमें बाबुलाल मरांडी, योगी आदित्यनाथ, भोजपुरी अभिनेता सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन सांसद निशीकांत दुबे जैसे वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान रोड शो और भव्य सभा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारों हजार लोग शामिल होंगे।

दानरो नदी के पुल पर फुटपाथ बनाने की मांग

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला टेंट डेकोरेटर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने दानरो नदी के पुल का होने वाले मरम्मत कार्य में फुट पाथ बनाने की मांग की है। उन्होंने स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मांग करते हुए कहा है कि दानरो नदी पर बना पूल जीर्णशीर्ण अवस्था में पहुंच चुका है। जिसका रिपेयरिंग होने वाला है। इसके पाए दो फिट करीब दोनो तरफ बाहर निकले है। जिसपर पांच फिट का पैदल पार रास्ते का निर्माण हो जाये, तो शहरवासियों के लिए बहुत ही राहत की बात होगी।

बिजली बिल का भुगतान नहीं होने से 4 वर्षों से था अंधेरा, सीएम ने किया माफ बिजली चालू, लोगों में खुशी

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के छोटका हांड़ी घाट टोला में बिजली बिल बकाया होने के कारण लगभग 4 वर्षों से पूरा टोला अंधेरा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के अरविंद मिश्रा के द्वारा युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के द्वारा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को इस समस्या से अवगत कराया गया। जिसमें मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संज्ञान में लिया और उनके निर्देश पर शनिवार को यह कहते हुए बिजली चालू किया गया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा बिजली बिल आप सबों का माफ कर दिया गया है और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के निर्देश पर बिजली चालू कराया गया है। इस बात को सुनने व बिजली की रौशनी देखते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

भवनाथपुर बस्ती के ग्रामीणों की सहमति के बिना बुका में टैग हुई राशन दुकान

कार्ड धारियों में रोष, पहुंचे प्रखंड कार्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। प्रखंड अंतर्गत भवनाथपुर बस्ती के सैकड़ों राशन कार्ड धारियों का जनवितरण प्रणाली का दुकान पांच किमी दूर बुका गांव स्थित शिवगंगा महिला स्वयं सहायता समूह में टैग किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम से मुलाकात कर आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिये आवेदन में लिखा है कि भवनाथपुर बस्ती से बुका की दूरी 5 किमी है। अधिक दूरी के कारण लाभुकों को राशन लेने जाने में परेशानी हो रही है, कई लाभुकों से दुकानदार ने राशन देने के नाम पर निर्धारित दुकान के बजाय अपने घर बुलाकर अंगूठा लगवा कर राशन कार्ड में भी चढ़ा दिया, लेकिन राशन नहीं दिया। राशन वितरण दुकानदार के कार्य प्रणाली और भवनाथपुर बस्ती से बुका की दूरी को देखते हुए राशन वितरण भवनाथपुर पंचायत भवन में कराया जाये। इस मौके पर वार्ड सदस्य लालबिहरी राम, विजय चंद्रवंशी, कपिल देव चंद्रवंशी, आशीष कुमार, बिगन ठाकुर, बुधन बैठा, मनोज कुमार, धंजय रजक, मया देवी, कमला देवी, मेत्री देवी, उषा, सुनीता देवी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

केतार प्रखंड में पानी से लबालब भरा सिंटेक्स जलमीनार फट कर गिरा, बड़ा हादसा टला

15वें वित्त और नल जल योजना से लगाये जा रहे जलमीनार की गुणवत्ता पर उठा सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदपुर के चारदीवारी से सटे हुए केतार कांडी कोल रोड के समीप 15वें वित्त से लगाया गया जलमिनार पर रखे सिंटेक्स पानी से लबालब भरा था। अचानक शनिवार की दोपहर सिंटेक्स फटकर नीचे गिर गया, जिससे जोर से आवाज आया। साथ ही पास-पड़ोस के लोग डर गये। स्थानीय नगीना वियार, नागेंद्र चंद्रवंशी, सोनू कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पानी सहित सिंटेक्स की आधा भाग इतना जोर से नीचे गिरा की 10 मीटर दूर कोई व्यक्ति रहता, तो भी बुरी तरह से घायल हो जाता। उसके समीप में रहता तो उसे कोई नहीं बचा पाता। विद्यालय में छुट्टी रहने के कारण बच्चे भी नहीं थे और न ही स्थानीय लोग ही मौजूद थे। अगर कोई भी व्यक्ति या बच्चा उस वक्त इस स्थान पर रहता तो बड़ी दुर्घटना होने से कोई नहीं बचा पाता। इस घटना से 15वें वित्त या नल जल योजना के द्वारा लगाये जा रहे जलमीनार की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। दुर्घटना के समय अगर कोई व्यक्ति या बच्चा इस स्थान पर रहता, तो इसका जवाबदेह कौन होता। इस घटना से 15में वित्त के द्वारा लगाये गये जलमिनार और नल जल योजना से लगाया जा रहे जलमीनार में हो रहे लूट की पोल खोल दिया है।

कैलान गांव निवासी सर्पदंश से घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान गांव निवासी अजय यादव पिता रामचंद्र यादव 35 वर्ष शनिवार के सुबह सर्पदंश से घायल हो गया। तत्काल उसे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अजय यादव शनिवार के सुबह जंगल में गया हुआ था, कि चलने की दौरान पैर में सर्प ने डंस लिया, जिससे वह घायल हो गया।

राज्य में हो रहे चौतरफा विकास से विरोधियों की बढ़ गयी है बेचैनी: मंत्री

रंका व मेराल के 400 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका व मेराल प्रखंड के विभिन्न गावों से 400 से अधिक महिला-पुरूषों ने भाजपा और अन्य दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मेराल प्रखंड के अरंगी, बौराहा, रंका प्रखंड के सिरोईखूर्द, मझिगावां, बाहाहारा, मानपुर, चटनमान, गासेदाग, गौरगड़ा आदि गावों के शामिल होने वाले लोगों को मंत्री श्री ठाकुर ने माला व पार्टी का पहनाकर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर की पुनः जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आजादी के बाद से सबसे पिछड़े क्षेत्र में गिने जाने वाले गढ़वा की अब पूरी तरह से तस्वीर बदल गयी है। गढ़वा अग्रणी जिलों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। काफी कम समय में गढ़वा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर हर रोज काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व किये गये वादे को वे एक-एक कर पूरा कर रहे हैं। साथ ही पूरे राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी वर्गों के लिए कई जनोपयोगी योजनाएं चला रहे हैं। जिससे पूरे राज्य की जनता लाभान्वित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद पहली बार वर्ष 2019 में झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। राज्य में हो रहे चौतरफा विकास से विरोधी बेचैन हो गये हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से रंका प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार यादव के नेतृत्व में प्रभु यादव, विरेंद्र यादव, चइतु भुईयां, हजारी राम, जयराम पासवान, अनिल पासवान, धनंजय परहिया, सूरज सोनी, समीर खान, हमीद खान, रविंद्र प्रजापति, बसु सिंह, महेंद्र सिंह, शंभु लाल, विश्वनाथ भुईयां, सुभाष रजक, विनोद ठाकुर, संजय ठाकुर, रामदेव बैठा, पुष्पा देवी, ममता देवी, मंजू देवी, जगन साव सहित 400 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, प्रियम सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संवेदक मनमानी ढंग से कर रहा काम : वीरेंद्र पाल

भंडरिया (आजाद सिपाही)। उत्तराखंड मुख्यालय स्थित राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय का संवेदक के द्वारा 9,10 और 11वीं कक्षा का बिल्डिंग रिपेयर का काम कुछ दिन से चल रहा है, जिसमें वाटर लेटर की ढलाई की जा रही है, नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा काम कर रहे हैं। राजमिस्त्री और लेबर से पूछा गया, ठेकेदार के द्वारा जो जैसे आर्डर है, मैं काम कर रहा हूं। इधर शिक्षा विभाग के इंजीनियर से पूछने पर उन्होंने बताया कि वाटर लेटर की ढलाई के ऊपरी भाग को हल्का तोड़कर ही ढलाई करना है, नहीं तो ढलाई उजड़ जायेगा, लेकिन संवेदक के द्वारा पूर्व के वाटर लेटर को बिना तोड़े ही ढलाई किया जा रहा है। इधर राजकीय कीर्ति प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र पाल से पूछने पर उन्होंने बताया कि संवेदक अपने मनमानी ढंग से कम कर रहा है संवेदक के द्वारा किसी प्रकार का हमको जानकारी नहीं दिया जा रहा है।

जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी गठित, अध्यक्ष अमित और मुकेश बने कोषाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण मे दिन शनिवार को कमेटी की सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक के दौरान जय बजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की सदस्यों द्वारा धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया तथा पूर्व की कमेटी को भंग करते हुए नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों और ग्रामीण जनता की सर्व सहमति से अमित कुमार बैठा को अध्यक्ष बनाया गया, जबकि उपाध्यक्ष अजीत बैठा, रतन प्रजापति को मनोनीत किया गया।

वहीं कोषाध्यक्ष मुकेश प्रजापति और उपकोषाध्यक्ष रामदेव यादव को चुना गया, जबकि राहुल कुमार यादव और वेद प्रकाश यादव को सचिव के रूप में नियुक्त किया गया, जबकि उप सचिव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, जयंत यादव को चैयनीत किया गया, मंत्री शुशील यादव, संजय यादव को महामंत्री प्रदेशी कुमार चंद्रवंशी, आशीष यादव, शशी यादव को बनाया गया। और महासचिव विमलेश चंद्रवंशी, कृष्णा प्रजापति चुना गया। संगठन मंत्री, राकेश बैठा को बनाया गया। संयोजक बुल्लू यादव को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। इस मौके पर जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमेटी की अध्यक्ष अमित कुमार बैठा ने कहा कि हनुमान मंदिर के परिसर में तीन वर्षो से दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है इस बार भी दुर्गा पूजा भव्य तरीके से और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाया जायेगा। इस दौरान सद्स्य के रुप में पवन यादव, अमन यादव, नमन यादव, राकेश यादव, बिनेश प्रजापति, सुबास यादव, रामकेश बैठा, गोपाल प्रजापति, शशिकांत यादव, राकेश प्रजापति, मुकेश बैठा चयनित किया गया। संजय यादव शिक्षक शशी यादव, मनोज यादव, जमुना बैठा रामा यादव, रामबचन यादव अनुज यादव को बनाया गया है ।

पुलिस की तत्परता से विफल हुआ पूर्व मेला संचालक का आत्मदाह का प्रयास

मेला लगाने की इजाजत नहीं मिलने से नाराज होकर पत्नी और बच्चे के साथ पहुंचा था आत्महत्या करने

पूजा कमेटी ने पूर्व संचालक से पैसे लेने सहित सभी आरोपितों को सिरे से किया खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। डिगवाडीह सर्कस मैदान में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव के दौरान शनिवार की दोपहर उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब पूर्व मेला संचालक पवन प्रजापति अपनी पत्नी और बच्चे के साथ आत्मदाह करने पहुंचा। पवन अपनी पत्नी व बच्चे के साथ निर्धारित समय पर मेला के समीप आत्मदाह करने जैसे ही पहुंचा पहले से तैनात जोड़ापोखर पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिससे पवन आत्मदाह करने में विफल रहा। उसे जोड़ापोखर थाना में लाकर पूछताछ की जा रही है। उधर, आत्मदाह की सूचना पर जोड़ापोखर पुलिस और अग्निशमन विभाग के दमकल वाहन पहले से ही गणेश मेला के समीप मुस्तैद दिखे। बतातें चलें कि आत्मदाह को लेकर पवन प्रजापति ने पहले ही घोषणा कर जिले के सभी आला अधिकारी को चेतावनी दे दी थी। पवन का आत्मदाह का फैसला पूजा कमेटी द्वारा मेला नहीं लगाने देने और कथित रूप से पैसे की ठगी करने को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन से न्याय नहीं मिलने से तंग आकर किया गया था। पवन को हिरासत में लेने से कुछ क्षण पूर्व बाइक से आ रहे एक व्यक्ति को पवन समझ कर पुलिस ने पकड़ लिया था। पूछताछ में डिगवाडीह निवासी भागीरथ सिंह मेला कमेटी का ही सदस्य निकला, जिसे बाद में छोड़ दिया गया।

उधर, पुलिस द्वारा पवन को हिरासत में लिये जाने के तुरंत बाद पूजा कमेटी के पदाधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन किया। जिसमें मेला कमेटी के सह सचिव दिनेश यादव ने कहा कि पवन प्रजापति द्वारा लगातार तीन वर्षो तक मेला का संचालन किया गया, पर पिछले वर्ष पवन ने फजीर्वाड़ा कर मेला की राशि हड़प ली थी। उसके दिए गए रकम का चेक भी बाउंस हो चूका है, जिसका केश भी चल रहा है। इसी कारण से इस वर्ष राकेश गोस्वामी को मेला लगाने दिया गया है। पवन ने जितने भी आरोप कमेटी पर लगाये हैं, वो निराधार है। उनन्होंने कहा की कमेटी की ओर से पवन के मामले को लेकर जोड़ापोखर थाना में लिखित शियाकत की गयी है। वहीं, मेला के एनओसी के सवाल पर दिनेश यादव ने कहा कि जमीन विवाद अशोक दत्ता और बिनोद मरांडी के बीच है, यह न्यायिक मामला है। पूजा कमेटी 15 दिन के लिए मेला लगाती है, जिसके लिए दोनों पक्षों से मेला लगाने का एनओसी ली जा चुकी है। जमीन विवाद से मेला कमेटी का कोई लेना देना है। वहीं, जमीन मालिक बिनोद मरांडी ने कहा कि जिस जगह पर मेला लगा है, वह हमारी रैयती जमीन है। पवन ने जो भी आरोप लगाया है वह बेबुनियाद है। वह फर्जी एग्रीमेंट का कागजात दिखा रहा है। उससे किसी भी तरह का एग्रीमेंट नहीं किया गया है। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष जगजीवन राम, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एमके ठाकुर, सचिव मोहन यादव, सह सचिव दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष उज्जवल मंडल, मातु पाण्डेय और गोगा पांडेय आदि मौजूद थे। उधर, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पवन प्रजापति द्वारा आत्मदाह की कोशिश करने पर नए कानून की तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 226 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

यह है पूरा है मामला

डिगवाडीह सर्कस मैदान स्थित गणेश महोत्सव में पवन प्रजापति पिछले तीन वर्षो से मेला लगा रहा था। पर पूजा कमेटी ने इस बार मेला संचालन पवन प्रजापति को नहीं देकर राकेश गोस्वामी को दे दिया। इसी बात को लेकर पवन और पूजा कमेटी में विवाद इतना गहरा गया की आत्मदाह की नौबत तक आ गई। पवन का आरोप है कि मेला लगाने के लिए पूजा कमेटी को बतौर एग्रीमेंट पांच लाख रुपए जमीन मालिक को दिया था, ताकि 2031 तक बिना विवाद के सुनियोजित ढंग से मेला लगा सके। जबकि पूजा कमेटी ने कहा कि इस तरह का कोई एग्रीमेंट पवन के साथ नहीं किया गया है। पवन द्वारा पिछली बार का भुगतान भी नहीं करने पर मेला का संचालन राकेश गोस्वामी को दिया गया।

500 क्यूबिक फीट अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

धनबाद (आजाद सिपाही)। डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में जिला खनन टास्क फोर्स ने शुक्रवार की रात 12.30 बजे अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया। इसमें खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, गोविंदपुर सीओ एवं सरायढेला थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार, संतु मांझी और उपेन्द्र यादव आदि शामिल थे। जांच के कम में कल्याण ज्वेलर्स के समीप मेन रोड पर गोविंदपुर की ओर से आ रहे एक हाइवा को पकड़ा गया, जिसपर 500 क्यूबिक फीट बालू लदा था। पूछताछ करने पर वाहन चालक असलम अंसारी (22) और खलासी महानंद राय (19) ने बालू से संबंधित परिवहन चालान से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सका। चालक ने एसडीओ को बताया कि उक्त बालू को बैजड़ा बालू घाट से अवैध खनन एवं चोरी कर लाया गया है। इसके बाद जब्त वाहन, चालक और खलासी को अग्रेतर कानूनी कार्रवाई के लिए सरायढेला थाना को सौंप दिया गया।

नाचते-गाते भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

धनबाद (आजाद सिपाही)। मनईटांड़ बैंक कालोनी के हरि मंदिर स्थित श्रीश्री गणेश पूजा समिति ने आकर्षक पंडाल का निर्माण कर चार दिवसीय गणपति उत्सव आयोजित किया था, जिसके अंतिम दिन रामगढ़ के सनामी ताशा बैंड ने मनमोहन गीत प्रस्तुत किया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और झूमे। शुक्रवार की रात विसर्जन के दौरान जमकर पटाखे फोड़े गये। समिति के कोषाध्यक्ष रवि सोनी ने बताया कि इस बार गणेश पूजा धूमधाम से आयोजित किया गया। जिसमें लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग मिला। वहीं, सप्पू महतो ने बताया कि विधि विधान से पूजा कार्यक्रम के बाद प्रत्येक दिन भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूजा के सफल आयोजन में सोनू सिंह, विकाश भगत, दीपक प्रमाणिक, मनीष साह, शुभम साह और पीयूष सिंह आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

महत्वपूर्ण न्यूज

पांच बच्चों को किया गया रेस्क्यू

धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में ऑपरेशन वात्सल्य चलाया जा रहा है। इसके तहत धनबाद डालसा के ऑपरेशन वात्सल्य से पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी कड़ी में एक बार फिर नशे की हालत में धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 से नशे के शिकार 13 साल की एक बच्ची को पीएलवी अरविंद कुमार और प्राणनाथ ने रेस्क्यू किया है। बच्ची डेंड्राइड ग्लू का नशा कर रही थी। जिसे सोये हुए अवस्था में पाया गया है। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि बच्ची का मेडिकल कराया जाएगा, जिसके बाद उसे बालिका गृह भेजा जाएगा। डालसा सचिव ने कहा कि बच्ची ने बताया कि उसके माता-पिता कचरा चुनने का काम करते हैं। वह खुद स्टेशन पर ही जीवन व्यतित करती है। वह डेंड्राइड ग्लू लाने के लिए ट्रेन से आसनसोल जाती है। आसनसोल स्टेशन के बगल में ही 50 रुपए में आसानी से नशे के लिए सॉल्यूशन डेंड्राइट ग्लू जैसी चीजें मिल जाती हैं। डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि नशाखोरी में लिप्त बच्चों को पुलिस सीडब्ल्यूसी, चाईल्ड हेल्पलाइन की सहायता से रेस्क्यू कर रही है, जिन्हें बाद में डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जाता है।

कुसुंडा महाप्रबंधक ने किया राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ

धनबाद (आजाद सिपाही)। राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ कुसुंडा क्षेत्र के मटकुरिया क्लब में हुआ। जिसका शुभारंभ कुसुंडा महाप्रबंधक प्रणव दास ने किया। राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर के चित्रपट पर मालाअर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह, कोयला मंत्री किशन रेड्डी, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद,अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया एवं महाप्रबंधक कार्मिक बीसीसीएल के संदेश का वाचन किया गया। महाप्रबंधक ने सभी कर्मियों एवं अधिकारियों को संबोधित कर सत प्रतिशत काम हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक, कुसुंडा क्षेत्र के पुनेश्वर पासवान क्षेत्रीय प्रबंधक कर्मी, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन एके सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधन वित्त सुनील कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक भू संपदा एसराय, वरीय प्रबंधन कार्मिक योगीता सकलानी, प्रबंधक कार्मिक प्रशासन अतुल शर्मा, प्रबंधक कर्मिक चंद्र प्रकाश, प्रबंधक कार्मिक आनंद प्रकाश, प्रबंधक कार्मिक पल्लवी, प्रबंधक कार्मिक अरुण वर्मा, सहायक प्रबंधक कार्मिक अभिषेक कुमार, कार्यालय अधीक्षक राजभाषा सूर्यदेव सिंह आदि मौजूद थे।

वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

कथारा (आजाद सिपाही)। कथारा ओपी पुलिस की ओर से चलाए जा रहे सड़क जाम हटाओ विशेष अभियान से क्षेत्र के दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। ओपी प्रभारी खुद कथारा मोड़ को जाम मुक्त बनाने में लगे हैं। इसे लेकर लगातार गलत ढंग से पार्किंग किए जाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम कथारा मोड़ से लेकर गोकुल स्वीट तक बेतरतीब ढंग से लगाए गए दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के खिलाफ कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति द्वारा कार्रवाई की गई। जिसके तहत दर्जनों दो पहिया एवं एक चार पहिया वाहनों की सूची जिला परिवहन कार्यालय को भेज दिया गया है। जांच दल में ओपी प्रभारी प्रजापति के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार चौरसिया व पुलिस बल की उपस्थिति रही। इस संबंध में ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति ने बताया कि सड़क जाम की समस्या यहां लगी रहती है। मुख्यमंत्री के ललपनिया के कार्यक्रम से लौटने के क्रम में देखा कि यहां बेतरतीब ढंग से लगाए गए वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। जिसके देखते हुए उक्त कार्रवाई की गई।

दुष्कर्म पीड़ित परिवार से मिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

नाबालिग से दुष्कर्म के नौ दिन बाद भी आरोपित पुलिस की पकड़ से दूर

झरिया के कोईरीबांध में दलित युवती से पांच सितंबर को हुआ था दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रतिनिनधिदल।

धनसार। झरिया थाना क्षेत्र के कोईरीबांध में विगत पांच सितंबर को दलित किशोरी से हुई दुष्कर्म की घटना में शामिल आरोपितों को पुलिस नौ दिन बीत जाने के बाद भी पकड़ नहीं पाई है। इससे पीड़ित परिवार जहां डरा-सहमा हुआ है वहीं, स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इसी बीच शनिवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के एक प्रतिदिनधल पीढ़ित परिवार से मिला और आरोपी को सजा दिलाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने कहा कि दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना घटती है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इससे पुलिस की नाकामी साफ झलकती है। अगर पुलिस कार्वाई नहीं करती है तो हमलोग सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगें वहीं, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि अभी तक ना तो होटल संचालक पर कोई काईवाई हुई है ना ही आधार कार्ड बनाने वाले पर कोई एक्शन लिया गया। यही हाल रहा तो पुलिस के खिलाफ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगा। पुलिस दो दिनों के अंदर आरोपी गायत्री को गिरफ्तार करे नहीं तो आंदोलन होगा। मौके पर जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया, बलराम हरि, बासुदेव ऋषि, रंजीत दास, निमाई कुमार, बैजनाथ भुइंया मौजूद थे।

बीएसएल में स्वच्छता ही सेवा और 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत हुआ वृक्षारोपण

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी व अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता द्वारा बीएसएल के माइंस क्षेत्र के दौरे के क्रम में मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान के मेघालय गेस्ट हाउस में स्वच्छता ही सेवा और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसी क्रम में बोकारो के सेक्टर 6 स्थित सिटी कॉलेज मुख्य गेट के सामने बीएसएल के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (सीइडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार और बीएसएल के वरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बेरमो में दो दुकानों में चोरी का प्रयास

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना क्षेत्र के बीडीओ ऑफिस रेलवे क्रॉसिंग के पास चोरों ने दो दुकानों में चोरी का असफल प्रयास किया। चोरों ने शुक्रवार की देर रात चोरी की नियत से दुकानों में प्रवेश किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। चारों ने फुसरो से जाते वक्त रेलवे क्रॉसिंग पार करने के बाद कांतु अग्रवाल की दुकान और गोदाम के छत की सीट तोड़ दी। पर नीचे ग्रील लगे होने से चोरी करने में कामयाबी नहीं मिला। फिर चोरों ने ताला तोड़ने की कोशिश की। लेकिन ताला के साथ इंटरलॉक लगे रहने के कारण कामयाबी नहीं मिली। इसके अलावा कैलाश मंडल के चाय की दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। पर उसमे भी कामयाबी नहीं मिली। कांतु अग्रवाल शनिवार की सुबह नौ बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो घटना के बारे में जानकारी हुई। वहीं, कैलाश मंडल तड़के 4.30 बजे दुकान खोलने आया तो देखा कि उसकी दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश की गई थी। दोनों दुकानदारों ने बताया कि मुख्य सड़क होने के कारण चोरों ने ताला तोड़ने का ज्यादा प्रयास नहीं किया होगा। हालांकि दुकान में इंटरलॉक लगा हुआ है। इससे चोरों को कामयाबी नहीं मिलती। दोनों दुकान के पास में ही लगा हुआ सीसीटीवी फुटेज द्वारा चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। खबर लिखे जाने तक दुकानदारों ने बेरमो थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है।

बागडिगी के विस्थापितों को मूलभूत सुविधा के साथ पुनर्वास नहीं मिला तो बस्ती का एक भी घर खाली नहीं होगा: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। बीसीसीएल प्रबंधन बागडिगी कोलियरी के आसपास रह रहे विस्थापितों को जबरदस्ती विस्थापित करना चाह रही हैं। जिससे बस्ती के लोगों में बीसीसीएल के प्रति आक्रोश है। बस्ती के लोगों ने विस्थापन से संबंधित सूचना भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह को दी। सूचना मिलती है रागिनी सिंह बागडिगी कोलियरी पहुंच गयीं और विस्थापितों से वार्ता की। इसमें जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के नेता मुंद्रिका पासवान, रविकांत पासवान, बबलू पासवान सहित काफी संख्या महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन मनमानी कर रहा है। बीसीसीएल प्रबंधन प्रशासन के बल पर लोगों को हटाना चाहती है। प्रबंधन बिना किसी को बताए डोजर और पुलिस बल के साथ पहुंच कर लोगों को डरा धमका रही है। बीसीसीएल की यह मनमानी नहीं चलेगी। मूलभूत सुविधाओं के साथ ही लोगों के हटाए। जब तक लोगों को मूलभूत सुविधा नहीं मिलती बीसीसीएल किसी कीमत पर बस्ती खाली नहीं कर सकती।

पारंपरिक करम गीतों से गूंजा बागदाहा का बिनोद बिहारी स्टेडियम

आइज रे करम गोसाई घारे दुआरे कायल रे करम गोसाई, कास नदी के पारे...

270 दलों की 3000 से अधिक करमैती बहनों ने दी करम प्रस्तुति

आजाद सिपाही संवाददाता

राजगंज। आइज रे करम गोसाई घारे दुआरे कायल रे करम गोसाई कास नदी के पारे, भाई मेरो बढतो लाखों बारिस, काशी फूटले बेलौधंर हो कि भादो रे मासे, मत छेडिया हो बहिनी करमा बरतिया आदि पारंपरिक करम गीतों से बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम दिनभर गूंजायमान होता रहा। इसमें धनबाद राजगंज, बरवाअड़ा, कतरास, सिजआ, गोमो, तेतुलमारी, तोपचांची, टुंडी पूर्वी टुंडी, हरलाडीह, मनियाडीह, पीरटाड आदि जगहों से करीब 270 दलों की 3000 से अधिक करमैती बहनों ने करम प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो, जिला परिषद सदस्य वाणी देवी, कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष हलधर महतो व सदानंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। इसमें झारखंड के खोरठा कलाकार सुप्रसिद्ध गायक मनोज देहाती, गायक मिलन दास और रेवती महतो ने अपनी पूरी टीम के साथ झारखंड की संस्कृति को बागदाहा में उतार दिया। इस अवसर पर वाणी देवी ने कहा कि भाई के लिए यह बड़ा अटूट पर्व है। वहीं, जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि झारखंड की संस्कृति को बचाने का एक सुंदर पहल है। हलधर महतो ने कहा कि करम परब भादो मास में मनाया जाता है, इसके लिए 9 दिन तक करमैती बहने इसका पालन करती है। हम अपनी भाषा और पर्व को बड़े दूमदाम से मनाते हैं। उधर, सदानंद महतो ने कहा कि प्रत्येक वर्ष बागदाहा में ऐसा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसकी शुरूआत पूर्व विधायक स्वर्गीय राजकिशोर महतो ने किया था। इस मौके पर धनंजय महतो, शेखर महतो, दिलीप रवानी, मनोज हंसना, नरम महतो, रामचंद्र महतो, रेवती रमण, दिलीप महतो, सोनाराम महतो, पूर्णिमा देवी, खुशबू कुमारी, रीना शर्मा, अनुराधा कुमारी, गीता देवी, आशा देवी, बसंती देवी और रंजू देवी आदि मौजूद थे।

मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने किया परिचालन ठप

निरसा (आजाद सिपाही)। निरसा के पांडरा गांव निवासी कीर्तन धीवर नामक डिलीवरी बॉय शनिवार को अपनी बाइक से डिलीवरी का बैग लेकर खुदिया फाटक होते हुए गुजर रहा था, तभी हाईवा की चपेट में आ गया। हालांकि इस दुर्घटना में कीर्तन को हल्की चोट लगी पर उसकी बाइक एवं बैग में रखा डिलीवरी का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। इसकी सूचना कीर्तन धीवर के गांव के लोगों को मिली तो वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गये और मुआवजे की मांग को लेकर हाइवा का परिचालन पूरी तरह से ठप कर दिया। इसकी खबर पाकर पूर्व मुखिया रॉबिन धीवर भी पहुंच गये। उन्होंने बताया कि एमपीएल के अंतर्गत चलने वाले हाईवा का परिचालन ग्रामीण सड़क पर होता हैय। इसके लिए एमपीएल ने वैकल्पिक सड़क का निर्माण नहीं किया है जिस कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां के जनप्रतिनिधि भी नहीं चाहते कि वैकल्पिक सड़क का निर्माण हो क्यूंकि एमपीएल से जनप्रतिनिधियों को भी काफी फायदा है।

किट डीम्ड यूनिवर्सिटी का 20वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

युवा राष्ट्र के परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। देश चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को 'विकसित भारत' में बदलने का लक्ष्य रखा है। अनुमान है कि 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने 14 सितंबर 2024 को किट डीम्ड यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर के 20वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 2024 के बैच को संबोधित करते हुए कहा। किट के छात्रों ने न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि खेल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि संस्थान के कई छात्रों ने ओलंपिक में भाग लिया है, जिससे देश को गौरवान्वित किया है। डॉ अच्युत सामंत ने ऐसे व्यावसायिक और उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना में अद्वितीय काम किया है। उन्होंने शिक्षा को सशक्तीकरण के एक उपकरण के रूप में प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है, जिससे वंचित लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने में मदद मिली है, दास ने कहा। राज्यपाल ने स्नातक छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, आज युवा देश में बदलाव का नेतृत्व कर रहे हैं। वे इनोवेशन और स्टार्ट-अप में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। स्टार्टअप इकोसिस्टम में भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है। वे यूनिकॉर्न बना रहे हैं और लाखों लोगों को अवसर प्रदान कर रहे हैं। हमारे युवा न केवल अपना करियर संवार रहे हैं, वे देश के भविष्य को भी आकार दे रहे हैं। वे नौकरी मांगने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बन रहे हैं। वर्चुअली अपने दीक्षांत भाषण में सुश्री ओलेक्सांद्रा मात्विचुक ने कहा, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता (2022) यूक्रेन ने कहा कि किट कम समय में भारत और विश्व स्तर पर सबसे प्रमुख संस्थानों में से एक बन गया है। संस्थानों के निर्माण में अच्युत सामंत का उदाहरण और असमानताओं को कम करने में उनके प्रयास मुझे एक सरल सत्य की याद दिलाते हैं-आम लोगों का बहुत अधिक प्रभाव होता है जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। सामान्य लोग असाधारण काम कर सकते हैं। दीक्षांत समारोह में 7283 छात्रों ने डिग्री प्राप्त की। इनमें 5455 स्नातक, 1597 परास्नातक और 186 पीएचडी उपाधियां शामिल हैं। किट और किस के संस्थापक अच्युत सामंत ने छात्रों को जोखिम लेने, असफल होने, सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा, हमेशा 3 आई को ध्यान में रखें: आइडिया, इनोवेशन और इम्पैक्ट। ये तीनों आपके भविष्य और आपके आस-पास की दुनिया को आकार देंगे," उन्होंने अपने संदेश में छात्रों से कहा।

टाटा स्टील मेरामंडली ने किया इमरजेंसी मॉल ड्रिल का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने अपने कोक ओवन गैस सीढ़ी पर एक आपातकालीन मॉल ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित की है। इस ड्रिल में प्लेट की आपातकालीन स्थिति के लिए एक कृत्रिम गैस रिसाव बनाया गया था। इस ड्रिल को एर सहित प्रमुख हितधारकों ने देखा। पुष्पमित्र जेना कारखानों और बॉयलरों के सहायक निदेशक ढेंकानाल क्षेत्र, संगीता दास जिला आपातकालीन अधिकारी, ढेंकानाल, प्रशांत धल जिला अग्निशमन अधिकारी, ढेंकानाल, और ढेंकानाल जिला संकट समूह के सदस्य, जिनमें जीएमआर, नव लिमिटेड, रिमझिम, एमजीएम, रूंगटा और जेपीएसपीएल जैसे स्थानीय उद्योगों ने ड्रिल में भाग लिया।

इस अवसर पर विलास एन गायकवाड़ मुख्य सुरक्षा, हरपनहल्ली महेश बाबू प्रमुख एसएमएस और एलसीपी, विरेंद्र सिंह प्रमुख कोक प्लांट्स, अनूप श्रीवास्तव प्रमुख पर्यावरण, कुमार वरुण प्रमुख प्रक्रिया सुरक्षा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित टीएसएम के वरिष्ठ अधिकारियों ने अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लिया। ड्रिल के बाद, साइट इंसीडेंट कंट्रोलर, कॉम्बैट टीम लीडर, रेस्क्यू टीम लीडर और सहायक टीम लीडर द्वारा एक विस्तृत ब्रीफिंग प्रदान की गयी। उद्योग के प्रतिनिधियों और मेहमानों ने वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों की तैयारी में इस तरह के अभ्यास के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर देते हुए अभ्यास की दक्षता और प्रभावशीलता की सराहना की। ओड़िशा कारखाने (प्रमुख दुर्घटना खतरों का नियंत्रण) नियम, 2001 के अनुसार, छह महीने में एक बार जिला संकट समूह (डीसीजी) स्तर की मॉक ड्रिल आयोजित करना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को ओड़िशा में: पीएमएवाइ के साथ 'सुभद्रा', रेलवे और एनएच परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

- (1) प्रधानमंत्री सुभद्रा का शुभारंभ करेंगे
- (2) ?2800 करोड़ की रेलवे परियोजनाएं
- (3) ?1000 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं
- (4) प्रधानमंत्री आवास योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को ओड़िशा में होंगे, जहां वे पीएमएवाई के साथ-साथ 'सुभद्रा योजना', रेलवे और एनएच परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री 'सुभद्रा' योजना का शुभारंभ करेंगे, जिसके तहत 21-60 वर्ष की आयु के सभी पात्र लाभार्थियों को 2024-25 से 2028-29 के बीच 5 वर्षों की अवधि में 50,000 रुपये मिलेंगे। दो समान किस्तों में प्रति वर्ष 10,000 रुपये की राशि सीधे लाभार्थी के आधार-सक्षम और डीबीटी-सक्षम बैंक खाते में जमा की जायेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री 10 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में धन हस्तांतरण की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री भुवनेश्वर में 2800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन रेलवे परियोजनाओं से ओड़िशा में रेलवे का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और क्षेत्र में विकास और संपर्क में सुधार होगा। वह 1000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री लगभग 14 राज्यों के पीएमएवाई-जी के तहत लगभग 13 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान देश भर के पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) के 26 लाख लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री पीएमएवाई (ग्रामीण और शहरी) लाभार्थियों को उनके घर की चाबियां सौंपेंगे। वह पीएमएवाइ-जी के लिए अतिरिक्त घरों के सर्वेक्षण के लिए आवास+ 2024 ऐप भी लॉन्च करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) 2.0 के परिचालन दिशा-निर्देश भी लॉन्च करेंगे।

पीएम कल गुजरात को देंगे 8000 करोड़ की सौगात

कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिनों की यात्रा पर रहेंगे। 15 सितंबर को झारखंड के बाद वह गुजरात और ओड़िशा जायेंगे। उनका 16 सितंबर को अहमदाबाद और 17 सितंबर को भुवनेश्वर में कार्यक्रम है। रविवार को प्रधानमंत्री झारखंड दौरे के बाद अहमदाबाद के लिए रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री 16 सितंबर को सुबह करीब 09:45 बजे गांधीनगर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इसके बाद सुबह करीब 10:30 बजे वह गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इनवेस्ट) का उद्घाटन करेंगे। दोपहर लगभग 1:45 बजे, प्रधानमंत्री अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन करेंगे और खंड-1 मेट्रो स्टेशन से गिफ्ट सिटी मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो की सवारी करेंगे। वह अहमदाबाद में दोपहर करीब 3:30 बजे 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री गांधीनगर में

गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में री-इन्वेस्ट 2024 का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम नवीकरणीय ऊर्जा निर्माण और उपयोग में भारत की प्रभावी प्रगति पर प्रकाश डालेगा। यह एक ढाई दिवसीय सम्मेलन होगा जिसमें दुनिया भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन में भारत की 200 गीगावाट से अधिक स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता की उल्लेखनीय उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा। **30 मेगावाट की सौर प्रणाली का उद्घाटन करेंगे :** कच्छ लिग्नाइट थर्मल पावर स्टेशन, कच्छ में 35 मेगावाट की बीईएसएस सोलर पीवी परियोजना का उद्घाटन करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के सिंगल विंडो आइटी सिस्टम (एसडब्ल्यूआइटीएस) का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 30,000 से अधिक घरों को मंजूरी देंगे और इन घरों के लिए पहली किस्त जारी करेंगे। भुज से अहमदाबाद तक भारत की पहली वंदे मेट्रो और नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली सहित कई वंदे भारत ट्रेनों एवं वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20-कोच वाली वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायेंगे।

भुवनेश्वर में अपार्टमेंट से 500 ग्राम सोना की लूट

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक चौंकाने वाली घटना में, शनिवार को भुवनेश्वर में एक अपार्टमेंट से 500 ग्राम सोने की लूट की खबर मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, लूट की यह घटना भुवनेश्वर के चंदका थाना क्षेत्र में हुई। बदमाशों ने आधा किलो सोना और 10,000 रुपये नकद लूट लिए हैं। यह लूट राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के पूर्व मुख्य वैज्ञानिक नारायण परिदा के आवास पर हुई है। नारायण अपने बेटे से मिलने यूरोप गए थे, जहां 11 सितंबर की रात को उनके घर में लूट हो गई। 12 सितंबर की सुबह घर के केयरटेकर ने पुलिस को सूचना दी। नारायण परिदा आज ही यूरोप से वापस आए हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अपार्टमेंट में लूट हो गयी। इससे पहले 12 अप्रैल को भुवनेश्वर अपार्टमेंट में लूट की घटना हुई थी। लूट में 10 लाख रुपये के सोने के जेवरात लूट लिए गये थे। खबरों के मुताबिक ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के रघुनाथपुर इलाके में एक अपार्टमेंट में लुटेरों ने घुसकर लूटपाट की और 10 लाख रुपये के सोने के गहने लूट लिए। नंदनकानन पुलिस और वैज्ञानिक टीम मौके पर पहुंच गयी है और भुवनेश्वर अपार्टमेंट में हुई लूट के संबंध में विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

SHIV MARBLE & GRANITE
Manufacturer & Supplier
Deals In :
- Tiles
- Marbles
- Granites
- Marbles Slabs
- Tiles Kota Stone & All Floor Items

Call Us : 77810 00527, 88909 74000
Argora Kathal More, Road, Dipatoli Chowk, Pundag, Ranchi - 4

पुरी जगन्नाथ मंदिर 15 सितंबर को शाम 5 बजे से 8 बजे तक बंद रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पुरी जगन्नाथ मंदिर में भाद्रपद शुक्ल द्वादश रविवार यानि 15 सितंबर को मनाया जायेगा। इसके लिए मंदिर में बामन जन्म अनुष्ठान किया जायेगा। मध्याह्न धूप के बाद अनुष्ठान किया जायेगा। इसलिए शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक सार्वजनिक दर्शन बंद रहेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा में लीन होकर करवट बदलते हैं। इसके कारण भगवान विष्णु की मुद्रा बदल जाती है। इसलिए इस दिन का नाम ऐसा रखा गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन व्रत और पूजा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और घर-परिवार में किसी प्रकार का विघ्न नहीं आता। उल्लेखनीय है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) 18 सितंबर को पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का निरीक्षण करेगा, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने यह जानकारी दी। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक जान्हवीज शर्मा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय एएसआई दल निरीक्षण करेगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि 12वीं सदी के इस मंदिर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड़ा है।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

भगवान बिरसा मुण्डा की पावन धरती पर
श्री नरेन्द्र मोदी जी
का हार्दिक
आभिनंदन
देवेंद्र सिंह
पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सह
पूर्व पश्चिम विधानसभा प्रत्याशी
भाजपा महानगर जमशेदपुर झारखण्ड

जोहार झारखंड
भगवान बिरसा मुण्डा की
पावन धरती पर यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
का हार्दिक
आभिनंदन
चिंटू सिंह
संस्थापक-सनातन उत्सव समिति जमशेदपुर, झारखण्ड

प्रकाशन
Verma's
वर्मा गेस
CLASS - X
2025
मूल्य ₹290 मात्र
बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
बोर्ड परीक्षा के लिए
VERMA PRESS PVT. LTD.
Hindi, English, Mathematics, Science, Social Science and Sanskrit
All Subjects Combined in ONE BOOK

टाटा–पटना वन्दे भारत के उद्घाटन हेतु

स्थान : टाटानगर रेलवे स्टेशन
दिनांक : 15 सितम्बर 2024
दिन : रविवार

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री

श्री नरेन्द्र मोदी जी

के जमशेदपुर आगमन
पर हार्दिक स्वागत एवं

अभिनंदन...

विनोद राय

युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता

ईचागढ़ विधान सभा

ईचागढ़ की एक ही राय, विनोद राय, विनोद राय

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**